रांची का तापमान
कांके: अधिक. 32.0°, न्यून. 24.6°
रांची: अधिक. 31.2°, न्यून. 23.6°
रांची, बुधवार
28 मई 2025
वर्ष-26, अंक-115, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल के 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी

# गीतांजलि बनी स्टेट टॉपर

**इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं का रहा दबदबा**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को जारी कर दिया। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप-5 विद्यार्थियों में से सात इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60 प्रतिशत (493 अंक) के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं। वह गढ़वा जिले की रहने वाली हैं।

जैक के 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम मंगलवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से जारी किया। मौके पर उन्होंने 10वीं की बेहतर रिजल्ट पर खुशी प्रकट की। साथ ही, उन्होंने सभी टॉपर और उतीर्ण हुए छात्र-छात्राओं, उनके शिक्षक और अभिभावकों को बधाई दी और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टॉपर रहे छात्र-छात्राओं के विद्यालयों के प्रबंधन और शिक्षकों ने भी सफल परीक्षार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैक ने इस बार राज्य के टॉप-5 परीक्षार्थियों की जो सूची जारी की है, उसमें कुल 12 छात्राएं और 2 छात्र शामिल हैं। गीतांजलि 98.60 प्रतिशत अंकों के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं, 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ सेकेंड टॉपर बने छात्र-छात्राओं में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ के अमर कुमार शामिल हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी तथा प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर के विकास प्रमाणिक ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में थर्ड टॉपर होने का गौरव हासिल किया है।

शेष पेज 11 पर





गीतांजलि

98.60 %

**इस बार बेहतर रिजल्ट :** 10वीं का रिजल्ट पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बेहतर रहा है। इस बार 91.71 प्रतिशत बच्चे उतीर्ण हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष 90.39 प्रतिशत बच्चे ही उतीर्ण हुए थे। टॉप टेन में कुल 62 विद्यार्थियों में केवल 19 छात्र हैं, जबकि शेष छात्राएं हैं। इस बार पुन: कोडरमा जिला टॉप पर रहा। यहां के कुल 96.83 प्रतिशत छात्र उतीर्ण हुए हैं, जबकि सबसे खराब प्रदर्शन पश्चिमी सिंहभूम जिले का रहा। यहां से इस बार 80.41 प्रतिशत छात्र ही उतीर्ण हो सके हैं।

## संथाल का रहा सबसे उत्कृष्ट रिजल्ट, 94.34 प्रतिशत बच्चे उतीर्ण

**रांची।** जैक 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में इस बार पांचों प्रमंडलों में से सबसे उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम संथाल परगना का रहा। यहां का रिजल्ट 94.34 प्रतिशत रहा। सबसे खराब स्थिति कोल्हान प्रमंडल की रही। यहां मात्र 85.78 प्रतिशत बच्चे ही परीक्षा में उतीर्ण हो सके। दक्षिणी छोटानागपुर रांची प्रमंडल के 87.30 प्रतिशत बच्चे उतीर्ण हुए, जबकि उत्तरी छोटानागपुर का रिजल्ट 93.55 प्रतिशत तथा शेष पेज 11 पर

## रिजल्ट में कोडरमा जिला अव्वल

| जिला | रिजल्ट (प्रतिशत में) |
|---|---|
| कोडरमा | 97.831 |
| पाकुड़ | 96.830 |
| जामताड़ा | 96.337 |
| लातेहार | 96.268 |
| साहेबगंज | 96.236 |
| बोकारो | 95.782 |
| हजारीबाग | 94.644 |
| पलामू | 94.092 |
| देवघर | 94.014 |
| दुमका | 93.923 |
| गिरिडीह | 93.392 |
| चतरा | 92.443 |
| धनबाद | 91.550 |
| गोड्डा | 91.484 |
| गढ़वा | 90.450 |
| पूर्वी सिंहभूम | 90.115 |
| रामगढ़ | 89.228 |
| सिमडेगा | 88.436 |
| खूंटी | 88.005 |
| गुमला | 87.846 |
| रांची | 87.323 |
| सरायकेला | |
| खरसावां | 85.030 |
| लोहरदगा | 84.437 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 80.412 |

## गढ़वा की बेटी बनी स्टेट टॉपर डॉक्टर बन करना चाहती है सेवा

**हजारीबाग/गढ़वा।** इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की होनहार छात्रा गीतांजलि ने जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा 2025 में 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। गीतांजलि ने संगीत और विज्ञान में 100 में से 100 अंक लाकर कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से सफलता की अद्भुत मिसाल पेश की है। गीतांजलि का कहना है कि नियमित पढ़ाई और समय प्रबंधन उनकी सफलता की कुंजी रही। पढ़ाई के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया और अन्य परेशान करने वाले तत्वों से दूरी बनाए रखी। उन्होंने पढ़ाई को ही अपनी प्राथमिकता में रखा। गीतांजलि के पिता उमेश पाल एक सामान्य मध्यम वर्ग से हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। सीमित संसाधनों में भी परिवार ने गीतांजलि को एक सकारात्मक माहौल और प्रेरणा दी। शेष पेज 11 पर

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी सफल विद्यार्थियों को बधाई

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 10वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि में सहभागी रहे और मार्गदर्शन देने वाले सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी हार्दिक बधाई दी। सोशल मीडिया 'एक्स'





पर राज्यपाल ने लिखा है, मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में सफल शेष पेज 11 पर

### नायशा को राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड में स्वर्ण

**रांची।** नायशा सरकार ने देहरादून स्थित सेंट जोसेफ्स एकेडमी में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड 2025 में अंडर-17 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया है। वह सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, जमशेदपुर की छात्रा है। इस जीत के बाद नायशा को जून 2025 में कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में सीआईएससीई बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है।

### मुख्यमंत्री की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक स्थगित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर मंगलवार को होने वाली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## रांची जिला मुख्यालय में झामुमो ने किया धरना-प्रदर्शन, कहा

# सरना धर्म कोड नहीं, तो झारखंड में जनगणना नहीं

» सरना धर्म कोड को लेकर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** सरना धर्म कोड (आदिवासी धर्म कोड) की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार को रांची जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं संचालन में धरना-प्रदर्शन संपन्न हुआ।मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा, राज्य की जन भावना के अनुरूप झामुमो लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग करती आ रही है। यह राज्य की भावना है कि सरना धर्म कोड लागू हो, और उसी भावना का ख्याल रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और उस सत्र में सरना धर्म कोड को विधेयक के रूप मे पेश किया गया। वह ऐतिहासिक दिन 11 नवंबर 2020 था, जब सरना धर्म कोड को पास करके राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का काम किया गया। विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो चाहती है कि

शेष पेज 11 पर




### जल, जंगल, जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड पास करना होगा : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, संविधान में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि हम अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे और उसे मानेंगे। आदिवासियों के हक पर, उनकी संपत्ति पर, उनके विचारों पर लगातार जो हमले हो रहे हैं, उसके खिलाफ यह प्रदर्शन है। आदिवासी इस देश का सबसे पहला मालिक है। यदि जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड को पास करना होगा।

### तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा झामुमो सरना धर्म कोड को लेकर रहेगा

तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा, सरना धर्म कोड पूरे आदिवासी समुदाय की मांग है, पूरे देश में रहने वाले आदिवासी समुदाय की मांग है कि अलग धर्म कोड हो। जब आप जातिगणना को मान सकते हैं, तो सरना धर्म कोड को भी शामिल करें। झामुमो सरना धर्म कोड को लेकर रहेगा। पार्टी के आए हुए कार्यकर्ता एक बड़े लड़ाई के लिए तैयार रहें।

### 'सरना कोड की चिंता है, तो धर्मांतरण रोकें'

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो को



आदिवासी समाज की धर्म संस्कृति की चिंता है, तो पहले धर्मांतरण पर रोक लगाएं। इस राज्य में रघुवर दास सरकार ने धर्म स्वतंत्र कानून बनाकर इसे संरक्षित रखने को कड़े प्रयास किए थे। उन्होंने सरकार से इस कानून को कड़ाई से लागू करने की मांग की। कहा कि वे राहुल गांधी, हेमंत सोरेन से चाहेंगे कि वे राज्य के 32 जनजाति समाज की परंपरा,संस्कृति ,विश्वास को बचाने का प्रयास करें।

### टॉप माओवादी तुलसी भुइयां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**मेदिनीनगर/हैदरनगर।** पलामू जिला के विश्रामपुर व पांडू के सीमावर्ती हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के माहुर, मंगरदह व सर्वाधिक उग्रवाद प्रभावित महुडंड से लगे जंगल में सोमवार की देर रात पुलिस और भाकपा माओवादी के बीच मुठभेड़ में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माहुर गांव निवासी नक्सली तुलसी भुइयां मारा गया। दोनों ओर से चली घंटों गोलीबारी के बाद दूसरे दिन मंगलवार को सीआरपीएफ की टीम के साथ पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में जारी सर्च अभियान में तुसली का शव बरामद कर लिया गया है। इसमें कई वरीय पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न थाना के थाना प्रभारी के सहित काफी संख्या में पुलिस जवान भी शामिल थे। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में घटना स्थल से एक एसएलआर राइफल, एक अतिरिक्त भरी मैग्जीन, कुछ गोलियां, एक पिट्ठू बैग बरामद हुआ, जिसमें दैनिक उपयोग शेष पेज 11 पर

## इंजीनियरिंग कालेज की तानाशाही पर चला बांबे हाई कोर्ट का डंडा

**ब्यूरो**

- कोर्ट ने कहा, आपको एक छात्र को सुधारने की जरूरत है या उसे क्रिमिनल बनाने की
- ऑपरेशन सिंदूर पर तथाकथित आपत्तिजनक पोस्ट रिपोस्ट करने का मामला

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तथाकथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक इंजीनियरिंग की छात्रा को अरेस्ट किया गया है। छात्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉंबे हाई कोर्ट ने मंगलवार को सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि छात्रा को रिहा किया जाना चाहिए। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि वह पहले ही कॉलेज से निकाले जाने के नतीजे भुगत चुकी है।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस गौरी गोडसे व जस्टिस सोमशेखर सुंदरेशन की बेंच छात्रा की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने अपने निष्कासन को चुनौती दी थी। जस्टिस गोडसे ने कॉलेज की तरफ से मौजूद वकील से मौखिक तौर पर कहा, यह क्या है? आप एक छात्रा का जीवन बर्बाद कर रहे हैं? यह किस तरह का आचरण है? कोई कुछ ऐसा व्यक्त करता है कि आप छात्रा का जीवन बर्बाद करना चाहते हैं? आप उसे कैसे निष्कासित कर सकते हैं। क्या आपने स्पष्टीकरण मांगा है? एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट का उद्देश्य क्या है। आपको एक छात्र को सुधारने की जरूरत है या उसे क्रिमिनल बनाने की? हम समझते हैं कि आप कुछ कार्रवाई करना चाहते हैं, लेकिन आप उसे पेपर देने से नहीं रोक सकते। उसे बाकी तीन पेपर में बैठने दें। जस्टिस सुंदरेशन ने कहा, कौन सा राष्ट्रीय हित?

शेष पेज 11 पर

## महावीर नायक पद्मश्री से किए गए सम्मानित

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कला, साहित्य, शिक्षा, सार्वजनिक मामलों, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, खेल और उद्योग जैसे विविध क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य गण्यमान्य लोगों ने भाग लिया। झारखंड की क्षेत्रीय भाषा नागपुरी के गायक-गीतकार 82 वर्षीय महावीर नायक ने भी राष्ट्रपति



- **नागपुरी के गायक-गीतकार ने कहा, यह झारखंड की मधुर संस्कृति का सम्मान**

द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से फोन पर कहा, यह सम्मान अपने दिवंगत पिता-दादा और क्षेत्रीय नागपुरी भाषा के तमाम कलाकारों को समर्पित करता हूं। यह मुझसे ज्यादा यहां की मधुर संस्कृति का सम्मान है।

महावीर नायक ने झारखंड के गांवों-गलियों, चौपालों, क्षेत्रीय संस्कृति के विविध मंचों से लेकर विदेशों तक में अपने फन का जलवा दिखाया है। वह झारखंड की नागपुरी भाषा-संस्कृति में 'भिनसरिया कर राजा' (सुबह का राजा) के नाम से मशहूर रहे हैं। दरअसल, यह एक राग है, जो एकदम सुबह-सुबह गाया जाता है। रात भर अखरा या मंच पर जब लोग नाच-गान कर थक जाते, तब भिनसहरे (सुबह) वह यह राग गाते शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अपने कमियों को दूर करना पड़ेगा

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति जापान को पीछे छोड़कर हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं उस जापान को जिसकी देशभक्ति और कर्मठता के किस्से हम बचपन से सुनते रहे हैं । यह हमारे लिए गौरव से अधिक आत्ममंथन का समय है इसलिए कि हम बदलते विश्व के दर्शक मात्र नहीं बल्कि कर्ताधर्ता भी हैं पर हमारे अंदर कमियां भी बहुत हैं जिन्हें दूर किए बिना हम महाशक्ति बने नहीं रख सकते । हमारे देश की सबसे बड़ी कमी हमारी सबसे बड़ी आबादी है जो लगातार बढ़ती जा रही जो हमारी सभी समस्याओं के मूल में है । हम अक्सर ईमानदार देशों की बात करते हैं जहां चोरी नहीं होती और अपराध न्यूनतम होते हैं जिस कारण उन्हें सबसे सुखी या संपन्न देश कहा जाता है पर उनमें और हममें जो सीधा अंतर है वह है जनसंख्या का । जहां लोग कम रहेंगे और संसाधन अधिक वहां सभी को संतोष रहेगा और यह विश्वास भी कि उन्हें या उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित है । पहले भारत में यही स्थिति थी पर विभिन्न कारणों से आबादी के विस्फोट ने भारत में समस्याओं के साथ अभावजनित असंतोष को जन्म दिया और असुरक्षा की भावना ने उन मूल्यों को समाप्त कर दिया जिसकी चर्चा अभी गांवों की कहावतों में होती है। हमें घुसपैठ से लेकर जनसंख्या बढ़ने के कारणों पर प्रभावी कार्ययोजना बनानी होगी । महानगरों या महानगर संस्कृति में जीते छोटे शहरों में हालत यह है कि अपने बच्चों को पढ़ाने या इलाज के लिए लगभग लूटपाट करने वाले कुछ निजी स्कूलों और अस्पतालों से त्रस्त कुछ अभिभावक हेराफेरी से लेकर गैरकानूनी काम तक करने को तैयार हैं । कई बार उन्हें देखकर लगता है कि वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते अमानवीय हो रहे हैं और ग्रामीण परिवेश के अपने संस्कार भूलते जा रहे हैं । गलाकाट प्रतियोगिता के बीच ऐसी स्थिति हर जगह है ऐसी बात नहीं पर महानगरीय संस्कृति का यह क्रूर चेहरा भी है जिससे समाज का कई बार सामना होता है । इसी प्रकार हम जो भी काम करते हैं उसमें दीर्घकालीन सोच या योजना नहीं नहीं होती खास तौर पर सरकारी कामों में सड़कें बन जाती हैं फिर याद आता है कि पाईपलाइन तो बिछाया ही नहीं जब पाईपलाइन का काम पूरा होता तब नाली की याद आती है या याद पड़ता है कि कि गैस के लिए पाईपलाइन बिछानी है या केबल या सीवरेज के लिए बार-बार सड़क खोदी जाती है।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



यह राजधानी रांची से लेकर अधिकांश शहरों में दशकों से चल रहा है जिसमें बहुमूल्य जनधन की बर्बादी होती है । शहरीकरण या जनसंख्या में वृद्धि या बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने पर उसकी देखभाल जैसे मुद्दे कभी भी योजना बनाते समय ध्यान में रखे ही नहीं जाते थे जिससे अनेकों बार सड़क चौड़ीकरण के लिए हजारों पेड़ काटे जाते हैं या बड़े पुल गलत प्लानिंग के कारण ध्वस्त हो जाते हैं छोटे अनुपयोगी हो जाते हैं । अरबों की लगत से तैयार बहुत से भवन या पुल कई बार गलत स्थल के चुनाव या उपयोगिता के लिए अनुपयुक्त होने के कारण एक घंटे के लिए भी उपयोग में नहीं आते । ऐसा कई बार अहंकारी या अदूरदर्शी अधिकारियों की जिद्द या लालच के कारण होता है । उन अधिकारियों पर या सरकारों पर कोई कार्रवाई नहीं होती जो ऐसे महंगे निर्माण को सुधारने के बजाय नई योजनाओं में लग जाती हैं । अनेकों बार सरकारी कार्यों में कार्य करने वाली एजेंसी के चयन की घिसी-पिटी प्रक्रिया में भी दोष होता है जो एल वन यानी सबसे कम रेट की निविदा भरने वाली का चयन करती है । इसमें बहुत बार घटिया काम करने वाली एजेंसी का चयन होता है जो सबसे सस्ते में काम करने के अलावा रिश्वत देकर बिल पास कराने के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता करती है। इसके अलावा सरकारी विभागों में अंदरूनी भ्रष्टाचार भी ऐसे तत्वों को बढ़ावा देता है जिसमें बड़े टर्नओवर की शर्त को पूरा करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र और बैंक गारंटी जैसे अनेक मामले पकडे गए हैं पर रोक नहीं लग पाई है । जापान जिसे पीछे छोड़कर हम आगे निकले हैं अपने बुजुर्गों के कारण पिछड़ा है और हम अभी भी उन प्रतिभावान बच्चों या उद्यमियों को न तो उचित सम्मान दे पाए हैं और न माहौल जिस कारण प्रतिभा पलायन से लेकर पूंजी निवेश में हिचकिचाहट बड़ी समस्या रही है जबकि भारत में न तो प्रतिभा की कमी है और न मेहनती और ईमानदार मानव संसाधन की पर पर वोट बैंक की राजनीति से अक्षम और भ्रष्ट तथा असामाजिक तत्वों का वर्चस्व बना हुआ था जिसमें पिछले एक दशक में कमी आई है आतंकवाद,उग्रवाद और जातीय क्षेत्रीय मुद्दे यदि फिर उभरे तो हमारी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था औंधे मुंह गिरेगी जिसे संभालने में दशकों का समय लगेगा । अब जनता को और सरकारों को भारत का भविष्य तय करना है कि क्षुद्र राजनीति में देश को उलझाना है या सबसे सुखी संपन्न देशों में शामिल होना है।

**पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सलाम**

## भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को दुनिया ने देखा

आतंकवादियों द्वारा पिछले माह धर्म पूछ कर हत्या करने का घृणित कार्य पहलगाम में किया गया। उसके प्रतिशोध में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी आन-बान-शान तीनों सेनाओं के सेनाध्यक्षों ने आतंकवाद के खिलाफ सफल मुहिम चलाकर पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के कई अड्डों को नष्ट कर दिया, जिसमें कई बड़े आतंकी भी मारे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रचंडता को पूरा देश सलाम करता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से हम झारखंडवासी एवं भारतवासियों में उत्साह है। प्रधानमंत्री ने देश प्रेम के प्रति जोश भरने वाला नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा। हमारी माता-बहनों के सिंदूर उजाड़ने वालों को उजाड़ दिया गया। भारत के आतंकवाद के खिलाफ मजबूत इरादे को सारी दुनिया ने देखा। अपनी सेना के अटूट शौर्य




**किशोर मंत्री**
**अध्यक्ष, झारखंड फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।**

पर हम भारतवासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। हम सभी अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री तथा थल सेना, वायु सेना, नौसेना के सेनाध्यक्षों के साथ-साथ सभी वीर जवानों को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देते हैं। उनके अद्भुत साहस से 'ऑपरेशन सिंदूर' कामयाब हुआ। सारी दुनिया ने इसे देखा और सराहा। हम सभी को गर्व है। जय हिंद, जय भारत। जय जवान, जय किसान।


# मैट्रिक परीक्षा में 1.20 लाख लड़कियां व एक लाख 650 लड़के प्रथम श्रेणी से पास

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में भी लड़कियां लड़कों से आगे रहीं। राज्य भर में एक लाख 20 हजार 390 लड़कियां प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुईं। वहीं प्रथम श्रेणी से पास होनेवाले लड़कों की संख्या एक लाख 650 है। वहीं द्वितीय श्रेणी में भी लडकियां लडकों से आगे रहीं। राज्य में 82 हजार छह लड़कियां द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं, जबकि द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण होनेवाले लड़कों की संख्या 75 हजार 188 है। वहीं राजधानी रांची में 7653 लडके और 11063 लड़कियां प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुईं। वहीं 5778 लडके और 5162 लडकियां द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं। इसी तरह गुमला में लडके 2726 और 3757 लडकियां प्रथम तथा 2507 लडके और 2959 लडकियां द्वितीय श्रेणी से पास हुईं। इसी तरह लोहरदगा में 1226 लड़के और 2035 लड़कियां प्रथम, जबकि 1156 लडके और 1336 लडकियां द्वितीय श्रेणी से, सिमडेगा में 1030 लड़के और 1858 लडकियां प्रथम और 1524 लडके और 1768 लडकियां द्वितीय श्रेणी से, खूंटी में 1104 लडके और 1850 लडकियां, जबकि 1107 लडके और 1003 लडकियां द्वितीय श्रेणी से पास हुईं। इसके अलावा हजारीबाग में 7207 लड़के और 8776 लड़कियां, जबकि 3884 लड़के और 3849 लड़कियां द्वितीय श्रेणी से, गिरिडीह में 10842 लड़के 11286 लड़कियां, 6365 लड़के और 7636 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, 6005 लड़के और 7374 लडकियां प्रथम और 5189 लड़के और 5527 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, चतरा में 4139 लड़के और 4842 लड़कियां, 3049 लड़के और 3726 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, बोकारो में 6531 लड़के और 7530 लड़कियां, जबकि 4115 लड़के और 3954 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, कोडरमा में 3709 लड़के और 3962 लड़कियां, जबकि 1999 लड़क़े और 2325 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, रामगढ में 2719 लड़के, 3288 लड़कियां प्रथम और 2059 लड़के और 2072 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, पलामू में 9452 लड़के और 10436 लड़कियां, जबकि 5194 लड़के और 5730 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, गढवा में 4275 लड़के, 4690 लड़कियां, 4270 लड़के और 5091 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, लातेहार 2454 लड़के और 3234 लड़कियां प्रथम और 2264 लड़के और 2419 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, दुमका में 3080 लड़के, 3576 लड़कियां प्रथम और 2833 लड़के और 3554 लड़कियां द्वितीय, देवघर 4086 लड़के और 4402 लड़कियां प्रथम और 3983 लड़के तथा 4561 लड़कियां द्वितीय, साहेबगंज 3478 लड़के और 3912 लड़कियां प्रथम, 2333 लड़के और 2903 लड़कियां द्वितीय, पाकुड में 2170 लड़के और 2616 लड़कियां, जबकि 1226 लड़के और 1429 लड़कियां द्वितीय, गोडडा 3917 लड़के और 4074 लड़कियां प्रथम और 3395 लड़कियां और 3831 लड़कियां द्वितीय, जामताडा 2091 लड़के और 2402 लड़कियां प्रथम और 1810 लड़के तथा 2984 लड़कियां द्वितीय, पूर्वी सिंहभूम 5338 लड़के और 6769 लड़कियां और 4084 लड़के और 3562 लड़कियां द्वितीय, पश्चिमी सिंहभूम में 2860 लड़के और 3532 लड़कियां प्रथम और 2894 लड़के और 3277 लडकियां द्वितीय तथा सरायकेला खरसावां में प्रथम श्रेणी से 2558 लड़के और 3126 लड़कियां उतीर्ण हुईं, जबकि द्वितीय श्रेणी से 2210 लड़के और 2248 लड़कियां उतीर्ण हुईं।

## मुख्यमंत्री से मिले रास सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जीनल एन गाला, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी उपस्थित रहे।

## अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूत के साथ सुदेश ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो बिहार–झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव में भाग लेने न्यू जर्सी पहुंचे हैं। इस दौरान वह लगातार महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में अमेरिका में नियुक्त भारत के महावाणिज्य दूत विनय श्रीकांत प्रधान के साथ श्री महतो की अनौपचारिक मुलाकात हुई। दोनों ने भारत–अमेरिका राजनीतिक एवं व्यापार संबंध, प्रवासियों से जुड़े मुद्दों समेत कई विषयों पर चर्चा की। श्री प्रधान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजाना के समारोह में भाग लेने विशेष रूप से न्यूयॉर्क से न्यू जर्सी पहुंचे थे। श्री प्रधान ने बिजाना के प्रयासों की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तरी अमेरिका के प्रवासियों को सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे से जोड़ने में बिजाना सेतु का कार्य कर रहा है।

# ससुराल नहीं जाना पड़ा भारी, पति ने पत्नी और बच्चों को उतारा मौत के घाट

- पत्नी और बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या करने में आरोपी रहा असफल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** पत्नी और दो मासूमों की पत्थर से कूच कर हत्या के आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के द्वारा पुलिस ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका रेणु देवी, आयुष कुमार (07 वर्ष) और आरोहि कुमारी (04 वर्ष) दोनों के शव को कार्रवाई के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स, भेजा गया। घटनास्थल पर विधि-विज्ञान प्रयोगशाला के टीम को बुलाकर साक्ष्य जमा किया गया और हत्या के लिए उपयोग में लाए गए खून लगे पत्थर को जब्त किया गया। साथ हीं घटना के आरोपी रवि लोहरा के विरूद्ध इनके छिपने के संभावित ठिकानों पर छापामारी कर अहले सुबह धमधमियां ओपेन माइंस के जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया।

आरोपी ने हत्या के बाद आत्महत्या की भी योजना बनाई थी। पत्नी और बच्चों को मारने के बाद स्वयं भी ललाट पर पत्थर से मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जब सफल नहीं हुआ तो वह भागकर 25 फिट गहरा धमधमियां माईस में छलांग लगाकर भी आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिस क्रम में वह चोटिल हो गया और वहां से किसी तरह चलकर धमधमियां आपेन माईस के जंगल में आकर छुप गया, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मृतिका रेणु देवी के भाई चंदन कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद रवि लोहरा को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### पत्नी से तंग आकर पति ने की हत्या

उल्लेखनीय है की आरोपी राज मिस्त्री का काम करने गढ़वा गया था, जो करीब एक सप्ताह पहले घर आया था। आरोपी के भाईयों के साथ बंटवारा में घर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस कारण अपने ससुराल धमधमिया में पिछले 01 वर्ष से अपने परिवार के साथ में रह रहा था। वह अपनी पत्नी रेणु देवी से घर चलने के लिए और घर पर हीं झोपड़ी बनाकर रहने के लिए बोलता था, तो उनकी पत्नी रेणु देवी जाने से इंकार करती थी, जो इन्हें स्वीकार नहीं था। इसी कारण आरोपी ने योजना बद्ध तरीके से अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या कर दी।

## पुलिस ने हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी को गुप्त सूचना मिला कि हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र स्थित लेक रोड, मस्जिद के पास मो अल्फाज नाम का व्यक्ति अपने पास अवैध हथियार (देसी कट्टा) लेकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए सिटी एसपी के निर्देशन में कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा मो अल्फाज के घर घेराबंदी छापामारी किया गया। जहां अन्य एक व्यक्ति द्वारा दरवाजा खोला गया, जिसका नाम मो रियाज था। रियाज से अल्फाज के बारे में पूछने पर बताया कि वो बगल वाला कमरा में सो रहा है। उसके बाद उसके कमरे की विधिवत तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उसके कमरे के दीवार में बने रौशनदान पर कपड़े के थैले में एक लोहा का देसी कट्टा बरामद हुआ। देसी कट्टा को खोलने पर चेंबर में एक लोड जिंदा गोली बरामद हुआ। उसके बाद अवैध देसी कट्टा और गोली के बारे में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला साथ ही उसके द्वारा कोई वैध कागजात भी नहीं दिखाया गया।

### 48 आईपीएस अफसरों का हुआ तबादला

# मनोज कौशिक रांची के नए आईजी बने

- अजीत कुमार रांची के नए सिटी एसपी बनाए गए

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। कुल 48 आईपीएस को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस संबंध में मंगलवार देर शाम गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई।

अपर पुलिस महानिदेशक, रेल के पद पर कार्यरत तदाशा मिश्र को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) के रूप में पदस्थापित संजय ए. लाठकर को रांची में रेलवे के अपर पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टी कन्दसामी को अपर पुलिस महानिदेशक के रूप में नई पोस्टिंग दी गई है। वह गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के रूप में पदस्थापित थे।

झारखंड सशस्त्र पुलिस बल की एडीजी प्रिया दुबे को अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) और अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण का भी प्रभार सौंपा गया है। पुलिस मुख्यालय में महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत मनोज कौशिक को रांची क्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। रांची में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत रहे अखिलेश कुमार झा को निदेशक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के पद पर भेजा गया है।

पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) के रूप में काम कर रहे अमोल विनुकांत होमकर को पुलिस महानिरीक्षक, रेल, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा के रूप में कार्यरत प्रभात कुमार को पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड सशस्त्र पुलिस का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो की जिम्मेदारी संभाल रहे माईकल राज एस. को पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक, दुमका की जिम्मेदारी संभाल रहे क्रान्ति कुमार गडिदेशी का तबादला पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो के पद पर किया गया है। रांची में पुलिस महानिरीक्षक, रेल के पद पर कार्यरत नरेन्द्र कुमार सिंह को पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) के पद पर पदस्थापित किया गया है। शैलेन्द्र कुमार सिन्हा दुमका के पुलिस महानिरीक्षक बनाए गए हैं, जबकि पुलिस महानिरीक्षक, संगठित अपराध एवं अपराध अनुसंधान के पद पर कार्यरत सुदर्शन प्रसाद मंडल को पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) रांची का भी प्रभार सौंपा गया है।

पटेल मयूर कनैयालाल को पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन) के रूप में रांची में पदस्थापित किया गया है। पुलिस उप-महानिरीक्षक, हजारीबाग के रूप में कार्यरत संजीव कुमार का तबादला रांची में पुलिस उप-महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, के पद पर किया गया है। पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू के रूप में कार्यरत वाई एस रमेश का तबादला पुलिस उप-महानिरीक्षक, एससीआरबी के रूप में किया गया है।

बोकारो के पुलिस उप-महानिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार झा को पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) रांची के पद पर भेजा गया है, जबकि पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोल्हान के पद पर कार्यरत मनोज रतन चौथे का स्थानांतरण पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा (एसआईबी), रांची के पद पर किया गया है। संध्या रानी मेहता को पुलिस उप-महानिरीक्षक (बजट), रांची के पद पर और शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल को पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, रांधी के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

नौशाद आलम अंसारी अब पलामू में पुलिस उप-महानिरीक्षक की जिम्मेदारी संभालेंगे, तो चन्दन कुमार झा को पुलिस उप-महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान, रांची का दायित्व सौंपा गया है। अनुरंजन किस्पोट्टा कोल्हान प्रमंडल के पुलिस उप-महानिरीक्षक बनाए गए हैं तो कुसुम पुनिया को समादेष्टा, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-09, साहेबगंज के पद पर भेजा गया है। जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल को स्थानांतरित करते हुए समादेष्टा, झारखंड सशस्त्र पुलिस-07, हजारीबाग के पद पर भेजा गया है।

धनबाद के एसएसपी एच.पी. जनार्दन को पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, रांची के रूप में पोस्टिंग दी गई है। आशुतोष शेखर को पदमा में पीटीसी का एसपी बनाया गया है। पीयूष पांडेय को जमशेदपुर का नया एसएसपी बनाया गया है, जबकि धनबाद में इसी पद पर प्रभात कुमार को पदस्थापित किया गया है।

कई जिलों के एसपी भी बदल दिए गए हैं। मो. अर्शी को सिमडेगा, निधि द्विवेदी को पाकुड़, अमन कुमार को गढ़वा, सादिक अनवर रिजवी को लोहरदगा का एसपी बनाया गया है। हजारीबाग के एसपी अरविन्द कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पद पर नई पोस्टिंग दी गई है। चतरा के एसपी विकास कुमार पांडेय को भी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में एसपी बनाया गया है।

अंजनी अंजन हजारीबाग के एसपी बनाए गए हैं, जबकि सिमडेगा के एसपी सौरव को समादेष्टा, झारखंड सशस्त्र पुलिस-10, महिला वाहिनी, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता अब जामताड़ा के एसपी बनाए गए हैं। गुमला के एसपी शंभु कुमार सिंह का तबादला समादेष्टा, झारखंड सशस्त्र पुलिस-04, बोकारो के पद पर किया गया है। धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार अब रांची के नए सिटी एसपी होंगे।

मुकेश कुमार गोड्डा के और राकेश रंजन पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के एसपी बनाए गए हैं। लोहरदगा के एसपी हारिश बिन जमां को अब इसी पद पर गुमला जिले में पदस्थापित किया गया है। मनीष टोप्पो को खूंटी जिला और हरविन्दर सिंह बोकारो में एसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को चतरा का नया एसपी बनाया गया है। प्रवीण पुष्कर को रांची का ग्रामीण एसपी और ऋत्विक श्रीवास्तव को धनबाद में सिटी एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# आयुष्मान भारत योजना की सुविधा को खत्म करने में जुटी है सरकार : बाबूलाल

- केंद्र की तर्ज पर योजना में 10 बेड के हॉस्पिटल को सूचीबद्ध करे सरकार
- हॉस्पिटल का बकाया भी भुगतान करे

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य के दो प्रमुख मुद्दे को उठाया। श्री मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा राज्य की जनता को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार की अनूठी पहल है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से ही लांच किया था आज झारखंड में शिथिल पड़ी हुई है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के 5 लाख तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। इस योजना के प्रावधान के तहत केंद्र सरकार की भागीदारी 60% और राज्य सरकार की 40% है। यदि राज्य सरकार इसे अपने राज्य की योजना में अलग नाम से चलाती है तो यह अनुपात 40:60 का हो जाता है। झारखंड में यह मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत इसी अनुपात में चल रहा।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के प्रावधान के तहत लाल कार्ड,पीला कार्ड, हरा कार्ड धारियों के साथ राज्य के कर्मचारी,पेंशन धारी सहित पत्रकार,वकील आदि भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वाहवाही के लिए घोषणाएं तो खूब की हैं लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। आज सरकार के निर्णयों से जनता परेशान है। हेमंत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र केलिए 30 बेड के हॉस्पिटल और शहरी क्षेत्र केलिए 50 बेड की अनिवार्यता की है। जबकि ग्रामीण के लिए यह नियम कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 बेड के हॉस्पिटल उपलब्ध नहीं है। जबकि भारत सरकार के निर्णयों में 10 बेड के हॉस्पिटल का प्रावधान किया गया है। ऐसे में यह सरकार अपने निर्णयों से बड़े अस्पतालों को लाभान्वित करना चाहती है। कहा कि इतना ही नहीं राज्य में जो 750 हॉस्पिटल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में सूचीबद्ध हैं जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार 538 हॉस्पिटल का भुगतान फरवरी 25 से नहीं हुआ है। और 212 हॉस्पिटल का पिछले 10 महीने से बकाया भुगतान नहीं हुआ। श्री मरांडी ने राज्य सरकार से मांग किया कि अविलंब राज्य सरकार अस्पतालों के बकाए का भुगतान सुनिश्चित कराए, केंद्र सरकार के तय मानक के तहत 10 बेड के हॉस्पिटल को ग्रामीण क्षेत्रों में सूचीबद्ध किया जाए। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी मौजूद रहे।

## भाजपा युवा कार्यकर्ता ओम बिरला से मिले



**रांची।** भाजपा युवा कार्यकर्ता सोनू भारद्वाज, हिन्दू जागरण मंच के प्रचार प्रमुख बिक्की शर्मा ने पिस्कामोड़ स्थित राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यपाल संतोष गंगवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिलकर राष्ट्रहित,सामाजिक दायित्व एवं युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## जेएसएससी परीक्षा के तरीकों में करेगा बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने राज्य में सरकारी नौकरियों की परीक्षा के तरीके में बदलाव करने का फैसला किया है। अब दो चरणों में परीक्षा आयोजित करने की योजना है, जिससे पारदर्शिता बढ़ सके और भ्रष्टाचार कम हो सके।

### क्या है नया बदलाव?

जेएसएससी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर परीक्षा संचालन नियमावली में बदलाव का सुझाव दिया है। इसके तहत अब एक मुख्य परीक्षा की जगह दो परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि धांधली भी कम होगी।

### क्यों हो रहा है बदलाव?

वर्ष 2021 से पहले जेएसएससी दो चरणों में परीक्षा आयोजित करती थी, लेकिन बाद में इसे एक चरण में बदल दिया गया था। हालांकि, अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को परीक्षा संचालन नियमावली में बदलाव का निर्देश दिया है, जिससे भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिल सके।

### इन परीक्षाओं में बदल सकता है एग्जामिनेशन सिस्टम

- झारखंड पारामेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा
- झारखंड सचिवालय आशुलिपिक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2024
- झारखंड स्नातक (तकनीकी/विशिष्ट) योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023
- झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024
- झारखंड वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा- 2025
- झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023
- झारखंड पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2025
- झारखंड स्नातक (तकनीकी विशिष्ट) योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा 2025

### क्या होगा इसका फायदा?

- **पारदर्शिता बढ़ेगी :** दो चरणों में परीक्षा आयोजित करने से परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। भ्रष्टाचार कम होगा।
- **नन सीरियस कैंडिडेट्स का चयन कम होगा:** दो प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से नन सीरियस कैंडिडेट्स का चयन न्यूनतम हो सकेगा।

## केवाईसी के नाम पर महिला के खाते से एक लाख निकाले

**रांची।** हरमू निवासी मारो देवी को केवाईसी अपडेट करने के नाम पर उनसे करीब एक लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में उनके पति प्रहलाद कुमार साव ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रहलाद की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनकी पत्नी को एक व्यक्ति ने फोन किया। खुद को इंडियन बैंक का अधिकारी बताया। कहा कि उनका केवाईसी नहीं है। उन्हें ऑनलाइन केवाईसी करना है। इसके बाद साइबर अपराधियों ने उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उसे भरने को कहा। महिला ने लिंक में सारी जानकारी दी।

### बजट सैकड़ों करोड़ का

# रिम्स में बाहर से दवा खरीदने को विवश हैं परिजन

**मनोज मिश्रा**




- रिम्स में मरीजों का खाना, रहना व डॉक्टर है मुफ्त

**रांची।** रिम्स ने पूरे देश में सेवा और स्वास्थ्य देने के लिए एक अलग पहचान बनाई है, तब ही तो झारखंड के अलावे दूसरे कई राज्यों से लोग इलाज कराने यहां आते हैं। सकुशल इलाज करा लोग अपने घरों में जाते हैं तो रिम्स के बारे बताते हैं। फिर अनवरत सिलसिला चलता है और लोग गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कराने रिम्स आते हैं। हालांकि रिम्स में मरीजों की संख्या इलाज की क्षमता से दोगुनी से भी ज्यादा है। लोग बरामदे में रात गुजार लेते हैं लेकिन रिम्स से इलाज करा कर ही लौटते हैं। इन सभी व्यवस्थाओं के बीच कहीं किसी कोने में धीमी सी सिसकी गूंजती है, वह दर्द है दवा की। यूं तो रिम्स में मरीजों को खाना, रहना, डॉक्टर की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध होती है। कई प्रकार की जांच के लिए नाममात्र के पैसे लिए जाते हैं। मगर सबसे खतरनाक वाक्या होता है तो वह है दवा की। बिहार से आए प्रकाश राम(बदला नाम) ने बताया कि रिम्स सरकारी होने के बावजूद ऑपरेशन के मरीजों को ऑपरेशन कीट 5000 रुपए में बाहर से खरीद कर देना पड़ा। वहीं दुमका से आए नरेश कुशवाहा (बदला नाम) ने बताया कि अधिकांश दवाएं बाहर से लेना पड़ता है। डॉक्टर दो पुर्जा में दवाएं लिखते हैं एक जो दवा रिम्स में मिलती है दूसरे जो रिम्स से बाहर मिलती है। बाहर की दवाओं का मूल्य इतना ज्यादा होता है कि गरीब आदमी की सिसकियां निकल जाती है। एक पुर्जा में 5000 रुपए से ऊपर तक की दवाएं भी लिखी जाती है। बहुत बार तो मरीजों के परिजन को ग्लफस तक खरीद कर देना पड़ता है।

### ऑपरेशन का सामान रिम्स में ही निशुल्क उपलब्ध है : निदेशक



इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि ऑपरेशन का सामान रिम्स में ही नि:शुल्क उपलब्ध है। इसे बाहर से खरीदने की जरुरत नहीं है। ऐसा कहीं से शिकायत मिलने पर कड़ी करवाई की जाएगी। वहीं दवाओं की उपलब्धता पर बोले कि सभी दवा रिम्स से ही मिले संभव नहीं है लेकिन 70 प्रतिशत तक दवाएं रिम्स में उपलब्ध होती है। उन्होंने यह स्वीकारा कि कुछ डॉक्टर्स ऐसे हैं जो बाहर से ज्यादा दवा लेने के लिए प्रेरित करते है, शिकायत आने पर करवाई करने की बात की। अपनी असमर्थता पर भी उन्होंने बेबाक कहा कि स्टोर में दवा खत्म होने पर मुझे सूचना दी जाती है जबकि स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि स्टोर में पूरी दवा खत्म होने से पहले मुझे सूचित करें। ऐसे में जब करवाई की जाती है तो लोग आग बबूला हो जाते हैं। मनमानी नहीं चलने और अनुशासन से प्रबंध बेहतर करने की बात उन्होंने कही।

## रांची की सबसे पुरानी कॉलोनी में नहीं है एक भी ट्रैफिक पुलिस

# ऑटो पायलट सिस्टम से चल रही है चुटिया कॉलोनी

● रेलवे फाटक भी है चुटिया में जाम का बड़ा कारण

**काजल मेहता**

**रांची।** कभी नाग वंशीय राजाओं की राजधानी रही है रांची की सबसे पुराने कॉलोनी चुटिया, राजधानी रांची का दंश झेल रही है। ओल्ड हजारीबाग रोड और फ्लाईओवर के निर्माण के कारण नामकुम और जमशेदपुर या पुरुलिया मार्ग पर जाने वाली अधिकांश गाड़ियां शॉटकट लेने के लिए चुटिया हो कर जाती है।

पहले की तुलना में मुख्य सड़कों की मरम्मत की गई है जिससे सडकें तो चौड़ी हुई है पर बिजली के पोल, टूटी-फूटी नालियों और दीवारों को वैसे ही छोड़ दिया गया है। इस मार्ग से गुजरने वाली हजारों गाड़ियों को नियंत्रित करने के लिए एक भी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली को फोन और मैसेज जुड़ने की कोशिश की लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नवीन मेल के एक साक्षात्कार में ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने कहा था राजधानी में कहीं जाम नहीं लगती है। राजधानी रांची पूरी तरीके से जाम मुक्त है। वहीं, चुटिया के दुकान संचालकों ने अपनी परेशानियों को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबर से साझा किया।







### सड़क का चौडीकरण होगा तब बिजली पोल हटाए जाएंगे : सीपी सिंह



इस पूरे मामले पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सड़क चौडीकरण होगा तब बीच सड़क से बिजली पोल हटाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि मुख्य मार्ग पर जिनके घर है वह घर पीछे कर लेंगे तो समाधान निकला जा सकता है अन्यथा इसका कोई समाधान नहीं है। वहीं ट्रैफिक पुलिस की तैनाती को लेकर विधायक सीपी सिंह ने कहा ध्यान दिया जाएगा और तैनाती की जाएगी।

### पुराने पोल सड़क पर हैं जिससे लगता है जाम : बीरेंद्र शुक्ला



बीरेंद्र कुमार शुक्ला उर्फ बाबू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर चौक पर टूटी और खुली नालियां है। इस कारण से वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिल पाता है। ऊपर से बिजली के पुराने पोल सड़क पर हैं जिससे सड़क जाम हो जाती है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की तैनाती हो जाए ताकि बड़ी गाड़ियां और वाहन चालक जैसे तैसे गाड़ियां ना चलाएं।

### बिजली पोल और रेलवे फाटक है जाम की मुख्य वजह : राघव



कैफे संचालक राघव ने कहा कि बीच सड़क पर बिजली पोल और रेलवे फाटक की वजह से जाम की समस्या अक्सर ही होती है। अमूमन शाम के वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम मुक्त होने में घंटों लग जाते हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए। ताकि लोग व्यवस्थित तरीके से वाहन चलाए और इलाका जाम मुक्त रहे।

### सड़क जाम से दुकान में ग्राहक नहीं आते हैं : गौरव



कपड़ा विक्रेता गौरव कुमार ने कहा कि अधिकतर समय सड़क जाम रहती है। सड़कों के बीच में बरसों से पुरानी बिजली के पोल हैं। उसे हटाने से ही थोड़ी राहत मिलेगी। हमेशा जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। जाम की वजह से दुकानदारी में भी परेशानी होती है। शाम में प्रतिदिन सड़क जाम रहती है जिससे ग्राहक आते ही नहीं हैं।

### लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं : रीता देवी



रीता देवी ने कहा 20 -25 वर्षों से दुकान चला रहे हैं। चुटिया में सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अभी स्कूल की बसें नहीं चल रही इसलिए दिन ओर दोपहर में थोड़ी राहत है लेकिन स्कूल बसें जब चलती है तो जाम इतनी हो जाती है कि इंसान घंटों तक फंसा रह जाता है।

### बीच सड़क से बिजली के पोल जल्द हटाया जाएगा : जीएम

जेबीवीएनएल के जीएम मनमोहन कुमार ने कहा कि चुटिया सहित पूरी राजधानी में सड़कों पर स्थित बिजली पोल को हटाना प्राथमिकता है। लेकिन इसकी जिम्मेदारी आरसीडी को है। आरसीडी को नोटिस दिया गया है। जल्द ही इस परेशानी का समाधान निकला जाएगा।



## समर्पण शाखा ने ओम बिरला से की थी शिष्टाचार भेंट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के लिए अत्यंत गौरव का क्षण रहा, जब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला रांची की पवित्र धरती पर पधारे। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से उनका स्वागत एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान करने का अवसर मिला। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने कहा कि उनका सरल व्यक्तित्व, स्पष्ट दृष्टिकोण और राष्ट्रहित के प्रति उनकी अडिग निष्ठा शाखा सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल , निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, कोमल पोद्दार , पायल जैन उपस्थित रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## भजन संध्या और जागरण के साथ बड़ा पूजा का समापन

**रांची।** हिनू के मनीटोला में मां मनोकामना काली मंदिर में तीन दिनी बड़ा पूजा का समापन मंगलवार को भजन संध्या और जागरण के साथ हुआ। अंतिम दिन बंगाल और झारखंड के कलाकारों ने अलग-अलग भजन और संगीत से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। भजन संध्या और जागरण में गायक शुभम भास्कर, कोमल छाया, हरीश उर्फ लल्ला और स्वीटी राज ने मां काली को समर्पित भजन पेश किए तो भक्त भी मां की स्तुति में लीन हो गए। बच्चों ने शिवस्तुति की प्रस्तुति दी भजन संध्या में छोटे बच्चों ने काफी प्रभावशाली शिवस्तुति की प्रस्तुति दी। यह सभी भक्तों के मन को छू गया। सबसे पहले आशुतोष शशांक शेखर ने शिवस्तुति को पेश कर भक्ति के महत्वपूर्ण राग से भक्तों का परिचय कराया। इसके बाद शिव स्वर्णमाला स्तोत्र शंकराचार्य कृत सुनाई गई। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सोनाली, तनु, नैंसी, मेघा, कल्याणी, तनु मिंज, जागृति, मनीषा, कंचन, लक्ष्मी, मेंटर निशा ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राजा पासवान, बिट्टू कुमार, सौरभ राय, मनीष राय, सानू, शिल्पा, सविता, ममता, रवीना, सोनी देवी, संदीप राम, सचिन राम ने योगदान दिया।

## नगर निगम के बाहर नाराज मोरहाबादी के दुकान संचालकों ने किया प्रदर्शन

# एकतरफा निर्णय पर पुनर्विचार करे रांची नगर निगम : दुकानदार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी स्थित मोरहाबादी में दुकान लगाने वाले सैकड़ों फास्ट-फूड दुकान संचालकों ने मंगलवार को नगर निगम के मुख्य द्वार के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम की ओर से फास्ट फूड, चाय, नाई, पंचर और सब्जी दुकानों को एक ही बाजार में समायोजित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए निगम ने 418 आवेदन प्राप्त किए हैं, जबकि केवल 202 दुकानों के लिए लॉटरी की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। दुकानदारों ने निगम के ऊपर आरोप लगाया कि निगम मोरहाबादी मैदान के सामने बनाए गए सब्जी बाजार को सभी तरह की दुकानों के लिए आरक्षित कर देना चाहती है, इससे उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

साथ ही, लॉटरी के तहत दुकानदारों के आवंटन प्रक्रिया का भी विरोध जताया है। दुकान संचालकों का यह भी कहना है कि निगम की यह एकतरफा योजना उनके रोजगार को नुकसान पहुंचाएगी। उनका आरोप है कि बिना पूर्व संवाद और उचित योजना के सभी प्रकार की दुकानों को एक ही जगह लगाए जाने का निर्णय लिया गया है, जो व्यवहारिक नहीं है।



### दुकानदारों ने दी निगम को चेतावनी

प्रदर्शनकारी दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम ने इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि निगम के इस कदम से उनका रोज़गार और वर्षों की मेहनत पर असर पड़ेगा जाएगा।

### मोरहाबादी वेंडर मार्केट में 161 लाभार्थियों को ई-लॉटरी से मिला स्थान

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से मोरहाबादी में तैयार नये वेंडर मार्केट में स्थान निर्धारण को लेकर मंगलवार को दिन में ई-लॉटरी प्रक्रिया हुई। निगम के आठवें तल्ले पर स्थित सभागार में अंतिम सूची में शामिल 169 लाभार्थी वेंडरों में से 161 को चबूतरा आवंटन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद लाभार्थियों एवं स्थल आवंटन की सूची जारी कर दी गई। निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई ई-लॉटरी में नये वेंडर मार्केट में खानपान से संबंधित रोजगार करने वाले 115 वेंडरों को स्थान मिला। वहीं, फल व स जी की बिक्री करने वाले 25 दुकानदारों को और दैनिक जरूरत के सामान, नारियल पानी समेत अन्य जरूरी सामान की बिक्री करने वाले 21 लोगों को स्थान मिला। मार्केट में 218 लोगों के बैठने की जगह है। शेष बचे स्थान के लिए निगम के स्तर से आगे की कार्यवाही की जा रही है। इधर, लाभार्थियों को ऑन द स्पॉट आवंटन पत्र सौंपा गया। आवंटन पत्र मिलने के बाद सभागार में मौजूद दुकानदारों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी व खुशियां मनाई। बताया गया कि 1.36 करोड़ की लागत से बने नये मार्केट में जल्द ही कारोबार आरंभ होगा। मार्केट शुरू करने के मौके पर निगम की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सभी सहायक प्रशासक, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, आईटी व एनयूएलएम शाखा के कर्मी व वेंडर्स मौजूद थे। दुकानदारों का निगम गेट के पास विरोध प्रदर्शन ई-लॉटरी आरंभ होने से पूर्व मोरहाबादी में दुकान लगाने वाले दर्जनों दुकानदारों ने निगम गेट के पास विरोध प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि नये मार्केट में एक ही स्थान पर खानपान एवं स जी-फल विक्रेताओं को आवंटन किया जा रहा है। इससे सभी का कारोबार प्रभावित होगा। वहीं, मैदान में निबंधन कार्यालय के पास हाईकोर्ट के निर्देश पर दुकान लगाने वालों का कहना था कि उनके लिए अलग से वेंडर मार्केट या फूड मार्केट की व्यवस्था बहाल की जाए। फल-स जी और फूड मार्केट अलग करने को सौंपा ज्ञापन विरोध प्रदर्शन के बाद याचिकाकर्ता 202 वेंडर के प्रतिनिधियों ने रौशन कुमार के नेतृत्व में अपर प्रशासक संजय कुमार से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

## अवैध निकासी मामले में तीन कोषागार पदाधिकारी निलंबित

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 17 करोड़ रुपए की अवैध निकासी के मामले में संलिप्त पाए गए तीन कोषागार पदाधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जिन अधिकारियों पर यह गाज गिरी है, उनका नाम डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिंह और मनोज कुमार है। बता दें कि विभाग में हुए कथित तौर पर भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर बजट सत्र के दौरान बीते 19 मार्च को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायकों का रुख तल्ख था। इस पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले में सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए। 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा श्याम का महास्नान के लिए मुख्य मंड के पर्दे लगा दिए गए। मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का अमावस्या महास्नान अनुष्ठान विधिवत रूप से संपन्न कराया। इसके बाद मालाओं से बाबा श्याम का अद्भुत श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को नवीन पोशाक पहनाकर श्यामल रूप में सजाया गया एवं पंचमेवा का प्रसाद चढ़ाया गया। जयंत कुमार, मंजू सिंह, आशीष रंजन, अंजली कुमारी, आध्या ने नवीन पोशाक की सेवा निवेदित की।



### 155वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 155 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। गोपाल कुमार, सुषमा, सिमी, सौरभ, शौर्य, गौरव वर्मा, गरिमाश्री ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। गोपाल कुमार एवं परिवार ने केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। गोपाल कुमार ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## योगदा सत्संग आश्रम के वरिष्ठ साधक पहुंचे सेवा सदन, हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** योगदा सत्संग आश्रम के वरिष्ठ साधक श्रद्धेय ब्रह्मचारी सत्संगानंद जी एवं श्रद्धेय ब्रह्मचारी सौम्यानंद जी मंगलवार को नागरमल मोदी सेवा सदन पहुंचे। सेवा सदन में स्वागत व अभिनंदन के उपरांत उन्हें हृदय विभाग का अवलोकन कराया गया। इस दौरान आर्शिवचन में उन्होंने सेवा सदन की उपलब्धियों की सराहना की। वहीं मेडिकल टीम के साथ-साथ सम्यक प्रबंधन के लिए नागरमल मोदी सेवा सदन परिवार पर आध्यात्मिक प्रसन्न्ता प्रकट की।




### 29 मई से 12 जून तक राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान

# किसानों से संवाद के लिए 24 जिलों में बीएयू वैज्ञानिकों का दल भेजेगा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची ।** कृषि को ज्यादा लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय की पहल पर 29 मई से प्रारंभ हो रहे राष्ट्रव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी झारखण्ड के 24 जिलों में किसानों के द्वार तक पहुंचेंगे । पखवारा व्यापी यह अभियान 12 जून तक चलेगा। इसके लिए बीएयू के कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों के अलावा विश्वविद्यालय से लगभग 40 वैज्ञानिकों को शामिल कर कई टीमें बनाई गई है जो अलग-अलग समूहों में राज्य के सभी जिलों में पहुंचेगी और सभी हितधारकों को सामूहिक और समन्वित प्रयासों के माध्यम से उत्पादन और उत्पाकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मंच प्रदान करेगी। हर टीम प्रतिदिन दो स्थानों पर जाएगी तथा हर स्थान पर 200 से 300 किसानों के साथ संवाद स्थापित करेगी। इसके लिए वाहन संबंधित जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों तथा आइसीएआर संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए कुलपति डॉ एससी दुबे की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में एक बैठक हुई जिसमे संबंधित वैज्ञानिक तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुख ऑनलाइन जुड़े। कुलपति ने सभी वैज्ञानिकों से इस अभियान की सफलता के लिए तत्परता से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्पादकता में प्रति हेक्टेयर मात्र एक क्विंटल की वृद्धि से भी राज्य और देश के कुल उत्पादन परिदृश्य में काफी अंतर आ जाएगा। बीएयू के सामुदायिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष तथा इस अभियान की एडिशनल नोडल पदाधिकारी डॉ रेखा सिन्हा ने बताया कि यह अभियान कृषि दक्षता बढाने के लिए मांग आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

## पेयजल परियोजना की लापरवाही उजागर जांच को मिली स्वीकृति

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय की पहल पर मानगो पेयजल परियोजना की विफलताओं की जांच का रास्ता साफ हो गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव ने परियोजना के पिछले 10 वर्षों के कार्यकलापों की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने पर सहमति दे दी है। मंगलवार को सरयू राय ने विभागीय अधिकारियों और संवेदक के साथ इंटकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि इंटकवेल के छह में से केवल दो पंप कार्य कर रहे हैं, और वहां जलकुंभी सहित अन्य जलीय पौधे उग आए हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में स्वचालित व्यवस्थाएं बंद पड़ी हैं और मैन्युअल तरीके से क्लोरीन व फिटकरी का डोज डाला जा रहा है, जिसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी छह जोनों में जल वितरण असमान है।

### लंबोदर महतो ने चार माह से डीडीसी नहीं होने पर उठाए सवाल, कहा

## चार माह से जिले का कैसा हो रहा विकास, सरकार भी है अनभिज्ञ



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बोकारो जिले में करीब चार माह से उप विकास आयुक्त (डीसीसी) का पद खाली रहने पर राज्य सरकार की जहां आलोचना की है, वहीं कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि डीडीसी किसी जिला का महत्वपूर्ण पदाधिकारी होता है। डीसीसी पंचायत व जिला परिषद को सीधे तौर पर देखता है या यूं कहें की डीसीसी इन दोनों का हेड होता है। डीसीसी का जिले में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन व कार्यों को पूरा कराने की जिम्मेदारी व जवाबदेही रहती है। मनरेगा तो डीसीसी के नियंत्रण में ही रहता है। डीसीसी के नहीं रहने से विकास योजनाओं का क्या हाल होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं कि राज्य सरकार को बोकारो जिले में डीसीसी के नहीं रहने जानकारी नहीं है। सब कुछ जानते-समझते हुए राज्य सरकार जानबूझकर अनजान बनी हुई है। उन्होंने कहा किचार माह से डीसीसी विहीन बोकारो जिले में विकास कार्यों का रफ्तार क्या होगा, संबंधित लोगों को क्या परेशानी होगी व विशेष कर ग्रामीण विकास कार्यों की स्थिति क्या होगी, यह जहां आसानी से समझा जा सकता है वहीं, डीसीसी का अब तक पदस्थापन नहीं करना राज्य सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़ा करता है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बोकारो जिले में डीसीसी का पदस्थापन शीघ्र करने की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### मांडर स्कूल के बच्चों का मैट्रिक में रहा शानदार प्रदर्शन



**मांडर।** होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो, मांडर की छात्र एवं छात्राओं ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें विद्यालय की छात्रा शबाना परवीन 442 अंक (88.8%) लाकर विद्यालय टॉपर बनी । वही नेहा परवीन 404 अंक (80.8%) लाकर दूसरा स्थान प्राप्त की और प्रदीप उरांव 395 अंक (79%) लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया । विद्यालय से कुल 34 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे । जिसमें 31 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और 3 छात्र-छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो और प्रधानाचार्य आलोक कुमार तिवारी एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दिया।

### टांगर स्कूल के बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**चान्हो।** आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के छात्र छात्राओं ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमे आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर की छात्रा फरहाना प्रवीन ने 437 अंक (87.4%) लाकर स्कूल का टॉपर बनी । वही पल्लवी कुमारी 436 अंक (87.2%) लकार दूसरा स्थान और हसीना खातून 429 अंक (85.8%) लाकर तीसरा स्थान प्राप्त की । इस स्कूल से कुल 57 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में सामिल हुवे थे जिसमें 38 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से और 19 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।स्कूल के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा





**पिठोरिया।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 में प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट लगातार 27वें वर्ष शत-प्रतिशत रहा। 49 छात्र प्रथम श्रेणी और 4 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रिया कुमारी (92.6%) लाकर प्रथम स्थान, जिज्ञासा कुमारी ( 90.4%) द्वितीय, सामिया फरहा (88.6%) तृतीय, तनु कुमारी और कृश महतो (88.4%) चतुर्थ और रुखसार परवीन (88%) के साथ पंचम स्थान पर रहें। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार केसरी, शेखर कुमार और दीपक चौरसिया ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी विद्यालय से दस छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर कांके प्रखंड में अपने विद्यालय का परचम लहराया था, जिसमें रहनुमा परवीन 94.4 प्रतिशत लाकर टापर रही थी। वहीं प्रधानाध्यापक विजय पांडेय ने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 92.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टापर बना सतीश

नवीन मेल संवाददाता। खलारी



झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 में एसीसी हाई स्कूल, खलारी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कुल 94.4 प्रतिशत छात्र सफल घोषित किए गए। विद्यालय के 72 परीक्षार्थियों में से 68 छात्र सफल हुए। इनमें 37 छात्र प्रथम श्रेणी, 30 द्वितीय श्रेणी व एक छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। विद्यालय के छात्र सतीशकुमार चौहान 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टापर बने। सतीश को हिन्दी में 97, संस्कृत 84, गणित 93, विज्ञान 93, सामाजिक विज्ञान 92 और अंग्रेज़ी में 87 अंक प्राप्त हुए। विद्यालय में दूसरे स्थान पर शिफा परवीन रहीं, जिन्हें 88 प्रतिशत अंक मिले, जबकि तीसरे स्थान पर नैंसी कुमारी रहीं, जिन्हें 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इसके अलावा माहीकुमारी गुप्ता को 83.8%, प्रीतिकुसुम गंझ 82.8%, अनम अल्बिया 81% रहे ।

### इंडाल हाई स्कूल मुरी के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



**मुरी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा मैट्रिक के विद्यार्थियों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है जिसमें इंडाल हाई स्कूल मुरी के बच्चों का सौ प्रतिशत रिजल्ट रहा।विद्यालय का मान बढ़ाने में अर्पित महली (93.6%), भानु कुमारी (88.60%), अमृता महतो (87.80%,) रहा। इस विद्यालय से कुल 45 बच्चों ने परीक्षा लिखा था जिसमें से 22 बच्चे प्रथम श्रेणी, चार बच्चे द्वितीय श्रेणी एवं बाकी का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### धान से लदा वाहन खेत में जा गिरा



**मुरी।** सोमवार की रात 11 बजे के करीब धान से लदा ट्रक मिजरा के पास पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक बंगाल से रांची की ओर जा रहा था। इसी क्रम में सामने से आ रही मोटरसाइकिल सवार को बचाने के क्रम में ट्रक असंतुलित होकर खेत में जा गिरा। ट्रक का नंबर डब्लू बी 55 बी 3897 है।

### समर कैंप में छात्राओं ने चित्रकला में वेजिटेबल एवं फ्रूट बास्केट बनाया



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में आयोजित समर कैंप के दूसरे दिन 27 मई को कक्षा 7- 8 की 70 छात्राओं ने चित्रकला में वेजिटेबल और फ्रूट बास्केट बनाना सीखा। प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चियों के चेहरे खुशी से दमक उठे। उन्होंने बताया कि इससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ आने वाले कल का सामना करने के लिए तैयार हैं। रूपा अग्रवाल के नेतृत्व में चल रहे कैंप को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, उपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल,रीना सुरेखा, कमला विजयवर्गीय, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, विद्या अग्रवाल, सुनीता सरावगी, प्रीति अग्रवाल, ममता बुबना,नेहा तुलस्यान, साक्षी अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

## सीसीएल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची



सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के विधि विभाग द्वारा आज "अनुशासनात्मक जांचः सिद्धांत, प्रक्रिया और न्यायिक दृष्टांत विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने भौतिक रूप से एवं वर्चुअली भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ता अमित कुमार दास ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अनुशासनात्मक जांच की विधिक प्रक्रिया, उससे जुड़ी प्रमुख न्यायिक व्याख्याएं और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही, सीसीएल के महाप्रबंधक (एचआर/आईआर) श्री नवनीत कुमार ने भी विषय पर गहन सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एचआरडी), महाप्रबंधक (ईई), महाप्रबंधक (विधि), महाप्रबंधक (मैनपावर) सहित वे कर्मी उपस्थित रहे जो वर्तमान में जांच अधिकारी या प्रबंधन प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों से अन्य कार्यपालकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्चुअली भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 50 कार्यपालकों ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी और ज्ञानवर्धक बताया। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासनात्मक जांच प्रक्रिया की स्पष्टता और व्यावहारिकता को समझने में इस प्रशिक्षण को अत्यंत सहायक बताया। सीसीएल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कंपनी के प्रशासनिक प्रणाली को सुदृढ़ करने और अधिकारियों को सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### सरना कोड लागू होने तक जारी रहेगा झामुमो का धरना-प्रदर्शन : विधायक

**तोरपा।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में सरना कोड लागू करना होगा। जब तक सरना कोड लागू नहीं हो जाता झामुमो का धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो दिल्ली मे भी धरना दिया जाएगा। विधायक मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सरना कोड की मांग को लेकर आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया और सरना कोड को अविलंब लागू करने की मांग केंद्र सरकार से की। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने की। धरने को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरना कोड बहुत महत्वपूर्ण मांग है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विधानसभा से सरना कोड बिल पारित कर के राजभवन भेजा था, जो अभी तक राजभवन के माध्यम से बिल को केंद्र सरकार तक नहीं भेजा गया। उन्होंने कहा कि सरना कोड लागू होने के बाद ही देश में जनगणना होनी चाहिए।

### भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि परश्रद्धांजलिजलि दी गई



**सिल्ली।** मंगलवार के दिन सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में आधुनिक भारत के निर्माता,भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने नेहरू जी के तस्वीर पर श्रधा सुमन अर्पित कर श्रधांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेन्द्र नाथ गोस्वामी,जिला सचिव नागेश्वर महतो,सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, निशाकर महतो,सैय्यद कमर आलम, सहदेव वेदिया, लखिन्द्र बड़ाईक, समसेर आलम, शेख मूसा, सईकुल, सदानंद सोनार,सोशल मिडिया के देवाशिष दत्ता, अल्पसंख्यक कांग्रेस रांची जिला महासचिव रमजान अंसारी,इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

## 30 मई को कांग्रेस निकालेगी संविधान बचाओ रैली

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़,।** रामगढ़ जिले में 30 मई को कांग्रेस संविधान बचाओ रैली निकालेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को शहर के ब्रह्मऋषि धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी नेताओं ने रैली और सभा का आयोजन राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में करने का फैसला किया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, बेलाप्रसाद के अलावा राज्य के कई मंत्री और विधायक शामिल होंगे। इस दौरान विधायक ममता देवी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार देश के संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

संविधान बचाओ रैली में उन मुद्दों को उजागर किया जाएगा। इस बैठक में जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, जिला के पर्यवेक्षक प्रदीप तुलसियान उपस्थित थे।

### कांग्रेस का वीर शहीदों के सम्मान में जय हिन्द कार्यक्रम

# कांग्रेस ने कभी शहीदों पर राजनीति नहीं की : ईमरान प्रतापगढ़ी

नवीन मेल संवाददाता। इटकी



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा इटकी के कुंदी मैदान में देश के वीर शहीदों एवं सशक्त सेनाओं के सम्मान में जय हिन्द कार्यक्रम के तहत जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि देश के वीर सैनिकों ने पाकिस्तान के नापाक इरादों को तहस नहस कर दिया। भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर दुश्मन देश को बहादुरी के साथ जवाब दिया। भाजपा की नीतियों पर आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा पहलगाम हमले के शहीदों पर राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने कभी शहीदों पर राजनीति नहीं की। भाजपा के नेता और मंत्री शहीदों की पत्नियों और कर्नल सोफिया पर अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। केंद्र सरकार अभी तक पर्यटकों को मारने वाले उन चार आतंकवादियों को पकड़ने में नाकाम है। सरकार बहुत से सवालों का जवाब नहीं दे रही है। सवाल करने वालों को जेल भेजा जा रहा है। झारखंड में बढ़ते मॉब लिंचिंग पर कहा कि राज्य सरकार ने इसके विरोध मे कानून बनाने के लिए राज्यपाल के पास फाइल भेजा है मगर राजभवन से अबतक फाइल नहीं आई है। मीडिया की फेक न्यूज की भी उन्होंने आलोचना की। सरना धर्म कोड पर कहा कि राज्य सरकार जल्द ही सरना धर्म कोड पर कानून बनाएगी। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब सेना का मनोबल चरम पर था तभी ट्रम्प के कहने पर प्रधानमंत्री ने सीजफायर कर दिया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के. राजू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांके विधायक राजेश कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, मंजूर अहमद अंसारी इत्यादि ने भी संबोधित किया ।

## नए डीसी ने विकास शाखा के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**हजारीबाग।** जिले के नए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद विकास शाखा के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिलांतर्गत आने वाले विधानसभा, प्रखंड और जिले की भौगोलिक स्तिथि की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के कार्यों में पारदर्शिता लाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश का समीक्षा करने और योजनाओं को पूर्ण करने के लिए सबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने एसी और डीसी बिल के स्टेटस की जानकारी ली और बिल पेंडेंसी को कम करने के लिए प्रत्येक महीने मॉनिटरिंग करने के लिए सबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक मद के लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के लिए उनके प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही विधायक मद का जो आवंटन प्राप्त हुआ है उसे विपत्र तैयार कर आवंटन खाते में जमा करने हेतु सबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक की मौत और एक घायल



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन बिंदी टांड़ निवासी धर्मेंद्र महतो अपने एक सहयोगी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जोन्हा बाजार से लौट रहे थे। इसी क्रम में बुढ़ाम में मोटरसाइकिल असंतुलित होकर एक कुसुम पेड़ से टकरा गई, जिसमें धर्मेंद्र महतो(29), पिता रोहिदास महतो की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा उनके सहयोगी की इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में चल रही है। पुलिस घटना को लेकर क्षाणबीण में जुट गई है।

### चैन स्नैचिंग के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र से स्नैचिंग की घटना में शामिल अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े। गिरफ्तार आरोपियों में मो नौशाद और रवि कुमार चौरसिया शामिल है। रांची में बढ़ती स्नैचिंग के मामले में पुलिस ने गिरोह का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों में एक स्नैचर और एक दुकानदार शामिल है। लोअर बाजार थाना क्षेत्र में बरनाबास अस्पताल के पास युवती के साथ स्नैचिंग हुई थी।

# नए डीसी ने किया पदभार ग्रहण कर्मियों ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 2017 के आइएएस शशि प्रकाश सिंह ने हजारीबाग जिले के 138वें उपायुक्त के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है. नव पदस्थापित डीसी का निवर्तमान डीसी नैंसी सहाय ने बुके देकर स्वागत किया और जिले का पदभार सौंपा. संवाददाताओं से बात चीत के क्रम में उन्होंने बताया कि बतौर उपायुक्त उनकी पहली पदस्थापना है. जिले में विकास कार्य को अग्रसर ले जाने के लिए वह पूर्ण समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगे. जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी. शीघ्र ही वह विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेंगे. विदित हो कि निवर्तमान डीसी सहाय लगभग साढ़े तीन वर्ष तक हजारीबाग जिले को चलाने का काम किया. इनके कार्यकाल में कई विकास के कार्य देखने को मिले. अब हजारीबाग जिला वासियों को नए उपायुक्त से नई उम्मीदें जगी है. नए उपायुक्त के रूप में श्री सिंह का बरही के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व प्रबुद्धजनों सहित बरही वासियों ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी है।



## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, फरियादियों ने दिया आवेदन

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी जनशिकायत कोषांग निवेदिता राय ने जनता दरबार का संचालन किया। मौके पर उन्होंने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। जिनमें कटकमसांडी के अंजुम प्रवीन ने उनकी भूमि पर जबरन चहारदीवारी देने का मामला प्रकाश में लाते हुए न्याय की गुहार लगाई, इनके आवेदन को एसडीओ सदर को भेजते हुए जांचोपरांत उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। सुलोचना भारती ने आंगनबाड़ी ठेकदार पर फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया जिसपर बीडीओ चौपारीण को जांचोपरात कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं से बड़कागांव के लखन महतो ने एनटीपीसी भू मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई जिसपर भूअर्जन पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करते को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। रोजगार से जोड़ने, पदमा की सावो देवी ने शौचालय लाभ से जोड़ने संबंधी आवेदन देकर इसके समाधान की गुहार लगाई। मौके पर सभी आवेदकों को समस्याओं को सुनने के उपरांत उनके आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

### विधायक ने लगाई जनता दरबार सुनी समस्याएं

## त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



भाजपा विधायक अमित कुमार यादव के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में सोमवार को विधानसभा क्षेत्र से आए लोग फरियाद लेकर पहुंचे।इस निमित विधायक से समाधान के लिए मुलाकात की।वहीं विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा निदान करने/कराने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में यह मेरा प्राथमिक एवं परम दायित्व है कि जन समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करूँ।कहा कि मैं प्रत्येक माह इस प्रकार का बैठक कर लोगों की समस्याओं से अवगत होता हूँ और मेरा प्रयास रहता है कि उनकी समस्या,तकलीफ जल्द से जल्द दूर हो जाए । वहीं कई समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## देवी मंदिर बेड़ोकला में शिव शिष्यों ने किया शिव चर्चा का आयोजन विधायक ने किया सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेड़ोकला देवी मंदिर प्रांगण में शिव शिष्यों के द्वारा भव्य शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान "आइए भगवान शिव को अपना गुरु बनाएं," विषय पर चर्चा किया गया।वहीं कार्यक्रम में दूर-दूर से आए शिव भक्त शामिल हुए। इस दोरान गीत संगीत व भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।विदित हो कि कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव के सहयोग से किया गया। जिसका संचालन भाजपा बेडोकला मंडल महामंत्री रवीन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बेड़ोकला मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय, पूर्व मुखिया तुलसी पाण्डेय, पंचायत समिति सदस्य रामचन्द्र साव, भीम साव, धीरेन्द्र बैठा, विजय ठाकुर, सुरेश ठाकुर, राजेश मंडल, पोखराज ठाकुर, उमेश यादव, जयदीप गुप्ता, रामचन्द्र राणा, रामचन्द्र ठाकुर समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। इस बीच तुलसी पाण्डेय ने शिव जी की महिमा को विस्तृत रूप से बताने का प्रयास किया। उन्होंने लोगों को हिन्दू धर्म के प्रति जागरूक रहने एवं धार्मिक संस्कारों को अपने जीवन में उतारने की बात कही।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण


# शिक्षकों की मेहनत व विद्यार्थियों के समर्पण का है परिणाम : प्रधानाचार्य



श्रुति कुमारी 92.4% द्वितीय



रिया कुमारी 936 प्रतिशत प्रथम



माही कुमारी 92.2% तृतीय



प्रियंका सोनी 92.4%

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

जैक 10वीं की परीक्षा में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभी 84 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है. जो विद्यालय सहित क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है. उक्त वक्तव्य प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने दी. उन्होंने बताया कि विद्यालय की रिया कुमारी (परमेश्वर प्रसाद) 93.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी है. रूप से बहन श्रुति कुमारी (दिलीप राम) एवं बहन प्रियंका सोनी (राजेश सोनी) ने 92.4% अंको के साथ द्वितीय माही कुमारी (सुमंत कुमार) 92.2% अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान पर रही है. इस सफलता के लिए विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी सहित प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यो ने सभी भैया बहनों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर करने की शुभकामनाएं दी. प्रधानाचार्य ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के अनुशासन एवं पढ़ाई के प्रति समर्पण के साथ विद्यालय के आचार्य व दीदी जनों का समर्पित मेहनत को दिया है. उन्होंने कहा कि निरन्तर अभ्यास से कमजोर छात्र भी अच्छे हो जाते हैं. उन्होंने आशीष देते हुए कहा कि ऐसे सभी बच्चे भविष्य में सफलताओं की पराकाष्ठा को प्राप्त करेंगे.

## न्यूज बॉक्स

### शहीद संदीप पाल का तीसरा शहादत दिवस मनाया गया

**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सदस्यो ने शहीद संदीप पाल का तीसरा शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दिया साथ ही कार्यक्रम में भारत माता की जय और जब तक सूरज चांद रहेगा संदीप तेरा नाम रहेगा नारो से संदीप पाल चौक गुंजायमान हो उठा। बताते चलें हजारीबाग इमली कोठी निवासी जय नंदन पाल के छोटे पुत्र संदीप पाल देश भक्ति का जज्बा लिए सन 2013 मे आर्मी के मराठा लाइट इनफेंट्री मे भर्ती हुवे थे, कई आतंकवादी अभियान मे हिस्सा लेकर ये दुश्मनों के दांत भी खट्टा किए थे,पर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था, 27 मई 2022 को लद्दाख गोरेपिपी सेक्टर में गाड़ी पलट जाने से ये शहीद हो गए थे, 29 मई 2022 को इनका अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ हजारीबाग में हुआ था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे शहीद के पिता जयनंदन पाल, भाई मनीष पाल पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, सचिव ह. कैप्टन अवध कुमार भारती, उपसचिव रामनंदन मिश्रा उप मीडिया प्रभारी भोलानाथ प्रसाद, सदस्य शिवनंदन कुमार के साथ साथ कई समाजसेवी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया है : पुष्पा कुमारी




**रामगढ़।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा 27 मई को मैट्रिक का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय प्लस टू विद्यालय पतरातू की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय से 67 छात्राएं शामिल हुई थीं। जिनमें से 51छात्राएं प्रथम श्रेणी तथा 16 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा शिवानी कुमारी 85.40%, बेबी कुमारी 83.40% , छोटी कुमारी 83.40% ,निखत प्रवीण 83.20% , ज्योति कुमारी 79% , प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर विद्यालय की वार्डन सह फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह छात्राओं के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्राओं से भविष्य में इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया है। वार्डन पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय की सभी शिक्षकों ने छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बीडीओ व सीओ ने शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बरकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा में मंगलवार को विगत विधानसभा चुनाव एवं रामनवमी त्योहार को संपन्न कराने में प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों को बीडीओ रोशमा डुंगडुंग तथा सी ओ श्रवण कुमार के द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने उनकी हौसला अफजाई करते हुए उनके कार्य की सराहना की।वहीं प्रशस्ति पत्र व सम्मान पाने वालों में बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर राधेश्याम यादव ,प्रधान सहायक फनी नाथ भूषण, 15वीं वित्त आयोग समन्वयक संतोष कुमार, दिलीप दास, गुलजार अली, प्रियंका दुबे ,विश्वजीत दुबे आदि शामिल थे।

### डीडीसी ने समाज कल्याण विभाग के साथ की बैठक

# कैंप लगाकर आधार अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



उप विकास आयुक्त रामगढ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने समाज कल्याण की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला परवेक्षिकाओं से प्राप्त की, तत्पश्चात जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो ने समाज कल्याण विभाग से संबंधी कार्यों की प्रगति से सम्बन्धी पीपीटी प्रस्तुत किया। बैठक में उपविकास आयुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में शत-प्रतिशत लाभुकों के पंजीकरण एवं उनका आधार सत्यापन का निर्देश दिया, साथ ही बच्चों का वजन माप, गृह भ्रमण,आंगनवाड़ी खुलने से संबंधी आंकड़ा शतप्रतिशत एंट्री करने का सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षकाओं को निर्देश दिया। साथ ही कैंप लगाकर आधार अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के स्तर से जो भी पेंडन्सी है 24 घन्टे के अंदर शून्य करने का निर्देश दिया। आधारभूत सरंचना से सबंधित जैसे भवन, पेयजल, शौचालय का भौतिक सत्यापन तीन दिनों के अंदर करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध करने का निर्देश दिया। इसके अलावे सेविका साहियका चयन एवं आयुष्मान कार्ड, चेहरा प्रमाणिकरण, एलएस ऑनबोर्डिंग फॉर आधार किट, गंभीर कुपोषित बच्चों के रेफरल से सबंधी कार्यों को गंभीरता से करने का भी सख्त निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से सभी सीडीपीओ ,महिला पर्यवेक्षिकाओ ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी यूआईडी , कार्यपालक अभियंता विद्युत उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में बहाल हुई एसी सुविधा, मरीजों को मिली राहत

**रामगढ़।** रामगढ़ सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में गर्मी के कारण मरीजों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) और भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने कुछ दिन पूर्व एसी की सुविधा बहाल करने की मांग रखी थी। इस मांग पर संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए डायलिसिस सेंटर में एसी सुविधा यथाशीघ्र बहाल करने का निर्देश जारी किया। इससे इलाजरत मरीजों को काफी राहत मिली है। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने शनिवार को स्वयं सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और स्थिति संतोषजनक पाया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में हमलोग लगातार जनहित का कार्य कर रहे हैं। यह कार्य जनसेवा की भावना से प्रेरित है। मरीजों की पीड़ा को महसूस करते हुए हमने यह मांग रखी थी, और आज उसका समाधान होते देखना सुखद है।

## फेरी कर गद्दा व रजाई बनाने वाले की बेटी मैट्रिक की परीक्षा में बनी रामगढ़ जिला टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड मैट्रिक की परीक्षा में एस एस प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा सामिया नाज ने 476 अंक लाकर रामगढ़ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जिला का नाम रौशन की है। सामिया नाज ने कुल 476 अंक प्राप्त किया। सामिया की सफलता के बाद उनके घर पर बधाई देने वालो की तांता लग गया। सामिया के पिता मो अशरफ फेरी कर गद्दा व रजाई बनाने का काम करते हैं, जबकि माँ रूबी प्रवीण गृहणी हैं। समिया नाज तीन बहनो में मांझिल है। उसकी बड़ी बहन भी मैट्रिक की परीक्षा रांची संतना विद्यालय से दी थी। जिसमें 91.2% अंक से उत्तीर्ण हुई है। सफलता के बाद सामिया नाज से पूछे जाने पर कहा कि अभी आगे चलकर बारहवी की परीक्षा में इसे भी बेहतर परिणाम लाने का प्रयास रहेगा। उसके बाद ऊंचे से ऊंचे पद को प्राप्त करने की कोशिश करेंगी। साथ ही आगे सिविल सर्विस में बड़ा से बड़ा पद हासिल करना चाहेंगी। मेरी भी इच्छा है कि एक ईमानदार और ससक्त अधिकारी बनकर देश की सेवा करूँ। इसके लिए आगे भी कड़ी परिश्रम करती रहूँगी। सामिया ने कहा कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी में कोचिंग मोती कृष्णा कोचिंग सेंटर, अब्दुल सलाम कोचिंग सेंटर, अजय कुमार कोचिंग सेंटर व ऑनलाइन की मदद ली। साथ ही कहा कि मेरे माता-पिता ने मेरा विशेष मार्गदर्शन किया। सामिया ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय की छात्रा रूपा कुमारी 467 और रीतिका कुमारी 464 अंक प्राप्त कर जिला में छठा एवं सातवा स्थान हासिल कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

### डाड़ी में विकास योजना को लेकर हुई समीक्षा बैठक हुई

गिद्दी। डांड़ी प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया ने समीक्षा बैठक की। बैठक मे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, अबूआ आवास योजना, 15 वें वित विभाग योजना सहित चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में बिरसा हरित आम बगवानी को लेकर गड्डा खुदाई कार्य तय समय में करने, हेसालौंग और टोंगी पंचायत में मनरेगा योजना में मानव दिवस वृद्धि कराने, बगवानी मेला का आयोजन करने, कुआं का निर्माण तय समय पर पूरा करने आदि का निर्देश दिया गया।

### डेंटल कॉलेज कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग प्रयोगशाला का हुआ उद्घाटन

# कृत्रिम अंगों के डिजाइन और निर्माण में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबागा**



रखंड के अग्रणी दंत चिकित्सा संस्थान हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल में सोमवार को अत्याधुनिक कैड/कैम (कंप्यूटर एडेड डिजाइन/कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। नवीनतम तकनीक और सॉफ्टवेयर से सुसज्जित इस प्रयोगशाला का उद्देश्य छात्रों को दंत पुनर्स्थापन और कृत्रिम अंग के डिजाइन और निर्माण में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्री कृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, प्रोफेसर डॉ सौवीर पांडे, रीडर डॉ दया शंकर और सभी विभागों के एचओडी और संकायों सहित सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने औपचारिक रूप से फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया। जिससे एचसीडीएसएच में दंत चिकित्सा शिक्षा में एक नए युग की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि सीएडी/सीएएम लैब को छात्रों को डिजिटल दंत चिकित्सा और नैदानिक अभ्यास में इसके अनुप्रयोगों की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। लैब सीएडी/सीएएम मिलिंग मशीन, थ्री-डी प्रिंटर सहित उन्नत सॉ फ़्टवेयर और हार्डवेयर से सुसज्जित है। छात्रों को नवीनतम तकनीक का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं पर काम करने, दंत बहाली और कृत्रिम अंग बनाने का अवसर मिलेगा। एचसीडीएसएच के प्रिंसिपल डॉ के श्री कृष्ण ने कॉलेज के बुनियादी ढांचे में और अधिक मूल्य जोड़ने वाली नई लैब के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीएडी/सीएएम लैब की स्थापना उच्च गुणवत्ता वाली राज्य प्रदान करने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उच्च गुणवत्ता वाली अत्याधुनिक सुविधा के साथ, हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल क्षेत्र में दंत चिकित्सा शिक्षा में अग्रणी बनने के लिए तैयार है।

## जय हिंद सेना निगरानी समिति के प्रदेश सचिव मनोनीत किए गए अरुण कुमार मेहता

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



जय हिन्द सेना निगरानी समिति के द्वारा सलैया,बरकट्ठा निवासी अरुण कुमार मेहता को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। जिनका मनोनयन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार केशरी ने अरुण मेहता को मनोनयन पत्र उन्हे भेजकर जानकारी दी है। जिसमें अरुण कुमार मेहता को प्रदेश सचिव के अतिरिक्त हजारीबाग एवं कोडरमा जिला का प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कहा कि आप जय हिन्द सेना के एक कर्मठ एवं जुजारू कार्यकर्ता रहे है इसलिए समिति आपको यह दायित्व देती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि समिति को आप निरंतर आगे बढ़ायेगें। मनोनयन संबंधी इसकी सूचना मुख्यमत्री झारखंड सरकार और पुलिस महानिदेशक झारखंड रांची को भी दिया गया है। अरुण मेहता को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देने वालों में युगेश्वर साव, ध्रुव नारायण पासवान, अशोक गुप्ता, सुरेंद्र पंडित, बंसी यादव, रीता देवी, फुलवा देवी, सत्तार अंसारी, जमीर अंसारी, सुनील चौधरी समेत अन्य लोग शामिल हैं।

### कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़।** महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन हुहुआ कोठार रामगढ़ में मंगलवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृति पर चर्चा की गई। मंच संचालन बीएड सत्र 2024-26 प्रशिक्षु विकास कुमार एवं मुस्कान शर्मा ने संयुक्त रुप से किया। प्राचार्य डॉ जीआर चौरिया की ओर से भारतीय शिक्षा एवं परंपरा को लेकर विस्तार पूर्वक बातों को रखी गई। सहायक प्राध्यापक दिनेश्वर मुंडा और सहायक प्राध्यापक जया झा ने भी अपने बातों को रखा। इसके साथ सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा, कला, और संस्कृति भारत की समृद्ध और विविध विरासत है।यह ज्ञान, कला, विज्ञान, दर्शन, और सामाजिक संरचनाओं का एक जटिल मिश्रण है जो भारत की पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा के बारे में विस्तृत बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव मनोज अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीआर चौरिया एवं सहायक प्राध्यापक डॉ नील कमल सिन्हा, सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश महतो, डी.एल.एड. सत्र 2023-25 एवं 2024-26 सभी प्रशिक्षुओं उपस्थित रहे।

# सिमडेगा की भारती, सुमन्त और प्रियांशु बने मैट्रिक टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में सिमडेगा जिले की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा भारती कुमारी एवं सुमन्त सिंह 94 %अंक प्राप्त कर जिला दोनों टॉपर का गौरव हासिल किया है। इसके अलावा लचरागढ़ प्रस्तावित उच्च विद्यालय का छात्र प्रियांशु कुमार साहू ने भी 94 अंक प्राप्त कर टॉपर होने का स्थान प्राप्त किया है इधर शिशु मंदिर सलडेगा में उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय ही नहीं, पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।भारती कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और नियमित पढ़ाई को दिया है। उसने कहा कि पूर्व प्राचार्य राजेंद्र साहू को विशेष रूप से धन्यवाद देंगे कि उसके मार्गदर्शन में मैं बेहतर पढ़ाई की है इसके अलावा वर्तमान प्राचार्य जितेंद्र पाठक और उनकी पूरी टीम को भी मैं आभार व्यक्त करती हूं जिनकी मेहनत और दृढ़ विश्वास की बदौलत में आज पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की हूँ उसने कहा कि पढ़ाई के प्रति लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने यह भी बताया कि आगे की पढ़ाई वह विज्ञान विषय लेकर करेगी और उसका लक्ष्य सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है। भारती ने कहा मैंने हमेशा अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर पढ़ाई की। कक्षा में शिक्षक जो भी समझाते थे, उसे गहराई से समझने की कोशिश करती थी। घर पर भी रोजाना पढ़ाई के लिए समय तय करती थी।भारती के पिता सुदर्शन सिंह ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, हमने हमेशा बेटी को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया और उसकी इच्छाओं को समर्थन दिया। आज उसका सपना साकार होता देखना अत्यंत सुखद है।विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों ने भी भारती को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र पाठक ने भी इस सफलता पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की है और साथ उन्होंने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से संबंधित जानकारी दी।

# जंगल में मिली अज्ञात युवती की लाश, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के आंवराजोर चुरैल भदरा जंगल में कुरडेगपुलिस ने एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया।थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि सोमवार शाम को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि आंवराजोर गांव के नजदीक चुरैल भदरा जंगल में एक युवती का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ ग्रामीणों के सहयोग से उक्त स्थान पर पहूंचकर शव बरामद किया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।पुलिस शव का पहचान कराने में जुट गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि शव तीन चार दिन पहले का है।प्रथम दृष्टि में हत्या का मामला प्रतीत होता है।शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा। आस पास के गांवों में शव का शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक अज्ञात शव का शिनाख्त नही हो पाया था।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो का विशाल धरना प्रदर्शन

● अनिल कंडुलना बोले
यह आंदोलन आदिवासी अस्मिता और अधिकारों की निर्णायक लड़ाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई, सिमडेगा द्वारा सरना धर्म कोड और आदिवासी धर्म कोड की मांग को लेकर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे।धरने को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं मिलती, तब तक जातीय जनगणना का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सरना धर्म का पालन करते हैं, इसके बावजूद इस धर्म को संवैधानिक मान्यता नहीं देना आदिवासी समुदाय के मौलिक अधिकारों का हनन है और उनके धार्मिक अस्तित्व पर सीधा हमला है।उन्होंने आगे कहा कि बिना सरना धर्म कोड के जातिगत जनगणना कराना सरना धर्मावलंबियों के साथ अन्याय होगा। झामुमो आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और पहचान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करता रहा है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस लड़ाई के अग्रिम पंक्ति में हैं।जिला सचिव मो. सफीक खान ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक सरना आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं होता, तब तक राज्य में जातीय जनगणना नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने इसे सिर्फ धरना नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान के अधिकार की निर्णायक लड़ाई बताया।धरना के उपरांत झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने भारत के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त सिमडेगा के माध्यम से सौंपा।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो. सफीक खान, उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, मो. रुफी, कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, केन्द्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, फिरोज अली, बिरजो कंडुलना, नुसरत खातून, प्रफुलित डूंगडूंग, जुसाब लुगुन, मो. इरशाद, जाफर खान, पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग, जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष फूलकुमारी समद, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साबिर अंसारी, नगर अध्यक्ष मो. आनस आलम, सभी प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, नगर के पदाधिकारीगण सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संत बियानी उच्च विद्यालय लचरागढ़ का मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, करण सिंह बना टॉपर





**नवीन मेल संवाददाता**

● विद्यालय टॉपर: करण सिंह (पुत्र रमेश सिंह) – 454 अंक
● जिला स्तर: करण सिंह ने जिला टॉप 10 में भी जगह बनाई

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत बियानी उच्च विद्यालय के छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया।विधालय के रमेश सिंह के पुत्र करण सिंह ने 454 अंक लाकर विधालय में टॉपर रहा वहीं जिला टॉप 10 में भी अपना स्थान हासिल किया है। विद्यालय के आशीष गुड़िया 439 अंक,शांतिएल बुढ़ 408,अर्पण तिर्की 396, अंकित कुमार साह 395,अभिषेक टेटे 394, विवेक बड़ाइक 390, सोनू साहू 387, अलेक्जेंडर तोपनो 380, साहिल जोजो 380, सलिम समद 374 अंक लाया। विद्यालय के कुल 171 छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा दी जिसमें 107 प्रथम श्रेणी,58 द्वितीय श्रेणी और 06 अनुत्तीर्ण हुए। विद्यालय के छात्रों के मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्राचार्य बेंजामिन समद, मंगल साहू, समीर कुजूर, अलेक्जेंडर टोप्पो, अनिता बडींग,आनंद डुंगडुंग,अनुप भेंगरा के अलावा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दिया है।

## मैट्रिक में 94% अंक लाकर प्रियांशु बना सिमडेगा टॉपर

● परीक्षा: झारखंड एकेडमिक काउंसिल मैट्रिक परीक्षा 2025
● सर्वोच्च छात्र: प्रियांशु कुमार साहु – 470 अंक (94%) के साथ जिले में टॉप



सिमडेगा झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों में कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ स्थित प्रस्तावित उच्च विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में एक बार फिर परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र प्रियांशु कुमार साहु ने 470 अंक (94%) प्राप्त कर सिमडेगा जिला में टॉप किया है।गौरतलब है कि प्रियांशु ने एसएस स्कूल, बानो से पंजीकरण कर परीक्षा में भाग लिया था, लेकिन वह लचरागढ़ स्थित विद्यालय में अध्ययनरत छात्र हैं।प्रियांशु ने हिंदी में 93, अंग्रेजी में 97, गणित में 96, विज्ञान में 91 और सामाजिक विज्ञान में 93 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकों और कठिन परिश्रम को दिया है। उन्होंने कहा कि वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं और उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करना उनका लक्ष्य है।प्रियांशु के पिता अनुप कुमार साहु बाजार महुआ इमली में व्यवसाय करते हैं जबकि माता रीता कुमारी गृहणी हैं।इस वर्ष विद्यालय से कुल 100 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 66 प्रथम श्रेणी, 32 द्वितीय श्रेणी तथा 2 तृतीय श्रेणी में सफल हुए हैं। विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कल्याणी बरला सहित शिक्षक मनोहर प्रसाद, सूर्यभूषण स्वर्णकार, मनिंद्र सिंह, सोनू सिंह, रश्मि एक्का, मंजू कुमारी, निर्मला कुमारी, कॉर्नेलियस सोरेंग एवं यज्ञवीर ने प्रियांशु को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नवपदस्थापित उपायुक्त कंचन सिंह ने ग्रहण किया पदभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला को नई उपायुक्त मिल गई हैं। शनिवार को नवपदस्थापित उपायुक्त कंचन सिंह ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर जिले के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी अरुणा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने उपायुक्त को बधाई दी और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।पदभार ग्रहण के बाद उपायुक्त कंचन सिंह ने समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, स्वच्छता बनाए रखने और जनसेवा के प्रति गंभीर रहने का निर्देश दिया।मीडिया से बातचीत में उपायुक्त ने कहा कि उनका उद्देश्य जिले के समग्र विकास को गति देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, आदिवासी कल्याण और मानव तस्करी पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने ग्रामीण विकास के माध्यम से सिमडेगा को राज्य और देश स्तर पर एक मॉडल जिला बनाने की बात कही।उपायुक्त ने जनता से संवाद को सर्वोपरि बताया और कहा कि उनका द्वार 24x7 खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के परस्पर सहयोग से ही जिले का सर्वांगीण विकास संभव है।

## डीसी कंचन सिंह ने पदभार संभालते ही अधिकारियों संग की पहली बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले की नवपदस्थापित उपायुक्त कंचन सिंह ने मंगलवार को पदभार ग्रहण के पश्चात समाहरणालय सभागार में जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और प्रशासनिक कार्यों में उनके सहयोग की अपेक्षा जताई।उपायुक्त ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि



जिले में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि टीम भावना और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता के प्रति पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जिससे जिले की छवि खराब हो।उन्होंने कहा कि आपकी सफलता मेरी सफलता होगी, आपकी असफलता मेरी असफलता होगी। यदि कोई अधिकारी गलत कार्य करेगा, तो मैं उसे अपनी जिम्मेदारी मानूंगी।उपायुक्त ने सभी को ईमानदारी और सेवा भावना से संवेदनशील होकर कार्य करने की सलाह दी और कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखना ही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि एक प्रभावी प्रशासन के लिए तीन मुख्य आधार आवश्यक हैं दृढ़ता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता। यही उनके प्रशासनिक कार्यशैली के मूल स्तंभ होंगे। उन्होंने कहा कि मेरे सभी अधिकारी गरिमा के साथ कार्य करें, शासन हमें वेतन देकर समाज की सेवा करने का अवसर दे रही है, इसलिए यह हमारा दायित्व है कि हम सेवा भाव से अपने कार्यों को अंजाम दें।उन्होंने आगे कहा कि जिले की जनता शांतिप्रिय और सजग है, लेकिन कई बार उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं होती। यह हमारा कर्तव्य है कि हम सरकार की योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचाएं और एक समावेशी समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग की अपील की और कहा कि प्रशासनिक कार्यों में जनहित को सर्वोपरि रखें।

# पहली बारिश में बहा पुल, कर्राडमाइर के ग्रामीणों ने पक्के पुल की मांग दोहराई

**नवीन मेल संवाददाता**




**बानो।** प्रखंड के कर्राडमाइर में पांगुर नदी पर बना लकड़ी का पुल भारी बारिश से बह गया। मालूम हो कि प्रखंड मुख्यालय और पंचायत से कर्राडमाइर के बीच पांगुर नाला है जिस पर पुल नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।कुछ महिनों पूर्व ग्रामीणों ने श्रमदान कर पंचायत और प्रखंड मुख्यालय आने के लिए लकड़ी का पुल बनाया था दो दिन पूर्व भारी बारिश के कारण लकड़ी का पुल बह गया जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गांव के सहदेव कोटवार ने बताया कि गांव तक पहुंचाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया गया है लेकिन पांगुर नाला पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में काफी परेशानी होती है गांव के लोग पंचायत और प्रखंड मुख्यालय से कट जाते हैं।उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के लिए विधायक सांसद को कई बार आवेदन दिया गया लेकिन अब तक पुल नहीं बन पाया है।मालूम हो की 2024 में कर्राडमाइर गांव में एक व्यक्ति को सांप ने दंस लिया था जिसे इलाज हेतू बानो लाया जा रहा था।पुल नहीं होने के ग्रामीणों ने खटिया के सहारे से बहती नदी से घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचा जिससे अस्पताल पहुंचने में काफी विलंब हो गया था।पुल के अभाव और अस्पताल ससमय नहीं पहुंचने के कारण घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी।जिस पर ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया था।इसके बाद जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना और झामुमो के मोहम्मद तनवीर हुसैन ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेते हुए मामले और उक्त समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराया था।मामले पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने भी संज्ञान लिया था इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा अभियंता को भेजकर पुल बनाने हेतु स्थल निरीक्षण कराया गया था।फिलहाल मामला जो भी हो 1 साल बीत जाने के बाद भी अब तक पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। बरसात के पूर्व अगर पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता है ग्रामीणों को बरसात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।मानसून की पहली बारिश में ही श्रमदान कर बनाई गई लकड़ी का पुल बहकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।कर्राडमाइर गांव के ग्रामीणों ने जल्द पुल बनाने की मांग की है।

# बानो पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** ऑनलाइन साइबर ठगी के आरोपी को बानो पुलिस ने गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दो वर्ष पूर्व बानो थाना क्षेत्र के ग्राम बुजगा पोस्ट बोरोसेता निवासी शिवकुमार सिंह ने 5 अगस्त 2023 को बानो थाना में ऑनलाइन साइबर ठगी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था।ऑनलाइन साइबर ठगी के द्वारा उनके खाते से 3-4 बार करके कुल 74,120 रूपए की ठगी कर ली गई थी।जिस पर अनुसंधान चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा के नेतृत्व में महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी,बानो थाना के एएसआई सत्यानारायण कुमार सिंह और सशस्त्र बलों की एक टीम कर गिरफ्तार किया गया.आरोपी फरार चल रहा था जिसे सोमवार रात मे बानो पुलिस के द्वारा जिला देवघर थाना क्षेत्र देवीपुर से पकड़कर बानो थाना लाया और 27 मई को बानो थाना कांड संख्या 55/23 दिनांक 05/08/2023 धारा 420, 66(C) 66 (D) भा०द०वि० आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त इनामुल अंसारी को साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार कर सिमडेगा न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।आरोपी को गिरफ्तार करने में बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा,महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी,एएसआई सत्यानारायण कुमार सिंह और थाना के जवानों ने सहयोग किया।

## डीसी के कार्यों की छठ पूजा सेवा संस्थान ने की सराहना

**सिमडेगा।** जिले के उपायुक्त अजय कुमार सिंह का हाल ही में तबादला हो गया है। उनके स्थानांतरण की सूचना मिलते ही जिलेभर में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की ओर से उनके कार्यकाल की सराहना की जा रही है। इसी क्रम में शंख नदी छठ पूजा सेवा संस्थान ने एक बयान जारी कर अजय कुमार सिंह द्वारा किए गए कार्यों को ऐतिहासिक और जनहित में अविस्मरणीय बताया है।संस्थान के संस्थापक सदस्य प्रदीप केसरी ने बताया कि नवंबर 2023 का महीना छठ महापर्व के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज रहेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने छठ पूजा से पहले स्वयं संगम घाट का निरीक्षण कर व्रतधारियों को हो रही समस्याओं को देखा था। इसके उपरांत उन्होंने दो किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क के पक्कीकरण तथा घाट के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया, जिसे स्थानीय जनता अब भी एक तोहफे के रूप में देखती है।संस्थान ने बताया कि अजय कुमार सिंह के निर्णयों से छठ पर्व के आयोजन को न केवल सुविधा मिली, बल्कि संगम घाट को पर्यटन की दृष्टि से भी एक नई पहचान मिली है।

## सोय नाला पुल के नवनिर्माण को लेकर धरना प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो से बाकू टोली होते हुए रांची जानेवाली सड़क पर सोय नाला पर विगत आठ वर्ष पहले बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। वर्तमान में प्रशासन द्वारा सोय नाला पर पुराने पुल से मिट्टी डालकर आवागमन शुरू कराया गया है,जो बारिश में बन्द हो जायगा। नये पुल निर्माण को लेकर सोय मुखिया सोमारी कैथवार, कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी के नेतृत्व में बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी, सीओ रवि भूषण प्रसाद एवं थाना प्रभारी को आवेदन देकर सोय नाला पुल पर नये पुल निर्माण को लेकर धरना प्रदर्शन किया।मुखिया सोमारी कैथवार एवं सीता कुमारी ने बताया कि सोए, कानसोदे, सेमाहातु पंचायतों के लगभग तीस गांव के लोगो को बारिश में आनेजाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश में सोए नाला पर पुराने टूटे हुए पुल का डायवरसन पानी में आवागमन लायक नहीं रहेगा ,इसलिए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सरकार एवं प्रशासन से सोए नाला पर जल्दी ही नए पुल निर्माण की मांग की है। प्रदर्शन में वार्ड सदस्य मोहन नाग, नमलेन जडिया,सुरेंद्र नाग,अनूप महतो, राम धन साहू, हरख मन साहू, सहित काफी संख्या ने महिला पुरुषों ने भाग लिया।सुरक्षा को देखते हुए एएसआइ सतीश महतो पुलिस बल के साथ स्थल पर मौजूद रहे।

## सिमडेगा नगर भवन में 28 मई को होगा 'संविधान बचाओ अभियान' का आयोजन

**सिमडेगा।** संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से संविधान बचाओ अभियान का आयोजन कल दिनांक 28 मई 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सिमडेगा नगर भवन में किया जाएगा।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी वेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी, जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की मुख्य रूप से शामिल होंगे।कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारी पूरी कर ली है। जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने बताया कि यह आयोजन संविधान की मूल भावना समानता, न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक प्रयास है। उन्होंने सभी लोकतंत्र-प्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाएं।

# नेहरू आज भी देशवासियों के दिलों में जीवित हैं : डेविड तिर्की




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी सिमडेगा द्वारा मंगलवार को पार्टी कार्यालय, प्रिंस चौक में आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने की।पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर डेविड तिर्की ने कहा कि नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी और लोकतंत्र, विज्ञान, शिक्षा, तकनीक, सद्भाव और समावेशी सोच को मजबूती दी। उन्होंने नेहरू जी के 1954 के स्वतंत्रता दिवस भाषण को याद करते हुए कहा कि जब तक देश से गरीबी, भूख, अशिक्षा दूर नहीं होती, तब तक आजादी अधूरी मानी जाएगी।उन्होंने कहा कि आज भी नेहरू का सपना जीवित है, और देश की प्रगति में उनके द्वारा स्थापित संस्थान-आईआईटी ,एम्स,, इसरो, सरकारी उपक्रम मील का पत्थर हैं। नेहरू जी केवल बोलने वाले नहीं, जनता की सुनने वाले नेता थे।कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नॉमिता बा, मो. समी आलम, कौशल किशोर रोहिल्ला, रणधीर रंजन, मो. तनवीर खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नेहरू के योगदान को याद करते हुए उन्हें दूरदर्शी, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी और देश के पहले सच्चे योजनाकार के रूप में स्मरण किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और एकजुटता के संकल्प के साथ किया गया।

### मंदिर में चेन स्नैचिंग करती युवती को महिलाओं ने रंगेहाथ पकड़ा

# पिटाई के बाद पुलिस के हवाले किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**



सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर तेलीपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में यज्ञ अनुष्ठान चल रही है. परिक्रमा कर रही महिलाओं के बीच शामिल होकर एक शातिर युवती ने चेन स्नेचिंग करने की कोशिश की. जिसमें वह असफल रही और पकड़ी गई. शातिर युवती एक महिला के चेन को दांत से काटकर भागने के प्रयास में थी. तभी महिला को पता चल गया. मौके पर भुक्तभोगी और वहां मौजूद महिलाएं भी चेन स्नेचर युवती के पीछे दौड़ पड़ी और उसे पकड़ लिया. शातिर युवती को पकड़ने के बाद पूजा मंदिर पहुंची महिलाओं ने उसकी खूब पिटाई की. सूचना पाते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. जिसके बाद महिलाओं ने स्नैचर युवती को पुलिस के हवाले कर दिया. स्नैचर युवती की पहचान जिले के शिमलडीह निवसी के रूप में हुई है. पीड़ित महिला प्रार्थना देवी ने बताया कि यज्ञ में परिक्रमा कर रही थी. इसी दौरान पीछे से किसी का हाथ पीठ पर सटा और चेन को दांत से काटने की आवाज आई. पीछे मुड़कर देखा तो वह भागने की फिराक में थी. शोरगुल के बाद अन्य महिलाओं ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई भी की गई. घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंचकर युवती को हिरासत में ले ली. वहीं मामले को लेकर विधि व्यवस्था डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. फिलहाल पुलिस आरोपी युवती से पूछताछ कर रही है. युवती के साथ शामिल अन्य लोगों की जानकारी के लिए पुलिस पूछताछ कर रही है. आरोपी युवती किसी गिरोह से जुड़ी है, इस बात का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है.

## कोल इंडिया के 223 कर्मचारी बने अधिकारी

**धनबाद।** कोल इंडिया की अलग-अलग कंपनियों में कार्यरत 223 कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारी (ई-2 ग्रेड) के पद पर प्रोन्नति दी गयी है. इनमें बीसीसीएल के सात कर्मचारी शामिल हैं. प्नोन्नति के साथ ही उनका पदस्थापना भी कर दिया गया है. जिन कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गई है, उन्हें 50,000-1,60,000 रुपये के वेतनमान व अन्य भत्तों का लाभ मिलेगा. इस संबंध में कोल इंडिया की स्थापना विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. जारी अधिसूचना के अनुसार, बीसीसीएल से प्रोन्नति पाने वालों में विजय कुमार बारला, अजीत कुमार शामिल हैं.

# विद्यार्थियों के लिए सरकार की है कई कल्याणकारी योजनाएं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रखी है. जो विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने में मददगार बन रहा है. बीडीओ जयपाल महतो ने विशेष वार्ता में शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. जिसे "राष्ट्रिय नवीन मेल" अपने "वार्ता" कार्यक्रम के माध्यम से क्रमबद्ध तरीकों से आप तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है. **प्रस्तुत है कल्याणकारी योजनाओं के प्रमुख अंश :** मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना : यह योजना सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए है. जिन्हे सरकारी विद्यालय में अध्यनरत होना अनिवार्य है. साथ ही राज्य सरकार के किसी अन्य छात्रवृत्ति योजना से आच्छादित नही होना चाहिए. इस योजना के तहत कक्षा 1 से 4 के लिए 500 रुपए, कक्षा 5 से 6 के लिए 1000 रुपए, कक्षा 7 से 10 के लिए 1500 रुपए और कक्षा 11 से 12 के लिए 23 रुपए प्रति छात्र प्रति वर्ष छात्रवृति की राशि देय है. इसके लिए विद्यालय प्रधान विद्यार्थियों नाम, खाता संख्या, आधार संख्या आदि विवरण प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करवाना अनिवार्य होता है. जिसे जिला कार्यालय या झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय अन्तिम रूप से चयन कर पीएमएमएस के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में डीबीटी किया जाता है. निःशुल्क पोशाक योजना : विद्यार्थियों में समरूपता लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्राओं को निशुल्क पोशाक उपलब्ध करवा रही है. कक्षा 1 से 8 के लिए समग्र शिक्षा और 9 से 12 के लिए राज्य योजना के तहत पोशाक उपलब्ध करवाये जाते हैं.

### अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ हुए शामिल

# देश वासियों को अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को अपनाने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी के तत्वाधान में राधा गोविंद विश्वविद्यालय में मंगलवार को लोक माता पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म शताब्दी को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में 11:00 बजे किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, प्रति कुलाधिपति डॉ रश्मि और प्रियंका कुमारी उपस्थित हुए । गोष्ठी के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कहा कि अहिल्याबाई होलकर की विरासत आज भी प्रासंगिक है और हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की कहानी महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक उदाहरण है और हमें महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए काम की । आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके ही प्रेरणा से भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बना रहें हैं बल्कि 18 करोड़ घर, उज्ज्वला योजना के तहत 20 करोड़ महिलाएं के रसोई में गैस चूल्हा पहुंचा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से आज देश की बेटियां सशक्त हो रही हैं आज सैनिक स्कूल में हमारी बेटियां प्रवेश ले रही हैं और आने वाले समय में सेना के उच्चतम पद पर अवश्य पहुंचेगी। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर के मूल्य मंत्र से आज भारत दुनिया के चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है।

## सारथी नेटवर्क में माध्यम से रामगढ़ जिले में होगा बदलाव

**रामगढ़ ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने औद्योगिक परिवर्तन और खास कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निबटने के लिए आदिवासी की संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। इसी कड़ी में रामगढ़ जिला में सारथी नेटवर्क कार्यक्रम चलाया जायेगा। इसका नेतृत्व अग्रगति संस्था करेगा । उक्त बातें संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही । उन्होंने कहा कि सारथी एक ऐसा मंच है, जो सरकार, नागरिक समाज और समुदायों के बीच सेतु का कार्य करेगा। यह नेटवर्क झारखंड सरकार की विकासशील और जनकेंद्रित दृष्टि के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में यह नेटवर्क सहायक भूमिका निभाएगा।

### महायज्ञ के पांचवें दिन विधायक ने किया उद्घाटन

# धार्मिक वेला व जागरण मंच धार्मिक चेतना को करता है जागृत : विधायक



**बरही।** बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत के जरहिया गांव में चल रहे श्री श्री 1008 शिव शक्ति महायज्ञ के पांचवें दिन माता का जागरण का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया नीलम देवी, उपमुखिया बिनोद यादव आदि संग शामिल हुए. जिनका महायज्ञ समिति ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. जागरण का शुभारंभ मुख्यातिथि संग उपस्थित अतिथि व महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इसके विश्वकर्मा म्यूजिकल ग्रुप रामगढ़ की टीम ने भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को रात भर झुमाया. इसी क्रम में विधायक श्री यादव ने बजरंगबली तेरा क्या कहना ? जैसे भक्ति संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया. पूरा माहौल खुशनुमा हो गया और भक्ति संगीत का भरपूर आनंद उठाया.


**E-Procurement Notice**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION-2,Ranchi**

**Very Short Notice Inviting Tender 2nd Call**
**Tender Reference No:-R.F.P 02 /2025-26/BCD/EE/ DIV NO-02,RANCHI. Date:-28-05-2025**

*Online* bids are invited by Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division-02,Ranchi for appointing *Consultancy Service for Preparation of DPR " Acoustics Treatment enhancement/ Design, testing of Sound system and Consultancy for the Jharkhand Vidhan Sabha Assembly Hall" at Dhurwa, Ranchi."* from qualified reputed Consultancy firms.

| | |
|---|---|
| Date of Upload of RFP Document | *From 03.06.2025 , 10.00 A.M.* |
| Last date of online submission of RFP and Bid Document | *10.06.2025 upto 1.00 P.M* |
| Date and Time of Opening of Technical | *11.06.2025 at 1.00 P.M* |
| Time of work completion | *02 (Two) Months* |
| Date of Pre Bid meeting | *05.06.2025 at 11.30 A.M.* |
| Place of Pre Bid meeting | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Place of Opening | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Cost of RFP Documents | *Rs.3,000/-( Three Thousand Only)* |

Note-Only electronic receipt of Cost of Tender and Earnest Money Deposit (Bid Security) will be acceptable as per provisions of Standard Operating Procedure (SOP) Issued by Information Technology & e- Governance Department, Government of Jharkhand Vide Order Memo No. 120, Dt. 03.10.23 of Secretary, Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand. 1st Call Tender Reference No- R.F.P 01 /2025-26/BCD/EE/DIV NO-02 and PR No-351394 Building (25-26)D
http://jharkhandtenders.gov.in
Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
BuildingConstruction Department,
Building Division-2,Ranchi.

PR 353634 Building(25-26).D


### सिपाही मौत मामला: डीआईजी पहुंचे साहिबगंज

# घटनास्थल का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**



पुलिस लाइन में कार्यरत सिपाही सुरजीत कुमार यादव का शव महिला सिपाही बैरक के पास संदिग्ध अवस्था में मिला था. मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी अंबर लकड़ा साहिबगंज पहुंचे. पुलिस लाइन के घटनास्थल पर पहुंच कर डीआईजी ने बारीकी से निरीक्षण किया.इधर रांची से पहुंची फॉरेंसिक जांच टीम अपने स्तर से जांच कर रही है. एसपी के निर्देश पर बनी एसआईटी अपने स्तर से जांच कर रही है. सिपाही सुरजीत यादव कहां-कहां सोते थे. किससे अधिक संपर्क में था, इसको लेकर पुलिस अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है. घटना को लेकर डीआईजी ने बताया कि जांच चल रही है. बहुत जल्द गुत्थी सुलझा ली जाएगी. पूरी टीम काम कर रही है. उन्होंने कहा कि टीम छत से गिर कर मौत के संदेह पर भी जांच कर रही है. फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. सुरजीत यादव पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना अंतर्गत ग्वालपाड़ा गांव के रहने वाले थे. सुरजीत 2011 में सिपाही में भर्ती हुए थे. सिपाही सुरजीत की शादी 2015 में साहिबगंज सदर प्रखंड के सुरेंद्र यादव की बड़ी बेटी से हुई थी. सिपाही सुरजीत की दो बेटी है, जिसमें एक सात साल और दूसरी दो साल की है. सिपाही सिविल जज के अंगरक्षक में भी तैनात रह चुके थे. उनका शव मिलने के बाद पाकुड़ भेज दिया गया है. रविवार देर रात सिपाही सुरजीत यादव का अंतिम संस्कार किया गया.

- **सुरजीत 2011 में सिपाही में भर्ती हुए थे. सिपाही सुरजीत की शादी 2015 में साहिबगंज सदर प्रखंड के सुरेंद्र यादव की बड़ी**

### बारिश की दोहरी मार! बर्बाद हुई जेढुआ की फसल

# बची सब्जियों का नहीं मिल रहा वाजिब भाव

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



पिछले 15-20 दिनों से गिरिडीह में लगभग हरेक दिन बारिश हो रही है. इस बारिश की वजह से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है. बारिश ने जेठुआ की फसल को बर्बाद कर दिया है. ऐसे में किसान चिंतित हैं और परेशान भी. किसान अब मदद की गुहार लगा रहे हैं. बेंगाबाद प्रखंड के मोतिलेदा के किसान पोखन महतो ने बताया कि समय से पहले बरसात आ गई. रोज बारिश होने लगी तो खेत में लगी जेठुआ सब्जी खराब होने लगी. अब थोड़ा बहुत लत या पौधा बचा है. कहा कि सब्जी को लगाने में और पैदावार तक तैयार करने में काफी खर्च करना पड़ा. रोज पटवन भी करना पड़ा. फसल तैयार हुई, कुछेक दिन बाजार लेकर गए भी फिर बारिश शुरू हो गई. अब तो हर रोज पानी पड़ ही जाता है. वहीं गिरिडीह शहर सब्जी लेकर पहुंची बेंगाबाद प्रखंड के बिजलीबथान गांव की महिला किसान रेखा देवी का कहना हैं कि बारिश ने सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया. जो सब्जी बची है उसे लेकर वह बाजार आती है तो उसका मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है. रेखा कहती हैं कि किसान का तो सिर्फ मरना है. कुछ इसी तरह की बात महिला किसान बिजलवा देवी भी कह रही हैं. यह भी कहती हैं कि सब्जी लेकर वह हर रोज गिरिडीह पहुंचती है लेकिन सब्जी का दाम नहीं मिल पा रहा है. इस बार बहुत ही उम्मीद से जेठुआ की फसल लगायी थी. उम्मीद थी कि लागत के साथ फायदा भी वसूल लेंगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ. अब तो नुकसान कितना हुआ इसका आकलन करना है. बारिश का असर आगे की फसल पर भी पड़ सकता है. कहीं ऐसा नहीं हो कि किसान धान का बिचड़ा तैयार करे और फिर बारिश ही नहीं हो.


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION ,GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:-**
**WRD/MID/GUMLA/B.D./S.L.I.-01/2025-26**
**Letter No- 560 Date-27/05/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Katkaian Solar Lift Irrigation Scheme in Block-Raidih, Dist.-Gumla . |
| 2 | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 120.228 Lakh |
| 3 | Cost of tender document (in Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Rs. 1,20,300=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date:13.06.2025 Time: 2PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:20.06.2025 Time:5PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-13.06.2025 Time:-2 PM Last Date:-20.06.2025 Time:- 5 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 23.06.2025 Time: 2PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Gumla. |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 8986890345 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Helpline No. of Procurement Cell | 0651-2491232 |

Note:-
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface Water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**
- **Published Estimated Cost May Increase or Decrease.**

Further detail scan be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 353665 Minor Irrigation(25-26).D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Gumla.


# नगर निगम के पर्यवेक्षक नियुक्त हुए मुन्ना सिंह



हजारीबाग । झारखंड में नगर निगम चुनावों की तैयारियों के बीच कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो के आदेश के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन नगरीय क्षेत्रों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें हजारीबाग नगर निगम के पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुन्ना सिंह को उनकी संगठनात्मक दक्षता और स्थानीय नेतृत्व के साथ बेहतर समन्वय की क्षमता के आधार पर यह भूमिका मिली है। वे लंबे समय से अपने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य आगामी नगर निकाय चुनावों में पार्टी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना और संगठन को प्रभावी बनाना है। सिंह ने इस नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो, झारखंड प्रभारी राजू कुमार, सीएलपी लीडर प्रदीप यादव और राजेश कच्छप का धन्यवाद किया है। पार्टी ने सभी पर्यवेक्षकों से उम्मीद जताई है कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यक्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

## स्कूल ललकी घाटी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



**रामगढ़।** 27 मई 2025 दिन मंगलवार को जैक बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षाफल 2025 में राधा गोविन्द हाई स्कूल ललकी घाटी रामगढ़ के छात्र छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। ग्रामीण परिवेश के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लोगों एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष प्रकट किया है |इस विद्यालय के कुल 71 परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 62 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए जिसमें अंकित कुमार (87%) गीता कुमारी (85%) सुमन कुमारी (85%) साक्षी कुमारी (83%) और सृष्टि कुमारी (83%) प्रतिशत हासिल कर विद्यालय में सवोच्च स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर बच्चों ने अपने विद्यालय के साथ साथ माता पिता का सम्मान बढाया। इस खुशी पर विद्यालय सचिव बी०एन०साह ने सभी सफल छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महिला की हत्या के बाद परिवार गया था श्राद्ध कर्म करने

# चोरों ने घर का ताला तोड़कर सामान समेत ढाई लाख के जेवरात लूट लिए

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**



झारखंड की उपराजधानी दुमका में चोरी की बड़ी वारदात हुई है. चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए ढाई लाख रुपये के जेवर नगदी पर हाथ साफ कर दिया है. घटना दुमका नगर थाना क्षेत्र के कब्रिस्तान रोड स्थित केवटपाड़ा में हुई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 मई की शाम मामूली विवाद में छोटू नामक शख्स ने पड़ोस की 55 साल की महिला विमला सिंह की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी थी. परिवार के सभी लोग मृत महिला के श्राद्ध कर्म के लिए पैतृक गांव देवघर के सारवां गए थे. इसी बीच चोरों ने फायदा उठाकर घर में चोरी की है. विगत सोमवार की दोपहर एक बजे मृतका की बेटी जब घर वापसी आई तो घर के दरवाजे का ताला टूटा देखकर अवाक रह गई. उसने फौरन मामले की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी. जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की. मृतका के भतीजे नितेश सिंह ने पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. 14 मई की शाम को गंदे पानी के विवाद में हजारीबाग के चौपारण थाना में पदास्थापित सहायक अवर निरीक्षक लालचंद्र साह के बेटे फूलचंद्र साह उर्फ छोटू ने विमला सिंह की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी थी. पत्नी को बचाने आए शिक्षक मनोज सिंह पर भी हमला किया था. मनोज का इलाज अभी रांची रिम्स में चल रहा है. मनोज का पैतृक घर देवघर के सारवां में हैं. इसलिए विमला देवी का अंतिम संस्कार भी वहीं हुआ. रविवार को उनका श्राद्धकर्म था. परिवार के सभी लोग इसमें शामिल होने के लिए गए थे. चोरों को इस बात की जानकारी दी थी कि विमला देवी का रविवार को श्राद्ध कर्म है और परिवार के सभी लोग इसमें शामिल होंगे. अनुमान लगाया जा रहा है कि रविवार की रात चोर घर की चहारदीवारी फांदकर अंदर आए और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे. इसके बाद दो अन्य कमरों का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए. बेटी जब मां के श्राद्ध कर्म से वापस आई तो मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर दाखिल हुई.

#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस संबंध में दुमका के नगर थाना प्रभारी नंद किशोर प्रसाद ने कहा कि शिक्षक मनोज कुमार सिंह के घर चोरी हुई है. परिवार के सभी लोग मृतका विमला सिंह के श्राद्ध कर्म में गए हुए थे. चोर दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए और कीमती सामान लेकर निकल गए. पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है.

## टाटा स्टील सिक्योरिटी रिस्क कमेटी का गठन, डीबी सुंदर बने अध्यक्ष

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की सिक्योरिटी रिस्क सब कमेटी का गठन किया गया है. वीपी कॉरपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रमम कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए हैं. वहीं, चीफ सिक्योरिटी कलिंगानगर व मेरामंडली प्रकाश संजय को वैकल्पिक चेयरपर्सन और चीफ सिक्योरिटी व ब्रांड प्रोटेक्शन अरविंद कुमार सिन्हा को संयोजक बनाया गया है. चीफ क्लाउड इंफ्रा नेटवर्क व साइबर सिक्योरिटी मृणाल कांति पाल को आईटीएस का इनवाइटी बनाया गया है. कमेटी में सदस्य के तौर पर वीपी लांग प्रोडक्ट आशीष अनुपम, चीफ ग्रुप एचआरआईआर जुबिन पालिया शामिल किए गए हैं.


**जिला परिवहन कार्यालय, राँची**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऐसे वाहन जो अन्य राज्यों से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत होने के पश्चात् जिला परिवहन कार्यालय, राँची में वर्त्तमान पता दर्ज कराने के पश्चात् Local Registration Mark आवंटित नहीं कराया गया है वैसे वाहनों के संदर्भ में महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के अंकेक्षण दल द्वारा आपत्ति दर्ज की गई है।

अतः उक्त स्थिति में वैसे वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपने वाहन का Local Registration Mark आवंटित कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
राँची

PR 353563 Transport(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दृढ़ निश्चय कर लीजिए कि आप समस्याओं से प्रभावित नहीं होंगे, आप चिड़चिड़े नहीं बनेंगे, आप आदतों एवं मनोभावों के शिकार नहीं बनेंगे, आप एक पंछी की तरह स्वतंत्र बनेंगे। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# छोटी बचत को बढ़ावा भारत की मांग

भारत की अनुमानित आबादी लगभग 140 करोड़ है, जिसमें से मार्च 2025 तक शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों की संख्या 11.3 करोड़ से अधिक थी, जबकि पोस्ट ऑफिस में निवेश करने वाले निवेशकों की संख्या लगभग 13 करोड़ थी, जबकि बैंकों में 31 मार्च 2024 तक 253 करोड़ से अधिक जमा खाते थे। इसमें महिलाओं की संख्या 39.2 फीसदी, जबकि पुरुषों की संख्या 60.8 फीसदी थी। वहीं, ग्रामीण इलाकों में 42.2 फीसदी महिलाओं के बैंकों में जमा खाते थे। अमूमन पैसे दो तरह से कमाए जाते हैं। पहले के तहत नौकरी या कारोबार से आय अर्जित की जाती है और दूसरे के तहत पैसों को बैंक, पोस्ट ऑफिस, शेयर बाजार, सोने आदि में निवेश करके ब्याज या डिविडेंड या प्रतिफल के रूप में पैसे कमाए जाते हैं। बैंक और पोस्ट ऑफिस में निवेशकों की जमा राशि की अवधि के अनुसार उस पर ब्याज दिया जाता है। वहीं, शेयर बाजार में निवेशक सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर खरीदते हैं और जब कंपनियों के शेयर के भाव में इजाफा होता है तो निवेशकों को मुनाफा होता है। कुछ वर्षों पहले तक निवेशकों के पास निवेश के सीमित विकल्प थे। उनके लिए निवेश का सबसे अच्छा विकल्प बैंक और पोस्ट ऑफिस थे। टैक्स में राहत पाने के लिए भी निवेशक इन्हीं दोनों विकल्पों का चुनाव करते थे। मौजूदा समय में निवेश के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। बदली परिस्थितियों में बैंक और पोस्ट ऑफिस ने जमा पर दिए जाने वाले ब्याज में उल्लेखनीय कटौती की है। इसलिए, आज निवेशक अधिक प्रतिफल की आस में शेयर बाजार, बॉन्ड्स, म्यूचुअल फंड, सोने आदि में निवेश करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। मई 2025 में बैंक और पोस्ट ऑफिस द्वारा जमा पर दिए जा रहे ब्याज में सबसे अधिक 8.25 फीसदी ब्याज पंजाब नेशनल बैंक और कोटक महिंद्रा दे रहे थे। अन्य बैंक गैर-वरीय नागरिकों को 7.05 फीसदी और वरीय नागरिकों को 7.55 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, जबकि पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) में ब्याज 7.5 फीसदी दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्रति 10 ग्राम सोने में निवेश करने वालों को 33 फीसदी का प्रतिफल मिला, तो कैलेंडर वर्ष 2024 में निवेशकों को 20 फीसदी का प्रतिफल मिला, वहीं सोने में पांच वर्षों तक निवेश करने वालों को 17.2 फीसदी, 10 वर्षों तक निवेश करने वालों को 11.07 फीसदी और 20 वर्षों तक निवेश करने वालों को 13.8 फीसदी का प्रतिफल मिला। 2017-18 सीरीज के सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेशकों को 17.5 फीसदी का प्रतिफल मिला, जबकि गोल्ड ईटीएफ में एक साल तक के निवेश पर 29.97 फीसदी तक का प्रतिफल मिला, जबकि तीन साल के निवेश पर 16.93 फीसदी का प्रतिफल और पांच वर्षों के निवेश पर 13.59 फीसदी का प्रतिफल मिला। आमतौर पर भारत में निवेशक नियम 72 के अनुसार, बैंक या पोस्ट ऑफिस में चल रही योजनाओं में पैसा निवेश करते हैं, क्योंकि वे निवेश के पहले यह जरूर देखते हैं कि उनका पैसा कितने साल में दोगुना हो जाएगा।



*शेयर बाजार में निवेशक सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर खरीदते हैं और जब कंपनियों के शेयर के भाव में इजाफा होता है तो निवेशकों को मुनाफा होता है।*

# बीएचयू का भाषाविज्ञान विभाग और मैं



भाग - 3

बीएचयू की बात



**योगेन्द्रनाथ मिश्र**

हम लोग चलते-चलते बातें कर रहे थे। मैंने उनसे कहा- नहीं! हम ऐसा नहीं करेंगे। किसी को घर में घुसाकर बाद में गेटआउट कहना कठिन होता है। इसलिए घर में घुसने के पहले ही रोक देना है। उन्हें हम घर में घुसने ही नहीं देंगे। कल उन्हें आने दीजिए। हम देखेंगे। उनके आने पर आप कुछ मत बोलिएगा। मैं बोलूगा।दूसरे दिन मिश्र जी के बहुत छोटे-से कमरे में स्टेज सज चुका था। मिश्र जी के सामने चार कुर्सियों लगी थीं। एक पर मैं बैठा था। दो पर दूसरे वर्ष के मेरे दो साथी बैठे थे। चौथी कुर्सी डा. उपाध्याय जी के लिए थी। उपाध्याय जी निर्धारित समय पर ऊँची एड़ी का बूट पहने आ रहे थे। दूर से ही आवाज सुनाई पड़ गई। हम सतर्क हो गए। उपाध्याय जी आए। हमने उनका स्वागत किया। उनके आसन ग्रहण करते ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैंने बोलना आरंभ किया। पूरे सम्मान के साथ मैंने उनसे कहा- हममें से कई लोग हिन्दी में एमए कर चुके हैं। एक तो पीएचडी भी कर रहे हैं। हम हिन्दी भाषाविज्ञान थोड़ा जानते ही हैं। अब तक गुरु जी ने (मिश्र जी ने) बहुत कुछ हिन्दी भाषाविज्ञान पढ़ा भी दिया है। बाकी बचा कोर्स भी आसानी से पूरा हो जाएगा। ग्रीक, लैटिन और हिट्टाइट हमारी परेशानी के विषय हैं। हमें इन विषयों को पढ़ाने वाला अध्यापक चाहिए। उसके लिए आप तैयार हों तो स्वागत है।उपाध्याय जी ने जो सोचा न होगा, ऐसी घटना उनके साथ हो गई। मिश्र जी चुपचाप बैठे थे और उनका एक अदना-सा विद्यार्थी उन्हें इतना कुछ सुना गया। वे कुछ बोल न सके। अपमान से उनका चेहरा लाल हो गया। अपमान जैसी बात तो थी ही। परंतु हम करते भी क्या! उनको अपमानित करना हमें अच्छा थोड़े ही लगा। पर हम भी मजबूर थे। उपाध्याय जी चुपचाप उठे और चले गए। उसी बीच एक और अपमान हमसे हो गया था।उपाध्याय जी के आते ही डा. गुप्त जी अपने कमरे से आ गए। कुर्सियाँ चार ही हमने जानबूझ कर रखी थीं। आते ही उन्होंने पूछा- मीटिंग आरंभ हो गई? मिश्व जी ने तुरंत संक्षिप्त उत्तर दिया कैसी मीटिंग? दूसरा समय होता तो हम खड़े होकर उनका स्वागत करते। अपनी कुर्सी पर उन्हें बैठाते। आखिर वे हमारे गुरु थे। कुलपति जी के साथ हुई बैठक के दूसरे दिन उन्होंने मुझे अपने कमरे में बुलाकर अपनी नाराजगी प्रकट की थी। उसी समय उन्होंने मुझसे कहा था कि उनके (डा. मिश्रजी के) हेडशिप में विभाग बनवाकर आप क्या करेंगे। परंतु आज परिस्थिति अलग थी। आज वे हमारे प्रतिद्वंदी थे। यह पहले से तय था कि उन्हें बैठने नहीं देंगे। वे अपने कमरे में चले गए। हमने उनका भी अपमान किया था। पर हम कर भी क्या सकते थे।

उस घटना के बाद से उपाध्याय जी जब भी कैंपस में सामने पड़ते एक खिसियानी-सी मुस्कान उनके चेहरे पर आ जाती। इस घटना के बाद से डीन महोदय भी मुझसे बहुत खफा हो गए थे।लगे हाथ एक और बात स्पष्ट कर दूँ। ऊपर मैंने ग्रीक, लैटिन और हिट्टाइट की चर्चा की है। डा. सत्यस्वरूप मिश्र जी उन भाषाओं के पंडित थे। उन्होंने अपनी रुचि के अनुसार ही एमए का पाठ्यक्रम बनाया था, जिसमें भारोपीय भाषा-परिवार की भाषाओं की प्रमुखता थी प्राचीन भारतीय आर्यभाषा, मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा, आधुनिक भारतीय आर्यभाषा (हिन्दी भाषाविज्ञान), ग्रीक, लैटिन, हिट्टाइट, ओल्ड पर सियन, अवेस्ता भाषाएँ। यह सारा विषय वे बड़े मनोयोग से पढ़ाते थे।पाठ्यक्रम ही डा. गुप्त जी तथा मिश्र जी के मतभेद का मूल कारण था। हालाकि चार-चार यानी आठ प्रश्नपत्रों में से चार प्रश्नपत्र आधुनिक भाषाविज्ञान के थे तथा चार ऐतिहासिक भाषाविज्ञान के थे। संतुलन तो था ही। फिर भी उनके अपने-अपने आग्रह थे। आगे चलकर डा. मिश्र जी मेरे शोध-निर्देशक बने। इसलिए उनकी सोच का मुझ पर गहरा प्रभाव पड़ा था। इसी वजह से में आरंभ में आधुनिक भाषाविज्ञान का महत्व ठीक से नहीं समझ सका था। आगे चलकर जब सरदार पटेल विश्वविद्यालय में डा. उमाशंकर उपाध्याय के संपर्क में आया, तब आधुनिक और ऐतिहासिक संबंधी मेरा सारा आग्रह-दुराग्रह निरस्त हो गया।समय बीता। हमारी परीक्षाएँ हुई। परीक्षा परिणाम भी आ गया। मेरी आशंका सही साबित हुई। मेरे गुरुदेव डा. बीपी गुप्त जी में अपने प्रश्नपत्र में मेरी धुलाई कर दी। उसके लिए तो मैं पहले से ही तैयार था। आखिर ये भी तो मनुष्य थे। अपना बदला ले लिया। मैंने तुरंत पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। उसका भी परिणाम शीघ्र आ गया। आज भी मुझे याद है। उन्नीस अंक बढ़े थे।

एमए का परिणाम आने के लगभग दो महीने के बाद पीएचडी का फार्म भरने की तारीख आ गई। पीएचडी के लिए कुल चार शोधार्थी (तीन हमारे बैच से तथा एक पहले बैच से) तैयार थे। हम आवेदन-पत्र तैयार करके जमा करने के लिए डीन आफिस पहुंचे तो पता चला कि हमारा फार्म जमा नहीं होगा। डीन ने आफिस को निर्देश दे रखा था। कारण बताया गया कि मंजूरी नहीं मिली है। अब एक अलग मुसीबत! एकेडेमिक आफिस में जाकर मैंने पता किया तो मालूम पड़ा कि मंजूरी दे दी गई है। जबकि डीन आफिस का कहना था कि मंजूरी नहीं मिली है। केवल दो दिन का समय रह गया था। परंतु डीन आफिस के सुपरिन्टेन्ड चटर्जी बाबू का भी मुझ पर बड़ा स्नेह था। उसे नियति का चक्र ही मानता हूँ कि ऐसे-ऐसे लोग मुझे मिलते गए। नहीं तो मुझमें ऐसा कुछ नहीं था निरीहता के सिवाय। चटर्जी बाबू ने धीरे से मुझसे ऐसी गोपनीय बात बताई, जो आफिस को कोई व्यक्ति सामान्यतः नहीं बता सकता। उन्होंने बडी आत्मीयता के साथ मुझसे कहा मिश्रा, मंजूरी का पत्र आ गया है। परंतु उसने (डीन ने) बताने से मना किया है। फार्म न लेने के लिए कहा है। मंजूरी का पत्र तो मैं ले जाने के लिए नहीं दे सकता है। परंतु तुम यहीं कापी कर सकते हो। यह सुनकर मैं तो दंग रह गया। मुझे अंग्रेजी लिखने की आदत नहीं थी। मेरी सहपाठी एक लड़की थी। उसे अच्छी अंग्रेजी आती थी। वह बीएससी करके भाषाविज्ञान में एमए करने आई थी। चटर्जी बाबू ने फाइल से निकाल कर पत्र हमें दिया। उसने सादे कागज पर पूरा पत्र लिख लिया।

अब में शक्तिमान बन गया था। परंतु सबसे पहले जरूरी था पीएचडी फार्म जमा करना। डीन ने मना कर रखा था। इसलिए डीन आफिस हमारा फार्म ले नहीं सकता था। परंतु मेरी अंतः प्रेरणा हमेशा मेरा साथ देती है। पहले भी देती थी। आज भी देती है। मैं सामान्यतः अपने सारे कार्य अंतः प्रेरणा से करता हूँ। उस समय मुझे अंतः प्रेरणा हुई कि चारों फार्म में कुलपति कार्यालय में जमा कर दूँ। वहाँ से होकर फार्म यहाँ आएँगे तो डीन आफिस को लेना ही पड़ेगा। चारों फार्म एक कवरिंग लेटर के साथ मैंने कुलपति कार्यालय में जमा कर दिया। बाद में वही हुआ। कुलपति कार्यालय से हमारे फार्म डीन आफिस आ गए। समय आने पर प्रक्रिया आरंभ हुई और हम लोगों को पीएचडी में प्रवेश मिल गया। कुलपति कार्यालय में फार्म जमा करने के बाद मैं वह मंजूरी पत्र लेकर सीधे लाइब्रेरी साइंस विभाग में गया। डीन प्रोफेसर कौल जी से मिलने के लिए। पत्र हाथ में होने की वजह से में उस समय शक्तिमान बन गया था। वे हेड के आफिस में अपनी कुर्सी पर बड़े आराम से बैठे हुए थे। उनके पास पहुँचकर मैंने पत्र उनके सामने टेबल पर रख दिया। पत्र पढ़ते ही मानो उन्हें चक्कर आ गया। उनके द्वारा छिपाया गया पत्र इस तरह लीक हो जाएगा, इसकी तो उन्हें कल्पना भी नहीं थी। थोड़ा सहज होकर बोले यह पत्र तुम्हें कहाँ से मिला? मैंने भी बड़े तीखेपन से कहा कहीं से भी मिला हो! इससे आपको क्या! मैंने उनसे पूछा जब विश्वविद्यालय से पीएचडी की मंजूरी मिल गई थी तो आपने हमारे फार्म लेने से इन्कार क्यों किया? इसका उनके पास कोई जवाब न था। संभवतः दो वर्ष के अंदर भाषाविज्ञान विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा मिल गया। एक लेक्चरर की नियुक्ति हो गई। अपना आफिस हो गया। एक क्लर्क आ गया। डा. बीपी गुप्त जी बीएचयू छोड़कर के. एम. इन्स्टीट्यूट, आगरा चले गए। रीडर बन कर। 1986 में मेरी पीएचडी पूरी हो गई। इसी दौरान किसी समय डा. गुप्त जी द्वारा खाली किए गए पद का विज्ञापन हुआ। मैंने फार्म भर दिया। ।। इन्टरव्यू का इंतजार करने लगा। तभी एक संयोग घटित हुआ। 1988 में गुजरात के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में रिसर्चएसोशिएट (अस्थायी) पद पर मेरी नियुक्ति हो गई। सोचा जब तक बीएचयू का इंटरव्यू नहीं होता, तब तक वहाँ रहूँगा। एक साल बाद किसी समय इंटरव्यू की तारीख आई। में बीएचयू पहुंचा। परंतु एक्सपर्ट की संख्या पूरी न होने से इंटरव्यू रद्द हो गया। फिर दुबारा पद विज्ञापित हुआ और फरवरी 1990 में इंटरव्यू की तारीख आई। हुआ यों कि फरवरी में मैं गुजरात से अपने गाँव आ आया हुआ था। उसी दौरान सरदार पटेल विश्वविद्यालय में बीएचयू के इंटरव्यू का तार पहुँचा। विभाग के एक मित्र ने तार को मेरे गाँव के पते पर रिडाइरेक्ट किया। परंतु यहाँ नियति/प्रारब्ध ने मेरे साथ खेल कर दिया। मुझे जो तार मिला, उसमें तार आपरेटर की गलती से बीएचयू के तार की एक पंक्ति गायब थी। तार में केवल बीएचयू, इंटरव्यू की तारीख तथा शहादरा, दिल्ली लिखा हुआ था। इतना तो समझ में आया कि बीएचयू के इंटरव्यू का तार है। परंतु एक बात मेरी समझ में आ रही थी कि बीएचयू के इंटरव्यू का दिल्ली से क्या लेना देना। दिल्ली में इंटरव्यू कहाँ है, कहाँ जाना है, तार में वह लिखा नहीं था। गुजरात पहुंचने पर मूल तार मेरे हाथ में आया, तब पता चला कि दिल्ली में इंटरव्यू कहाँ पर था।

परंतु अब फायदा क्या। आज की तरह मोबाइल की सुविधा तो थी नहीं कि फोन करके पूछा जा सके। तीन चार महीनों के बाद जब बनारस गया, तब सारी बातें गुरु जी ने यानी डा. सत्यस्वरूप मिश्श्र जी ने बताई। उस समय रस्तोगी जी कुलपति थे। किन्हीं कारणों से रस्तोगी जी चाहते थे कि भाषाविज्ञान का इंटरव्यू हो जाए। इसीलिए इंटरव्यू उन्होंने दिल्ली में रखा। ताकि एक्सपर्ट की वजह से इंटरव्यू रद्द न करना पड़े। आवश्यक होने पर किसी को भी तुरंत बुलाया जा सके। इंटरव्यू तो हुआ। । इंटरव्यू तो हुआ। किसी का चयन नहीं हुआ। गुरु जी ने यह भी बताया कि आप आए होते तो आपकी नियुक्ति हो गई होती। मेरे न पहुँचने से गुरु जी ने किसी का चयन होने नहीं दिया। समय खिसकता रहा। थोड़े समय के बाद गुरु जी सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के साथ ही बीएचयू के भाषाविज्ञान विभाग से हमेशा-हमेशा के लिए मेरा रिश्ता समाप्त हो गया। एक वर्ष बाद गुरुजी के अवसान की जानकारी मिली। पत्राचार के जमाने में कौन कहाँ कैसे सूचना देता।

आखिरी बार लगभग छ वर्ष पहले जब में बनारस गया था, तब अनायास मन में आया कि एक बार 'अपने' भाषाविज्ञान विभाग से हो आऊँ। इस समय वहाँ कौन लोग हैं, उनसे मिल आऊँ। अपनी नजर से एक बार देख आऊँ। मुझे पता नहीं था कि भाषाविज्ञान विभाग का भवन बदल गया है। मैं जब पुराने स्थान पर पहुँचा, तब पता चला कि भाषाविज्ञान विभाग बगल के भवन में चला गया है। झिझकते हुए विभाग में प्रवेश किया सामने बड़े-से टेबल के सामने एक सज्जन बैठे हुए दिखे। मुझे लगा विभाग के हेड होंगे। उनके पास गया और बताया कि मैं इस विभाग के दूसरे बैच का छात्र है। अपना विभाग देखने के लिए आया है। आश्चर्य कि उन महाशय के व्यवहार में तनिक भी अंतर नहीं पड़ा। मेरी उम्र का भी उन्हें ख्याल नहीं रहा। उन्होंने बैठने तक को नहीं कहा। एक गहरा आघात लेकर मैं वापस आ गया। आप कल्पना तो कर ही सकते हैं कि उस समय मुझ पर क्या गुजर रही होगी। **(समाप्त)**

# भूख की तकलीफ और दर्द को कभी हम समझ नहीं पाए

(विश्व भूख दिवस विशेष 28 मई 2025)

देश की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

दुनिया में करोड़ो लोग हर दिन भूख की तकलीफ़ को जीते हैं, बढ़ती उम्र, शारीरिक कमजोरी, गंभीर बिमारी, दिव्यांगता, अनाथ बेसहारा या कोई भी मजबूरी हो, जब तक आखिरी सांस है, तब तक भूख मिटाने के लिए अनाज चाहिए। केवल दो वक्त की रोटी के जद्दोजहद में ही न जाने कितनो की जिंदगी गुजर जाती है। दुनिया में हर कोई अपने हिस्से का भरपेट अन्न प्राप्त नहीं कर पाता है, अब तो अन्न में पोषक तत्वों की भारी कमी भी बड़ी समस्या है। भूख की कीमत बहत छोटीसी है, लेकिन फिर भी विश्व में बहुत बड़ा वर्ग इस कीमत को भी नहीं चूका पाता। दो वक्त की रोटी और परिवार के भरणपोषण के लिए मनुष्य लगातार संघर्ष करता है। भूख के कारण कई मासूम जिंदगियां कम उम्र में ही जान गंवाती है। अमीर का भोजन महंगा और गरीब का भोजन सस्ता हो सकता है परंतु भूख सबकी एक होती है, भले ही पैसा, पद, देश, प्रतिष्ठा, रंग-रूप, ऊंच-नीच, धर्म-जात कोई भी हो परंतु भूख में अंतर नहीं होता। जिनके पास पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध है उनको अन्न के मूल कीमत का ज्ञान नहीं होता, वें केवल पैसे से उसका दाम लगाते है, इसलिए शायद खाद्य बर्बादी में हमारा देश विश्व में दूसरे क्रमांक पर आता है। जिनके पास भरपूर मात्रा में भोजन के विभिन्न पर्याय उपलब्ध है, वे स्वाद अनुरूप थोड़ा सा खाना खाकर बाकी बचा हुआ अन्न सहजता से फेंक देते है। किसी भी कारणवश जिस दिन हमें भूख लगने पर भी भोजन नहीं मिलता, उस दिन रूखी-सुखी रोटी की भी अहमियत दुनिया की बड़ी दौलत नजर आती है। भोजन की कमी के कारण बहुत बड़ी जनसंख्या नरकीय यातनाओं में जीवन बसर करती है। जन्म से ही भोजन की कमी के कारण बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं होता, संघर्षमय जीवन तभी से शुरू हो जाता है, जिम्मेदारियों का बोझ मासूम कंधो पर आ जाता है, इन जिम्मेदारियों के आगे उनके अधिकार,



न्याय, समानता भी बौने प्रतीत होते है। बच्चे से उसका बचपन और मासूमियत छीन ली जाती है, भविष्य अंधकारमय लगता है। अन्न की कमी से जूझते हुए लोग मजबूरी में बद से बदतर स्थिति का सामना करते है, जो मिले वो खाने को तैयार होते है, लोगों की जूठन, कूड़ा, घासफूस यहाँ तक की मिट्टी तक खाते है, हैती देश में गरीब लोग मिट्टी की रोटी बनाकर खाते है। भूख सीधे हमारे स्वास्थ्य पर असर करती है, इससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के नुकसान झेलने पड़ते है। भूख इंसान से गुनाह तक करवाती है। हर साल 28 मई को "विश्व भूख दिवस" दुनियाभर में जागरूकता हेतु मनाया जाता है। इस साल 2025 की थीम "हर कोई खाने का हकदार है" यह है। यह थीम प्रत्येक के लिए पौष्टिक भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। विश्व में सभी लोगों को खाने के लिए पर्याप्त भोजन उगता है, अर्थात कोई भूखा नहीं रहेगा, फिर भी, बड़ी जनसंख्या पर्याप्त कैलोरी और पोषक तत्वों की कमी से झुज रही है, क्योंकि वे स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते, साथ ही दूसरी ओर खाद्य बर्बादी है। हर साल, नौ मिलियन लोग भूख से संबंधित कारणों से मर जाते हैं; इनमें से कई 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। सभी बाल मृत्युओं में से आधे कुपोषण के कारण होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक खाद्य कीमतों में मात्र 1 प्रतिशत की वृद्धि से 10 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में चले जाते है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक अनुसार, 18.3 प्रतिशत आबादी अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहते हैं। 83.7 प्रतिशत गरीब लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। सभी गरीब लोगों में से लगभग 70.7 प्रतिशत लोग उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 27.3 है, जो भूख के "गंभीर" स्तर को दर्शाता है। यह खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की मौजूदा चुनौतियों के कारण उत्पन्न "गंभीर" भूख संकट को उजागर करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ईश्वर-अल्लह भिड़ गए, हुए अचानक मौन।
आपस में यह पूछकर, आखिर तुम हो कौन??

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "अभिव्यक्ति का मतलब अपमान नहीं"

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

भारत की आत्मा, उसकी संस्कृति और उसकी चेतना का केंद्र बिंदु सनातन धर्म है। यह केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन का विज्ञान, आचार-विचार, सह-अस्तित्व और आत्मानुभूति का गहन दर्शन है। आज, दुर्भाग्यवश तथाकथित 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की आड़ में इसी सनातन की गरिमा को बार-बार आहत किया जा रहा है। कभी किसी मंच पर राम और कृष्ण पर भद्दे चुटकुले बनाए जाते हैं, कभी देवी-देवताओं को शराब की बोतलों और फैशन शो के उत्पादों में दिखाया जाता है। यह न तो रचनात्मकता है, न ही आधुनिकता। यह स्पष्ट रूप से असहिष्णुता और सांस्कृतिक अपमान है। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है। लेकिन यह स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ युक्तिपूर्ण प्रतिबंधों के अधीन है, जिसमें लोक व्यवस्था, नैतिकता, धार्मिक भावनाओं की रक्षा जैसे बिंदु शामिल हैं। अर्थात, यह स्वतंत्रता पूर्णतः निरंकुश नहीं है। महर्षि अरविंद ने कहा था "स्वतंत्रता वह है जो आत्मानुभूति की ओर ले जाए, न कि परपीड़ा की ओर।" कभी किसी ब्रांड द्वारा 'शिवजी' के चित्र के साथ शराब की बोतलें बाजार में उतारी जाती हैं। कभी किसी वेब सीरीज़ में 'भगवान राम' को अभद्र भाषा में प्रस्तुत किया जाता है। किसी मंच पर धार्मिक प्रतीकों को पहनकर अर्धनग्न नृत्य होते हैं। मंदिरों के प्रतीकों को जूतों पर छापा जाता है। ये घटनाएं महज़ रचनात्मक प्रयोग नहीं, बल्कि सनातन पर सुनियोजित मानसिक हमले हैं। आज का युवा सोशल मीडिया के सबसे बड़े मंचों पर सक्रिय है। यही युवा जब अपनी चेतना को जागृत करेगा, तभी सनातन की रक्षा संभव है। जागरूकता फैलाएं, यह बताएं कि सनातन कोई पोंगापंथ नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक, दार्शनिक और मानवीय परंपरा है। बॉयकॉट करें उन प्रोडक्ट्स, फिल्मों, या कलाकारों को जो धार्मिक भावनाओं से खेलते हैं। कानूनी कार्रवाई के लिए आवाज़ उठाएं।

सृजनात्मक उत्तर दें, लेख, कला, नाटक, और संवाद के माध्यम से सत्य को सामने लाएं। आदि शंकराचार्य ने कहा था। "मूकं करोति वाचालं, पंगुं लंघयते गिरिं।" (अर्थात आत्मज्ञान वह शक्ति है जो गूंगे को वाचाल बना दे और लंगड़े को पर्वत पार करा दे)। अभिव्यक्ति की शक्ति यदि आत्मज्ञान से जुड़ी हो तो वह सृजन करती है, पर यदि वह अज्ञान, विकृति और स्वार्थ से प्रेरित हो तो वह केवल विघटन करती है। तुलसीदास के रामचरितमानस में जो 'लोकमंगल' है, वह अभिव्यक्ति का शुद्धतम रूप है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र, जो आधुनिक हिंदी नाटक के जनक हैं, उन्होंने भी धर्म को नाटक और काव्य के माध्यम से सशक्त बनाया। धर्म उपहास का नहीं, उपासना का माध्यम है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सनातन पर आघात का अधिकार नहीं देती। आज समय की मांग है कि समाज, विशेषकर युवा वर्ग, उस रेखा को पहचाने जहाँ रचनात्मकता समाप्त होती है और असंवेदनशीलता आरंभ होती है। किसी मज़ाक, कला या पोस्ट के पीछे यदि एक संस्कृति की जड़ों को काटने का प्रयास छुपा हो, तो यह केवल अपमान नहीं, अपराध है उस संस्कृति के विरुद्ध, जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का विचार दिया। सनातन कोई संस्था नहीं जो मुकदमा करेगी, यह तो चेतना है जिसका उत्तरदायित्व हम सब पर है। अब समय है 'धैर्य' नहीं, 'जागरूक प्रतिकार' का।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



**बड़ा मंगल के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के मुख्य बिंदु**

- **जयकारों की गूंज :** मंदिर परिसर में 'जय श्रीराम' और 'जय-जय हनुमान' के जयकारे गूंजते रहे।
- **भक्तों में उत्साह :** तुलसी की माला और लड्डू चढ़ाने के लिए भक्तों में भारी उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखी गई।
- **धार्मिक पाठ :** श्रद्धालु हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हुए नजर आए।
- **श्रद्धालुओं की भावनाएं :** एक श्रद्धालु ने कहा कि गंगा स्नान के बाद मंदिर आए और अच्छे से दर्शन किए।

### ज्येष्ठ माह का तीसरा 'बड़ा मंगल'

# प्रयागराज के बंधवा हनुमान मंदिर में जुटे भक्त, भक्तिभाव से की पूजा

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

ज्येष्ठ महीने के सभी मंगलवार को 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' कहते हैं। इस दिन खासकर भगवान हनुमान जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी की भक्ति और व्रत करने से हर मनोकामना पूरी होती है। तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर प्रयागराज के बंधवा स्थित लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में सुबह-सुबह भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। यहां श्रद्धा और विश्वास के साथ लोगों की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान जी के पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तों की आवाजों से गूंज उठा।

चारों तरफ 'जय श्रीराम', 'जय-जय हनुमान' के जयकारे लगने लगे। तुलसी की माला और लड्डू चढ़ाने के लिए भक्तों में उत्साह और होड़ देखने को मिली। मंदिर में आए श्रद्धालु काफी उत्साह के साथ हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते दिखे। एक श्रद्धालु ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "सुबह-सुबह गंगा स्नान करके हम मंदिर में आए हैं। मंदिर में भीड़ ज्यादा है, बावजूद इसके हमने हनुमान जी के अच्छे से दर्शन किए हैं। हमारी बस हनुमान जी से यही कामना है कि वह सभी का कल्याण करें।"स्थानीय श्रद्धालु ने कहा, "आज तीसरा बड़ा मंगलवार है, संगम स्नान के बाद बजरंगबली के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारी कामना है कि सभी भक्तों को ये सौभाग्य प्राप्त हो। हनुमान जी के दर्शन को आए एक अन्य व्यक्ति ने कहा, "ज्येष्ठ महीने के सभी मंगलवार को बड़े पर्व की तरह मनाया जाता है और जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलती है, उससे पता चलता है कि हमारा सनातन धर्म तेजी से आगे बढ़ रहा है। गंगा स्नान के बाद हनुमान जी के दर्शन करने से अधिक लाभ मिलता है। 'बड़ा मंगल' के चलते मंदिर प्रांगण में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा कर्मी पूरी तत्परता से कार्यरत थे ताकि सभी भक्त आराम से दर्शन पूजन कर सकें। इन सभी प्रयासों से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल मिला और शांतिपूर्ण ढंग से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सकें।

### 'पाकिस्तान की तो पोल ही खोल दी'

## केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने की ओवैसी की तारीफ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पाकिस्तान के झूठे प्रचार को बेनकाब करने पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद असदुद्दीन ओवैसी की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "पाकिस्तान की तो पोल ही खोल दी। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने ओवैसी की प्रशंसा तब की जब एआईएमआईएम प्रमुख ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख द्वारा जारी की गई तस्वीर को भारत पर 'अपनी जीत का प्रतीक' बताया था। दरअसल, पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस का स्मृति चिन्ह भेंट किया था और भारत पर अपनी जीत का दावा किया था।

## मणिपुर संकट: इबोबी सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार पर बोला हमला


**मणिपुर । एजेंसी**

कांग्रेस नेता और मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने राज्य और केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है और मणिपुर में चल रहे संकट को शासन की पूरी तरह विफलता बताया है। उनकी यह टिप्पणी राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को भारी विरोध प्रदर्शनों के कारण भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर से ले जाए जाने के एक दिन बाद आई है, जो इंफाल हवाई अड्डे से राजभवन तक मात्र सात किलोमीटर की दूरी तय करने में असमर्थ थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इंफाल में कांग्रेस भवन में पुष्पांजलि समारोह के दौरान मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए इबोबी ने मणिपुर के राज्यपाल, सुरक्षा सलाहकार, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारे आकलन के अनुसार, यह भारत सरकार, खासकर गृह मंत्रालय की पूरी तरह से विफलता है।

# 'अभी कुछ किया नहीं और पाक को आ गया पसीना'

## सिंधु जल संधि पर पीएम मोदी का बड़ा बयान

**नई दिल्ली । एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 1960 की सिंधु जल संधि पर बुरी तरह से बातचीत की गई थी। गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान अत्यधिक परेशान है। उन्होंने कहा कि मैं नई पीढ़ी को बताना चाहता हूँ कि कैसे हमारे देश को बर्बाद कर दिया गया। अगर आप 1960 की सिंधु जल संधि का अध्ययन करेंगे तो चौंक जाएँगे। उसमें तय हुआ था कि जम्मू-कश्मीर की नदियों पर बने बाँधों की सफाई नहीं की जाएगी। गाद निकालने का काम नहीं किया जाएगा।

मोदी ने कहा कि गाद निकालने के लिए नीचे के गेट बंद रहेंगे। 60 साल तक ये गेट कभी नहीं खोले गए। जिन जलाशयों को 100% क्षमता तक भरना था, वे अब सिर्फ़ 2% या 3% रह गए हैं। अभी मैंने कुछ नहीं किया और वहाँ (पाकिस्तान) लोग पसीना बहा रहे हैं। हमने बाँधों की सफाई के लिए छोटे-छोटे गेट खोले हैं और वहाँ बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूँ कि इसे अब छद्म युद्ध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि 6 मई के बाद जिन आतंकवादियों के अंतिम संस्कार हुए, उन्हें पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे रखे गए और उनकी सेना ने उन्हें सलामी दी। इससे साबित होता है कि आतंकवादी गतिविधियाँ छद्म युद्ध नहीं बल्कि एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप पहले से ही युद्ध में हैं और आपको उसी के अनुसार जवाब मिलेगा। हम किसी से दुश्मनी नहीं चाहते। हम शांति से रहना चाहते हैं। हम प्रगति भी करना चाहते हैं ताकि हम विश्व के कल्याण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

- **गाद निकालने की प्रक्रिया :** जलाशयों से गाद (मलबा) निकालने के लिए बाँधों के नीचे के गेट बंद रखे जाएंगे।
- **60 साल में पहली बार :** ये गेट पिछले 60 वर्षों में कभी नहीं खोले गए थे।
- **क्षमता में भारी गिरावट :** जलाशयों की जल संग्रहण क्षमता 100% से घटकर केवल 2%-3% रह गई है।
- **पाकिस्तान पर अप्रत्यक्ष टिप्पणी :** पीएम मोदी ने कहा, "मैंने अभी कुछ नहीं किया और व.हां (पाकिस्तान) लोग पसीना बहा रहे हैं।

### 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे



**गांधीनगर (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर में 'गुजरात शहरी विकास योजना' के 20वीं वर्षगांठ समारोह में हिस्सा लिया। यहां उन्हें सुनने और देखने सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। पीएम मोदी ने एक बार फिर 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र दिया। गांधीनगर वासियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें काफी प्रेरित किया है। कार्यक्रम में पीएम मोदी को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। कुछ लोगों के साथ समाचार एजेंसी आईएएनएस ने बातचीत की। बातचीत में लोगों ने प्रण लिया है कि वे जन-जन में वोकल फॉर लोकल अभियान को घर-घर पहुंचाएंगे।

### संकट झेला, चौथी अर्थव्यवस्था बने

गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा पर बात की । उन्होंने विरोधियों को कठघरे में खड़ा करते हुए विशाल जनसमूह को उस दबाव के बारे में बताया जिससे ढेर सारी उम्मीदें जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कल (सोमवार) 26 मई थी और 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला। उस समय, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं, प्राकृतिक आपदा भी झेली, इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बने।

### आतंकवाद कश्मीर में पर्यटन को नहीं रोक पाएगा

## पहलगाम में जाकर सीएम उमर ने ली सेल्फी

**पहलगाम । एजेंसी**



पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी घटना के बाद कश्मीर में पर्यटन को फिर से शुरू करने के प्रयास शुरू करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की। इससे यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि सरकार 'आतंकवाद की कायरतापूर्ण हरकतों से नहीं डरेगी। बैठक के बाद, मुख्यमंत्री कार्यालय ने पहलगाम क्लब में आयोजित बैठक की तस्वीरें पोस्ट कीं। आज पहलगाम में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। यह केवल एक नियमित प्रशासनिक अभ्यास नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था - हम आतंक की कायरतापूर्ण हरकतों से भयभीत नहीं हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स में कहा कि शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को प्रभावित नहीं करेंगे।

## हाफिज-मसूद के फरार होने पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

**नई दिल्ली । एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को उनके बयानों की तुलना संवेदनशील विषयों पर बॉलीवुड के संवादों से की और कहा कि उनकी नीतियों से भारत की विदेश नीति को नुकसान पहुंचा है। इसने भाजपा पर 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुए 'संकट में अवसर तलाशने' का भी आरोप लगाया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा 22 अप्रैल से ही निम्न स्तर की राजनीति कर रही है। वे विभाजन की राजनीति करते रहे और उनके लोगों ने कश्मीरियों और अल्पसंख्यकों को परेशान किया। यह सब तब हुआ जब सोशल मीडिया पर भाजपा के हैंडल धार्मिक नफरत फैला रहे थे।

## नोएडा में कोविड के 10 केस लोगों से सतर्क रहने की अपील

**नोएडा (आईएएनएस)**



जिले में कोविड संक्रमण के मामलों में फिर से इजाफा देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि छह महिलाओं समेत नौ और लोगों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। ये सभी मामले निजी लैब में कराई गई जांचों के बाद सामने आए हैं। नए मामलों के साथ ही जिले में कुल संक्रमितों की संख्या अब 10 हो गई है। सभी मरीजों को फिलहाल होम आइसोलेशन में रखा गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री और संपर्क में आए लोगों की जानकारी एकत्र करने में जुटी हैं। इनमें से अधिकांश मरीज बिसरख ब्लॉक की विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि इस बार के कोविड से ज्यादा खतरा लोगों को नहीं है, लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**वृष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृश्चिक :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें।

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**कुंभ :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

### काम पर फोकस...

## बीजेपी एमएलसी का विवादित बयान कलबुर्गी डीडीसी को बताया पकिस्तानी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

कलबुर्गी की डिप्टी डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर फौजिया तरन्नुम के खिलाफ बीजेपी एमएलसी एन रविकुमार द्वारा की गई विवादित टिप्पणी एक राजनीतिक विवाद का रूप ले रही है। कर्नाटक के कई राजनीतिक नेता इस पर अपना कड़ा रुख अपना रहे हैं। हालांकि, अधिकारी ने खुद इस मामले में आगे कुछ भी कहने या टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एमएलसी रविकुमार द्वारा निशाना बनाए जाने वाली वरिष्ठ आईएएस अधिकारी फौजिया तरन्नुम ने कहा कि मैं इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। यह एक निजी फैसला है और मेरा मानना है कि इसका सम्मान किया जाना चाहिए। मैं अपने काम को खुद बोलने देना चाहती हूं। मुझे काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विवाद तब शुरू हुआ जब रविकुमार ने कथित तौर पर सांप्रदायिक संदर्भ दिया, जिसमें अधिकारी को पाकिस्तान से जोड़ा गया, जिसके बाद राज्य के मंत्रियों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। रविकुमार ने एक कथित घात और साथी भाजपा नेता की लोगों द्वारा की गई गिरफ्तारी से निपटने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

## अमृतसर में विस्फोट एक की मौत, आतंकी साज़िश के संकेत

**अमृतसर।** अमृतसर के मजीठा रोड बाईपास स्थित डिसेंट एवेन्यू के बाहर एक विस्फोट हुआ है। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक मृतक के तार किसी आतंकी संगठन से जुड़े थे। जानकारी के अनुसार, मजीठा रोड बाईपास पर स्थित डिसेंट एवेन्यू के बाहर यह विस्फोट मंगलवार सुबह हुआ। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि वहां मौजूद एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ...

### घर से बेदखल होकर भी तेज प्रताप ने भतीजे के जन्म पर जताई खुशी

**पटना । एजेंसी**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की। दंपति ने पहले मार्च 2023 में एक बेटी कात्यायनी का स्वागत किया था। सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए 35 वर्षीय नेता ने लिखा, "सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ!

हमारे नन्हे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत आभारी, धन्य और प्रसन्न हूं। जय हनुमान!" इस संदेश को पार्टी लाइन से परे और आरजेडी परिवार में गर्मजोशी और जश्न के साथ प्राप्त किया गया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने दिसंबर 2021 में राजश्री से शादी की। लालू परिवार में यह खुशी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। हालांकि, भतीजे के जन्म पर तेज प्रताप यादव ने खुशी जताी है।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि श्री बांके बिहारी जी के असीम कृपा व आशीर्वाद से नवजात शिशु के आगमन (पुत्ररत्न की प्राप्ति) पर मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। छोटे भाई तेजस्वी प्रसाद यादव एवं राज श्री यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... भतीजे को मेरा स्नेहिल आशीर्वाद एवं शुभ प्यार...। तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की।

### ऑपरेशन सिंदूर पर उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान

# शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहना जरूरी : धनखड़

**नई दिल्ली। एजेंसी**



उपराष्ट्रपति के एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। और यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। और इसलिए, हाल की घटनाओं को देखते हुए, हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की तरह, राजनीतिक जनजातियों का भी राष्ट्रीय हित के प्रति नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि सभी संस्थाओं के लिए अंतिम केंद्र बिंदु राष्ट्रीय विकास, जन कल्याण और धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति के मुद्दों पर, सभी गुटों को राष्ट्रीय हित को दलीय प्राथमिकताओं से ऊपर रखना चाहिए। मैं राजनीतिक स्पेक्ट्रम में सभी से गंभीरता से विचार करने और इस निष्कर्ष पर पहुंचने की अपील करूंगा कि आंतरिक सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर आम सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा के लिए बहुत गर्म हो जाती है। यह ऐसी चीज है जिस पर हमें काबू पाना होगा।

## 24 घंटे से गांव में घूम रहा भालू, दो घायल

**पाली ।** गली से गुजर रहे ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। भालू ने युवक का सिर चेहरे और हाथों पर नोच डाला। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और शोर मचा कर भालू को भगाया। युवक के सिर पर 50 टांके आए हैं। जिसका जोधपुर में इलाज चल रहा है। इससे पहले खेत में काम कर रहे युवक पर भालू ने हमला कर दिया। उसके पैरों में 18 टांके आए हैं। इसके बाद लाठियां लेकर निकले ग्रामीणों ने भालू को ढूंढ़ने की कोशिश की। अचानक झाड़ियों के बीच से भालू आ धमका और लोगों को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी।

**कोहली के आरसीबी से 9000 रन पूरे**

# एलएसजी ने आरसीबी को 228 रन का दिया टारगेट





**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने IPL 2025 के आखिरी लीग मैच में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को 228 रन का टारगेट दिया है। जवाब में बेंगलुरु ने 6 ओवर में एक विकेट पर 66 रन बना लिए हैं। विराट कोहली और रजत पाटीदार क्रीज पर हैं। कोहली ने RCB की ओर से 9 हजार रन पूरे कर लिए हैं। फिल सॉल्ट 19 बॉल पर 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश सिंह ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत 61 बॉल पर नाबाद 118 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए। मिचेल मार्श (67 रन) ने भी अर्धशतक लगाया।

**कप्तान ऋषभ पंत 61 बॉल पर नाबाद 118 रन की पारी खेली।**

## दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG):** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, मैथ्यू ब्रीट्जकी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, दिग्वेश राठी, आवेश खान और विलियम ओरूर्के।

**रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB):** जितेश शर्मा ( कप्तान), फिल सॉल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, लियम लिविंगस्टन, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, यश दयाल और नुवान थुषारा।

# गुलवीर सिंह ने जीता स्वर्ण

**सेबेस्टियन को मिला कांस्य पदक**


**बैंकॉक।** भारत ने मंगलवार को बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जिसमें राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर बढ़त बनाई। इससे पहले दिन में, सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में कांस्य पदक जीतकर भारत का पदक खाता खोला था। 2023 एशियाई खेलों के 26 वर्षीय कांस्य पदक विजेता गुलवीर ने 10,000 मीटर क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एक संतुलित और संयमित प्रदर्शन किया, उन्होंने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर अंतिम कुछ लैप तक चली सामरिक दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। हालांकि उनका समय इस साल की शुरुआत में बनाए गए 27:00.22 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से काफी कम था, लेकिन इस जीत ने महाद्वीपीय मंच पर भारतीय लंबी दूरी की दौड़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की।

जापान के मेबुकी सुजुकी ने 28:43.84 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने 28:46.82 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। अंतिम 800 मीटर में शानदार तेजी के साथ, गुलवीर सुजुकी और रोप से आगे निकल गए, उन्होंने आत्मविश्वास और सामरिक परिपक्वता दिखाई, जिसने उनके सीजन को परिभाषित किया है। उनकी जीत ने न केवल भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण दिलाया, बल्कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ लंबी दूरी के धावकों में से एक के रूप में उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा को भी मजबूत किया। दूसरी ओर, सेबेस्टियन ने कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में कड़ी टक्कर दी और भारत के लिए इस स्पर्धा का पहला पदक - कांस्य - 1 घंटे 21 मिनट और 13.60 सेकंड में अपने सर्वश्रेष्ठ समय में हासिल किया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ समय (1:21:23) इस साल फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान आया था। चीन के वांग झाओझाओ ने 1:20:36.90 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान के केंटो योशिकावा ने 1:20:44.90 के समय के साथ रजत पदक जीता। सेबेस्टियन दौड़ के अधिकांश समय तक अग्रणी समूह में रहे और पोडियम पर समाप्त करने के लिए पीछा करने वाले समूह से देर से चुनौती को रोकने में कामयाब रहे।



**10,000 मीटर** स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर बढ़त बनाई।

## ऑस्ट्रेलिया के कोच मैकडोनाल्ड ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ग्रीन का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फॉर्म में चल रहे कैमरून ग्रीन का समर्थन किया है। 25 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीसी फाइनल में गेंदबाजी करने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, लेकिन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ऑस्ट्रेलियाई XI में उनकी वापसी लगभग तय है। उनके शामिल होने से बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की उम्मीद है, चयनकर्ता कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। मार्नस लाबुशेन, सैम कोंस्टास, ब्यू वेबस्टर और जोश इंगलिस सभी दावेदारी में बने हुए हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि अंतिम XI की संरचना कैसी है।



## चैंपियन अल्काराज ने जेपियरी पर शानदार जीत के साथ खिताब बचाओ अभियान शुरू

**एजेंसी। पेरिस**

कार्लोस अल्काराज अपनी फिटनेस, फॉर्म और अपने खिताब को बचाने की क्षमता को लेकर सवालों के साथ रौलां गैरो 2025 में पहुंचे। सोमवार को अपने पहले दौर के मैच के अंत तक, उन्होंने अपने प्रदर्शन से उन सभी सवालों के जवाब दे दिए, जो तीखे, केंद्रित और शानदार थे। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड, जो राफेल नडाल (2019-2020) के बाद फ्रेंच ओपन पुरुष एकल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले पहले व्यक्ति बनने का प्रयास करके इतिहास रचने की कोशिश कर रहे हैं, ने इतालवी क्वालीफायर गिउलिओ जेपियरी को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। अल्काराज ने कहा, "यह वास्तव में बहुत ही ठोस था। स्लैम का पहला राउंड कभी भी आसान नहीं होता है, और डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर यहां आना थोड़ा दबाव डालता है। लेकिन मुझे शुरू से ही अच्छा लगा और मैंने पूरे मैच में अपना स्तर बनाए रखा।" ह स्तर पिछले कुछ समय से बेहतरीन रहा है। अल्काराज ने अब 2025 में क्ले पर अपने 17 में से 16 मैच जीते हैं, जिसमें मोंटे कार्लो और रोम में लगातार एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब शामिल हैं। वह एक हफ्ते पहले ही एटीपी रैंकिंग में दुनिया के दूसरे नंबर पर वापस आये थे।

## भारतीय गोल्फ संघ ने एपीजीसी जूनियर चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम हांगकांग भेजी

**एजेंसी**



**हांगकांग।** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने प्रतिष्ठित एशिया-पैसिफिक गोल्फ कॉन्फेडरेशन (एपीजीसी) जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय भारतीय टीम को हांगकांग भेजा है। यह टूर्नामेंट हांगकांग गोल्फ क्लब, हांगकांग में मंगलवार से शुरू हो रहा है। भारतीय टीम में लड़कों की ओर से कृष चावला और रणवीर मित्रो शामिल हैं, जबकि लड़कियों की टीम में सान्वी सोमु और कशिका मिश्रा को चुना गया है। टीम के साथ डॉ. कोमल नारवर एक गैर-खिलाड़ी कप्तान के रूप में मौजूद हैं। यह तीन राउंड की चैंपियनशिप 27 से 29 मई तक खेली जाएगी। इसमें लड़कों और लड़कियों की व्यक्तिगत स्पर्धा, टीम स्पर्धा और मिक्स्ड टीम खिताब शामिल होंगे, जिन्हें स्ट्रोकप्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा। लड़कों और लड़कियों की टीम के खिताबों के लिए उनके संयुक्त स्कोर को गिना जाएगा, जबकि मिक्स्ड टीम रैंकिंग के लिए टीम के सर्वश्रेष्ठ लड़के और लड़की का स्कोर जोड़ा जाएगा। हांगकांग का मौसम इस दौरान ज्यादातर बादलों से घिरा रहा है, लेकिन समय-समय पर धूप भी निकल रही है - जो कि गोल्फ के लिए एक आदर्श माहौल प्रदान करता है। कृष चावला ने अपनी तैयारियों को लेकर कहा, "मेरी एपीजीसी जूनियर चैंपियनशिप के लिए तैयारी बहुत अच्छी रही है। मैं रोजाना अभ्यास करता हूं और अपनी परफॉर्मेंस में सुधार लाने की कोशिश करता हूं, साथ ही अपनी गलतियों पर भी ध्यान देता हूं।

## 'मैं आपको तीन जून को बताऊंगा हम दुनिया में शीर्ष पर हैं' : शशांक



**एजेंसी। जयपुर**

आईपीएल 2025 में टॉप दो में अपनी जगह पक्की कर चुके पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा, "शीर्ष दो में समाप्त करके आधा काम पूरा हुआ है। मुझे लगता है पूरा काम 3 जून को होगा। जब देर रात 12 बजे, हमारी पत्रकार वार्ता होगी। यह वो समय होगा जब मैं आपसे कहूंगा कि हां हम दुनिया में शीर्ष पर हैं।" अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना बहुत ही रोचक काम कर सकता है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को देखें, शशांक सिंह की मानें तो उन्होंने आत्मविश्वास की लहर पर सवार होकर आईपीएल 2025 की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाई है (बेशक कुछ अन्य कारकों ने भी इसमें मदद की) और अब वही आत्मविश्वास शशांक को इन शब्दों को कहने की इजाजत दे रहा है। ऐसा लग सकता है कि वह और पीबीकेएस खुद से थोड़ा आगे निकल गए हैं। वे शुरुआत की आठ टीमों में से तीन टीमों में से एक हैं जिन्होंने आज तक कोई खिताब नहीं जीता है। यह सिर्फ आत्मविश्वास है और रिकी पोंटिंग और श्रेयस अय्यर ने खिलाड़ियों के आसपास ऐसी संस्कृति बनाई है, जिसमें आत्मविश्वास हर जगह है। शशांक ने सोमवार को मुंबई इंडियंस को हराने के बाद पत्रकार वार्ता में कहा, "सच कहूं तो यह अवास्तविक लगता है। काफी अच्छा लगता है, संतोषजनक लगता है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को पेश किया, व्यक्तिगत रूप से नहीं।



## सिंधु, प्रणय दूसरे दौर में पहुंचे

**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के लिए कुछ खास सकारात्मक चीजें कीं। सिंधु महिलाओं में अकेली चमकीली खिलाड़ी बनकर उभरीं, जबकि प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के को हराकर पुरुष एकल में भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा। सिंधु ने कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। 29 वर्षीय सिंधु ने झांग को मात्र 31 मिनट में 21-14, 21-9 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने पूरे समय नियंत्रण बनाए रखा, आक्रामकता के साथ सटीकता का मिश्रण करते हुए उन्होंने रैलियों और नेट एक्सचेंज दोनों में अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी को मात दी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## केंद्र ने 'पंजीकरण विधेयक 2025' के ड्राफ्ट पर जनता से 30 दिनों के भीतर मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने अचल संपत्ति और अन्य लेन-देन के लिए आधुनिक, ऑनलाइन, कागज रहित और नागरिक-केंद्रित पंजीकरण प्रणाली के साथ इंटीग्रेट करने के लिए 'पंजीकरण विधेयक 2025' का ड्राफ्ट तैयार किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, एक बार अधिनियमित होने के बाद विधेयक संविधान-पूर्व पंजीकरण अधिनियम, 1908 की जगह ले लेगा। पूर्व-विधायी परामर्श प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, 'पंजीकरण विधेयक, 2025' के ड्राफ्ट को भूमि संसाधन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। ताकि 30 दिनों के भीतर (25 जून को या उससे पहले) एक निर्धारित प्रारूप में जनता से सुझाव आमंत्रित किए जा सकें। मंत्रालय के अनुसार, पंजीकरण अधिनियम, 1908 ने एक सदी से भी अधिक समय से भारत में दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली की आधारशिला के रूप में काम किया है। यह अचल संपत्ति और अन्य लेन-देन को प्रभावित करने वाले दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए एक कानूनी आधार प्रदान करता है। समय के साथ, सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के लेन-देन में पंजीकृत दस्तावेजों की भूमिका बढ़ी है, जो अक्सर वित्तीय, प्रशासनिक और कानूनी निर्णय लेने का आधार बनते हैं। इसलिए यह जरूरी माना गया है कि पंजीकरण की प्रक्रिया मजबूत, विश्वसनीय हो। इसके अलावा, हाल के वर्षों में, टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल, सामाजिक-आर्थिक प्रथाओं के विकास और उचित परिश्रम, सेवा वितरण और कानूनी निर्णय के लिए पंजीकृत दस्तावेजों पर बढ़ती निर्भरता ने एक दूरदर्शी पंजीकरण ढांचा बनाने की आवश्यकता को दर्शाया है।

# भारत ऊर्जा में लगातार आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है: हरदीप पुरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत का ऊर्जा भविष्य तेजी से आकार ले रहा है और लगातार आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कब भारत की तेल की मांग अपने उच्चतम स्तर पर होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हम मौजूदा समय में हर साल 150 अरब डॉलर से ज्यादा के कच्चे तेल का आयात कर रहे हैं। अगर ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन प्राइस में गिरावट आती है तो इससे सस्टेनेबल एनर्जी में क्रांति आ सकती है।" केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह क्रांति आएगी। देश ने ग्रीन हाइड्रोजन डेवलपमेंट में काफी प्रगति की है और 19 कंपनियों को प्रतिवर्ष 8,62,000 टन (टीपीए) की उत्पादन क्षमता आवंटित की है। 15 फर्मों को 3,000 मेगावाट वार्षिक इलेक्ट्रोलाइजर मैन्युफैक्चरिंग क्षमता प्रदान की है। देश ने स्टील, मोबिलिटी और शिपिंग क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट्स भी शुरू किए हैं। भारत ने पहले ही 223 गीगावाट से अधिक की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित कर ली है, जिसमें 108 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता और 51 गीगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता शामिल है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रिन्यूएबल एनर्जी बाजारों में से एक बन गया है। रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बदलाव की गति को बढ़ाने के लिए सरकार ने 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लॉन्च किया था। इसके लिए शुरुआत में 2.4 अरब डॉलर की राशि आवंटित की गई थी। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हाल ही में देश में ग्रीन हाइड्रोजन सर्टिफिकेशन स्कीम शुरू की।

## आयकर विभाग ने आईटीआर जमा करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर की

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 (असेसमेंट ईयर 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आधिकारिक बयान में कहा, "अधिसूचित आईटीआर में किए गए बड़े बदलावों और असेसमेंट ईयर (एवाई) 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) यूटिलिटीज के रोलआउट और सिस्टम की तैयारी के लिए आवश्यक समय को देखते हुए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाने का फैसला किया है।"बयान में कहा गया है कि इस एक्सटेंशन से पक्षकारों द्वारा उठाई गई चिंताओं में कमी आने और अनुपालन के लिए पर्याप्त समय मिलने की उम्मीद है, जिससे रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया की इंटीग्रिटी और सटीकता सुनिश्चित होगी। एवाई 2025-26 के लिए अधिसूचित आईटीआर में संरचनात्मक और सामग्री संशोधन किए गए हैं, जिनका उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सटीक रिपोर्टिंग को सक्षम बनाना है। इन परिवर्तनों के कारण सिस्टम डेवलपमेंट, एकीकरण और संबंधित यूटीलिटीज के परीक्षण के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

## वित्त वर्ष 2026 में भारत का निर्यात 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान : एफआईईओ

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफआईईओ) ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2026 के अंत तक देश का निर्यात 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें व्यापारिक निर्यात 525-535 बिलियन डॉलर होगा, जो पिछले वित्त वर्ष से लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह सेवा निर्यात 465-475 बिलियन डॉलर होगा, जो लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। भारत के निर्यात क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कुल निर्यात रिकॉर्ड 824.9 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 778.1 बिलियन डॉलर से 6.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आईटी, व्यापार, वित्तीय और यात्रा से जुड़ी सेवाओं में मजबूत प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2025 में सेवा निर्यात 13.6 प्रतिशत बढ़कर 387.5 बिलियन डॉलर हो गया। व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात 437.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि गैर-पेट्रोलियम वस्तुओं का निर्यात रिकॉर्ड 374.1 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है।

## बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2025 में पहली बार लगातार दो तिमाही में कमाया मुनाफा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने मंगलवार को जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। दूरसंचार कंपनी 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पहली बार घाटे से बाहर निकली है। यह कंपनी के मुनाफे की लगातार दूसरी तिमाही रही। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बात करते हुए भारत की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के लिए इसे एक बहुत बड़ा दिन बताया। उन्होंने कहा, "बीएसएनएल ने पहली बार 18 वर्षों में दो तिमाहियों में नेट प्रॉफिट दर्ज किया है । कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर 2024 में 262 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट बनाया और जनवरी-मार्च में 280 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट बनाया।" बीएसएनएल को पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 849 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

## न्यूज बॉक्स

### दिनेश कुमार यादव ने गढ़वा के 33वें उपायुक्त के रूप में संभाला पदभार



**गढ़वा।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने गढ़वा जिले के 33वें उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। आज मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त शेखर जमुआर ने उपायुक्त वेश्म में उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा अपना प्रभार सौंपा। उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय कक्ष में प्रभार सौंपने सम्बंधित सम्पूर्ण कागजी प्रक्रिया पूर्ण हुई, जिसके पश्चात नव नियुक्त उपायुक्त श्री यादव ने पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत गढ़वा जिले के नए उपायुक्त मीडिया से भी मुखातिब हुए एवं कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना एवं आमजनों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकताओं में होगा। उक्त मौके पर मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक डीआरडीए रविश राज सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थें।

### तेज आंधी पानी से जन जीवन अस्त-व्यस्त, किसानों के सब्जियों को क्षति

**हुसैनाबाद।** बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अचानक मौसम बदलाव से हुसैनाबादवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, खासकर किसानों को, सोमवार को हुई बेमौसम बारिश व आंधी- तूफान से कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना हैं। इससे चार घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी थी। क्षेत्रों में मंगलवार से नियमित बिजली आपूर्ति बहाल हुई हैं। वहीं कई घरों के छप्पर भी उड़ गये, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार चार बजे के बाद आंधी, पानी और तूफान के साथ बेमौसम बारिश शुरू हुई, इस बारिश से खेतों में लगी फसलों को, विशेषकर सब्जियों की खेती को, सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि तेज आंधी के आने से टमाटर, मिर्च, कद्दू, बीन्स, बैगन सहित अन्य सब्जियों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। गरीबों के आशियाने भी उजड़े -आंधी- तूफान ने दर्जनों गरीब परिवारों को बेघर कर दिया है, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। हालांकि, इस बारिश से लोगों को गर्मी से तो राहत भी मिली है। किसानों और गरीबों के उजड़े आशियाने और बर्बाद हुई फसलों से लोग काफी परेशान हैं। वे सरकार से उचित मुआवजे और मदद की उम्मीद कर रहे हैं , ताकि वे इस प्राकृतिक आपदा से उबर सकें।

### अमरोरा गांव में दिव्यांग सुदामा चेरो के परिजनों से मिले बीडीओ



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के अमरोरा गांव में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रवींद्र कुमार दिवंगत दिव्यांग सुदामा चेरो के घर पहुंचे और उनके परिवार को सांत्वना दी। बीडीओ ने सुदामा चेरो की मृत्यु के कारणों की जानकारी ली और उनके परिवार की वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया।बीडीओ ने मृतक के श्राद्ध कर्म के लिए परिवार को 50 किलो चावल, दाल, नमक और भोज के लिए गेहूं उपलब्ध कराया। साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी को पारिवारिक लाभ और पेंशन योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले गांववासियों से उन्हें जानकारी मिली थी कि सुदामा चेरो पिछले एक माह से बीमार हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा था। इस जानकारी के बाद उन्होंने भवनाथपुर के चिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क किया, जहां से यह पुष्टि हुई कि सुदामा चेरो की मृत्यु हो चुकी है और उनका शव घर भेजा जा चुका है। बीडीओ ने पंचायत के मुखिया पति सतीश राम को मृतक के भोज की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया ताकि श्राद्ध हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हो सके। परिजनों से बात करते हुए बीडीओ ने कहा कि किसी भी जरूरत के लिए वे बिना संकोच प्रखंड कार्यालय से संपर्क करें, उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर नाजिर संजय सक्सेना, मुखिया पति सतीश राम, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी बिनोद पासवान, राजकुमार राम, मृतक की पत्नी शिला देवी, मां ब्यारी देवी, तेज साह, सुजीत द्विवेदी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चंदवा में सर्पदंश से महिला की मौत

- जैक बोर्ड परीक्षा में बेटे ने किया विद्यालय टॉप, खुशी में शामिल होने से पहले ही चल बसी माँ

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के रोल गांव में शौच के लिए बाहर गई मानती देवी पति कुलसा लोहरा को जहरीले सांप ने डंस लिया। सर्पदंश के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे, जहाँ चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मृतका के शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल ले जाया गया लेकिन किसी कारणवश सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। जिसके बाद शव को रिम्स रांची ले जाया गया यहां मृतका के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही थी। इधर मान्ती देवी के असामयिक मौत के बाद परिवार में दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है। बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। विदित हो कि मृतका का पुत्र सचिन लोहरा मंगलवार को जारी हुए जैक बोर्ड की परीक्षा में जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस 2 उच्च विद्यालय रोल में विद्यालय टॉप किया है। बेटे की ख़ुशी में शामिल होने पूर्व ही माँ दुनिया से चल बसी।

# पूरे प्रदेश में लातेहार का चौथा स्थान, नेहा रानी बनीं जिला टॉपर

## टॉप टेन में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के 10 छात्र

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड अधिवद्य परिषद ने 27 मई को 10 वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। लातेहार जिले का रिजल्ट पिछले साल की तुलना में थोड़ा बेहतर है। पिछले साल लातेहार जिले का रिजल्ट 93.26 प्रतिशत रहा था। जबकि इस वर्ष लातेहार जिले का रिजल्ट 96.27प्रतिशत दर्ज किया है। बता दें कि इस वर्ष लातेहार जिले में कुल 11187 परीक्षार्थियों ने अपना निबंधन कराया था। जिसमें से कुल 11122 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इनमें से 10707 परीक्षार्थी उर्तीण हुए हैं। इनमें प्रथम श्रेणी में 5688, द्वितीय श्रेणी में 4683 और तृतीय श्रेणी में कुल 336 परीक्षार्थी उर्तीण हुए हैं। पूरे प्रदेश में जैक 10 वीं बोर्ड के रिजल्ट के मामलें में लातेहार जिले का चौथा स्थान रहा है। लातेहार जिले के 96.27 परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। जबकि प्रदेश में पहले स्थान में कोडरमा ( 97.83), पाकुड (96.83) और जामताड़ा (96.33) क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बारियातू की नेहा रानी बनी जिला टॉपर जैक 10 वीं की बोर्ड 2025 की परीक्षा में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारियातू की नेहा रानी सर्वाधिकि 96.6 प्रतिशत अंक ला कर जिला टॉपर बनी है। जबकि प्रो उच्च विद्यालय सासंग की आलिया तब्बसूम ने 96.4 प्रतिशत अंक ला कर दूसरा और उउत्क्रमित उच्च विद्यालय बालुमाथ के बुलबुल ने 96.2 अंक ला कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की कुमारी कोमल सिंह ने 96 प्रतिशत, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरइडीह बरवाडीह की चंदा कुमारी ने 95.2,प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बालुमाथ की श्रुति ने 95, सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की प्राची गुप्ता ने 95, शौर्य राज ने 94.8, हामिया खातून ने 94.8 व शीतल कुमारी ने 94.8, प्रोजक्ट हाई स्कूल सांसग की सिंपी कुमारी ने 96.6, लातेहार सरस्वती विद्या मंदिर के दीपा रानी ने 94.6, श्रेया कुमारी ने 94.6, कृष राज ने 94.2 व माही कुमारी ने 94.2, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेरहंज के नमन कुमार व सरस्वती विद्या मंदिर के दिव्य सिंह ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है।

## सरना कोड लागू कराने की मांग को ले कर झामुमो का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

# सरना धर्म कोड लागू करे केंद्र सरकार : बैद्यनाथ राम



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पूरे देश में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। झारखंड सरकार के द्वारा सरना धर्म कोड व आदिवासी धर्म कोड विधेयक को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र द्वारा पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा था। लेकिन आज पांच साल बीत जाने के उपरांत भी केंद्र सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड या आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं करती है तब तक जनगणना नहीं कराने दिया जाएगा। श्री राम सरना कोड लागू करने की मांग को ले कर समाहरणालय के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोंधित कर रहे थे। उन्होने आगे कहा कि भाजपा हमेशा से ही आदिवासी समुदाय के प्रति दोहरी मानसिकता रखती है। भाजपा कहती कुछ और करती कुछ और है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार जनगणना के फार्म में हिंदु, मुस्लिम व इसाई आदि धर्म का कॉलम है, उसी प्रकार सरना या आदिवासी का भी कॉलम होना चाहिए। श्री राम ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू कराने की मांग को ले कर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालय में में एक साथ 27 मई को धरना प्रदर्शन किया रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि सरना धर्म कोड एक विशेष धार्मिक कोड है, जो आदिवासी समुदायों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मान्यता देने के लिए प्रस्तावित है। यह कोड आदिवासियों को उनकी विशिष्ट धार्मिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करेगा। लेकिन केद्र की सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। झारखंड की सरकार ने 11 नवंबर 2020 को ही विशेष सत्र में आदिवासियों के सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था।

### सरना को अलग धर्म कोड के रुप में नहीं दर्ज कराने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार: रघुवर



**पलामू।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने जातीय जनगणना में 'सरना' को अलग धर्म कोड के रूप में नहीं दर्ज कराने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। रघुवर दास मंगलवार को मेदिनीनगर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। प्रेस कांफ्रेंस में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि पीवी नरसिंह राव की केन्द्रीय सरकार में उनकी पार्टी ने 'सरना' धर्म के अलग से कॉलम होने की बात की थी, जिसे नजरदांज कर दिया गया। दास से पूछा गया था कि क्या आप सरना परम्परा को अलग से दर्ज किए जाने के लिए सहमत हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को आज वोटों की चिंता हो रही है, जिससे वह इस मुद्दे को राजनीतिकरण करने के लिए ओछी बात कर रही है, इसमें उसे वोट बैंक दिख रहा है।

### हरिहरगंज थाना क्षेत्र के साइड लेने में पलटी बस, पांच यात्री जख्मी



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढकचा हाईस्कूल के समीप आरइओ सड़क पर साइड लेने में मंगलवार को सिटी राइड (जेएच0बी7785) यात्री बस 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी, जिससे उस पर सवार पांच यात्री जख्मी हो गए। सभी का इलाज किया जा रहा है। यात्री बस ढकचा से मेदिनीनगर जा रही थी। बस में 15 यात्री सवार थे। अन्य यात्रियों को मामूली चोट आयी है। जानकारी के अनुसार सुबह 8.30 बजे ढकचा से सिटी राइड यात्री बस 15 यात्रियों को लेकर मेदिनीनगर के लिए निकली थी। हाईस्कूल के समीप आरइओ सड़क से होकर गुजर रही थी कि रास्ते में मकान ढलाई के बाद रोड पर लगाकर रखी गयी मिक्चर मशीन से साइड लेने में अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी।

घटना के बाद चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से जख्मी ढकचा के अखिलेश सिंह (64), गंगा सिंह (65), तिलकाटांड के फुलमति देवी (45), सुखाड़ी भुइयां (40) एवं बस मालिक नौडीहा के महेन्द्र राम को इलाज के लिए भेजा। जख्मी को इलाज के लिए भेजने में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने भी मदद की। सभी का इलाज नौडीहा और छतरपुर में चल रहा है।

### न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित लंबित वादों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा की गयी और इनके शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई से लंबित वादों का शीघ्र निपटारा किया जाए। बैठक में अंचल अधिकारी बरवाडीह को समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी जुड़े थे।

## पेज एक के शेष

### गीतांजलि बनी स्टेट...

इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी 488 अंक (97.60 प्रतिशत) प्राप्त कर फोर्थ टॉपर बनी हैं। 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ शुभम कुमार पात्रा तथा तहरीन फातमा, भूमिका मिश्रा, वर्षा कुमारी, तनिष्क कुमारी और कोमल कुमारी फिफ्थ टॉपर घोषित किए गए हैं। मौके पर शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 4,33,944 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन दिया था, जिसमें 4,31,488 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 3,95,755 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी से 2,02,140, द्वितीय श्रेणी से 1,57,294 और तृतीय श्रेणी से 17,521 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, कुल 91.71 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। ज्ञात हो कि जैक बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं इस वर्ष 11 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित की गई थीं। परीक्षा के लिए राज्य भर में 1297 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### संथाल का रहा...

पलामू प्रमंडल का रिजल्ट का प्रतिशत 93.26 रहा। 10 वीं बोर्ड के रिजल्ट में इस बार एसटी कैटेगरी के 54,386 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि एससी कैटेगरी के 16,200 तथा ओबीसी कैटेगरी से 24,131 छात्र पास हुए हैं। वहीं, जेनरल कैटेगरी में इस बार दो लाख 43 हजार 880 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। यदि लड़के और लड़कियों की बात की जाए, तो जेनरल कैटेगरी में एक लाख 10 हजार 898 लड़के, जबकि एक लाख 32 हजार 982 लड़कियां उत्तीर्ण हुई हैं। एससी कैटेगरी में आठ हजार दो सौ 94 लड़के और सात हजार नौ सौ छह लड़कियां, एसटी कैटेगरी में 24 हजार 542 लड़के, जबकि 29 हजार 944 लड़कियां उत्तीर्ण हुई हैं। ओबीसी कैटेगरी में 12 हजार 487 लड़के तथा 11 हजार 644 लड़कियां उत्तीर्ण हुईं हैं।

### गढ़वा की बेटी...

गीतांजलि बताती हैं, मेरे माता-पिता ने हमेशा मुझ पर विश्वास किया और यही मेरी सबसे बड़ी ताकत रही। गीतांजलि ने कहा कि उनके पिता एक पारा शिक्षक हैं और मां गृहिणी हैं। घर की हालत उतनी अच्छी नहीं है। गीतांजलि गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखंड के मरकी गांव की रहने वाली हैं। वह मैट्रिक की परीक्षा के बाद कोटा में रहकर प्राइवेट कोचिंग से नीट की तैयारी कर रही हैं। गीतांजलि ने यह भी कहा कि वह डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती हैं।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री...

होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है, परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वे निराश न हों, कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर मैं सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही जोहार करता हूं।

### सरना धर्म कोड...

किसी भी कीमत पर सरना धर्म कोड लागू हो। उन्होंने कहा, जिस तरह जाति जनगणना के लिए हमने केंद्र को मजबूर किया, उसी तरह सरना धर्म कोड के लिए भी हम केंद्र को मजबूर करेंगे। चाहे दिल्ली जाकर आंदोलन करना पड़े, हम दिल्ली भी जाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। सरना धर्म कोड लागू नहीं होगा, तो जनगणना भी यहां नहीं होगी। झामुमो रांची जिला संयोजक मुस्ताक आलम ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासियों की चिर परिचित मांग है। यदि जनगणना के कॉलम में हिंदू का है, मुस्लिम का है, सिख का है, बौद्ध का है, पारसी का है, जैन का है , क्रिश्चयन का है, तो आदिवासी जो आदिकाल से रहने वाले हैं, उनका कॉलम क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि यह काफी लंबी मांग है। जिस तरह झारखंड अलग राज्य हम लोगों ने लड़कर लिया है, उसी तरह से सरना धर्म कोड के लिए भी हम आगे आंदोलन करेंगे। धरना-प्रदर्शन में तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, जयवंत तिग्गा, धर्मेंद्र सिंह सहित बहुत लोग शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य एवं जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया ने किया।

### टॉप माओवादी तुलसी...

की वस्तुओं में तीन सर्फ एक्सेल साबुन, एक नहाने का साबुन, एक मोबाइल चार्जर, जलान सत्तू के तीन खाली पैकेट, ईनो और इलेक्ट्रोल के पाउच, एक स्मार्टफोन और एक कीपैड मोबाइल (बिना सिम) शामिल थे। इसके अलावा एक डायरी, एक विन्डोलिया तथा ठेगन मियां के नाम से आधार और आयुष्मान कार्ड भी बरामद हुए। इस अभियान का नेतृत्व एएसपी (अभियान) राकेश सिंह और एसडीपीओ हुसैनाबाद मो. याकुब ने किया। उनके साथ नावाबाजार, मोहम्मदगंज, पांडू और हैदरनगर थानों के पुलिस पदाधिकारी, झारखंड जगुआर की एसाल्ट-39 यूनिट, सीआरपीएफ 172 बटालियन, जैप-8, जिला सैट एवं जिला बल के जवान शामिल थे। पलामू पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नक्सलवाद के खिलाफ यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी और किसी भी असामाजिक या विध्वंसकारी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। मोहम्मदगंज व हैदरनगर के समीवर्ती सीताचुंआ इलाके में नक्सली कमांडर तुलसी भुइयां के मारे जाने के अलावा 15 लाख रुपये के इनामी भाकपा माओवादी दस्ता के टॉप नक्सली नितेश यादव को भी गोली लगने व अन्य नक्सलियों के घायल होने का भी दावा किया जा रहा है। दूसरे दिन सर्च अभियान में मेदिनीनगर जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पर्याप्त बल इस अभियान में मंगाया गया हैं। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने आसपास के संपूर्ण इलाके की घेराबंदी कर ली है। इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली संजय गोदराम की भी उपस्थिति बतायी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मिली खुफिया सूत्रों से सूचना के बाद नक्सलियों के विरुद्ध सोमवार की शाम हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज पुलिस की संयुक्त टीम जंगलों में सर्च अभियान शुरू की थी। इस दौरान दोनों के बीच सीताचुंआ में भिड़ंत के बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

### इंजीनियरिंग कालेज की...

वह पहले ही नतीजे भुगत चुकी है। जस्टिस गोडसे ने कहा, उसने माफी मांगी है और अपना इरादा साफ किया है। आपको उसे सुधारने की जरूरत है, न कि उसे अपराधी बनाने की। राज्य क्या चाहता है? वह नहीं चाहता कि छात्र अपनी राय व्यक्त करें? आप छात्रों को अपराधी बनाना चाहते हैं। जस्टिस सुंदरेशन ने कहा, इससे लोग केवल कट्टरपंथी बनेंगे, इसके अलावा कुछ नहीं। राज्य की तरफ से पेश हुए वकील प्रियभूषण काकड़े ने कहा कि छात्रा पुलिस सिक्योरिटी के साथ में पेपर दे सकती है, तो जस्टिस गोडसे ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, यह क्या है मिस्टर काकड़े। वह कोई अपराधी नहीं है। उसे पुलिस के साथ परीक्षा में बैठने के लिए नहीं कहा जा सकता। उसे रिहा किया जाना चाहिए। उसे परीक्षा में बैठने से नहीं रोका जा सकता। उसे पुलिस के साथ परीक्षा में बैठने के लिए नहीं कहा जा सकता। पूरे मामले पर गौर किया जाए तो पुणे के सिंहगढ़ एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग की छात्रा को 9 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक तनाव से संबंधित एक विवादास्पद इंस्टाग्राम रिपोस्ट के लिए गिरफ्तार किया गया था। उसने अपने कथित आपत्तिजनक पोस्ट के लिए इंस्टीट्यूट से अपने निष्कासन को चुनौती दी है और तर्क दिया है कि यह कार्रवाई बिल्कुल मनमानी और गैरकानूनी थी।

### महावीर नायक पद्मश्री...

और लोगों को घंटों बांधे रखते थे। रांची के कांके क्षेत्र के उरूगुटु गांव में 24 नवंबर 1942 को जन्मे महावीर नायक ने नागपुरी भाषा में पांच हजार से अधिक गीतों का संकलन किया है, जबकि 300 से भी ज्यादा गीतों की रचना उन्होंने खुद की है। इसके पहले भारत सरकार के संगीत नाटक अकादमी की ओर से 2023 में उन्हें अमृत अवार्ड से नवाजा जा चुका है। यह पुरस्कार उन्होंने उपराष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया था। इसके अलावा, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं-निकायों की ओर से उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार हासिल हुए हैं। महावीर नायक के गीतों का पहला संकलन 1962 में आया। वह क्षेत्रीय संस्कृति-भाषा की पत्रिकाओं 'डहर' और 'कला संगम' के सहयोगी संपादक भी रहे। वर्ष 1992 में वह नागपुरी क्षेत्रीय कला दल के साथ कला का प्रदर्शन करने ताइवान गए थे। पद्मश्री रामदयाल मुंडा और पद्मश्री मुकुंद नायक 20 कलाकारों के दल की अगुवाई कर रहे थे। 1980 के दशक से आकाशवाणी और दूरदर्शन से उनका जुड़ाव रहा। 1993 में गीतों पर उनकी एक और किताब 'नागपुरी गीत दर्पण' प्रकाशित हुई। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के अलावा 20 से भी ज्यादा सांस्कृतिक संस्थाओं के संचालन में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। वर्ष 2002 में संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की ओर से आयोजित कार्यशाला में उन्होंने प्रशिक्षक के रूप में योगदान दिया। उन्होंने वर्ष 1959 से 1961 तक एक स्कूल में शिक्षक के तौर पर काम किया। बाद में जब रांची में सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) स्थापित हुआ, तो उन्हें यहां नौकरी मिल गई। वह वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त हुए। नौकरी में रहते हुए और नौकरी के बाद भी नागपुरी गीत-संगीत उनकी धड़कनों में बसा रहा।ज्ञात हो कि भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। इस साल सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 पद्म पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की थी। ऐसे में पद्म पुरस्कार के इस दूसरे चरण में सम्मानित होने वालों में 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार विजेता शामिल थे।

## अभी भी पक्की सड़क के इंतजार में है गोली गांव के ग्रामीण

# ग्रामीणों ने की उपायुक्त, विधायक से सड़क बनवाने कराने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को की हालत दयनीय बनी हुई है। प्रखंड मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कच्ची सड़क देखकर सरकार द्वारा किए जा रहे विकास के दावे खोखले दिखाई पड़ते हैं। ऐसा ही कुछ चंदवा प्रखंड अंतर्गत लाधुप पंचायत के गोली गांव में देखने को मिला है जंहा सड़क की हालत काफी दयनीय स्थिति में है। हल्की बारिश में ही सड़क कीचड़नुमा बन जाता है। उक्त सड़क पर पैदल चलना भी दूभर है। प्रखंड मुख्यालय से गोली गांव की दूरी लगभग 21 किमी है जो चंदवा-कुडू सीमाने पर स्थित है। यहां करीब 600 सौ की आबादी निवास करती है। यह गांव एनएच 39 से लगभग 500 मीटर की दूरी पर है। उन्होंने लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता, विधायक प्रकाश राम से गांव में पक्की सड़क का निर्माण कराने का आग्रह किया है। मौके पर उप मुखिया रामप्रवेश पाहन, उदय यादव, भोला यादव, बीरेंद्र यादव, श्याम कुमार,सुरज यादव, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### पंसस के समक्ष ग्रामीणों ने सुनाई अपनी पीड़ा

स्थानीय लोगों के आग्रह पर लाधुप पंसस बुधन गंझू गोली गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क की दयनीय स्थिति से उन्हें अवगत कराया और अपनी पीड़ा सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पक्की सड़क तक नहीं है जिसके कारण हम लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जबकि गोली गांव एनएच 39 से सटा हुआ है इसके बावजूद यह गांव विकास से कोसों दूर है। प्रत्येक दिन उक्त सड़क का इस्तेमाल आधा दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ो ग्रामीण करते हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क को बनवाने को लेकर आग्रह किया गया लेकिन अब तक सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। पंसस बुधन गंझु ने कहा कि गोली,आरा कुदरा,सिलदरी,करुंजुआ, हेसालोंग आदि गांव के ग्रामीणों को सड़क के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़क की हालत बहुत खराब है।

1. **संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कश्मीर सहित मुद्दों पर वार्ता की पेशकश :** ईरान में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहबाज शरीफ ने भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर, आतंकवाद, पानी और व्यापार जैसे विवादित मुद्दों को वार्ता के ज़रिए सुलझाने की इच्छा जताई।

2. **ईरानी राष्ट्रपति का 'स्थायी युद्धविराम' पर ज़ोर :** राष्ट्रपति पेजेशकियन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच स्थायी युद्धविराम का समर्थन किया और दोनों पक्षों से शांति के लिए बातचीत करने की अपील की।

3. **ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की एक्स पोस्ट :** अयातुल्ला अली खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत-पाक संघर्ष के अंत से हम खुश हैं और उम्मीद जताई।

4. **भारत का स्पष्ट रुख:** भारत ने पहले ही स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ केवल पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और आतंकवाद पर ही बातचीत संभव है।

# शांति की अपील के साथ पाक पीएम ने भारत को दिया प्रस्ताव

## पानी को तरसे शहबाज शरीफ ईरान से गिड़गिड़ाए

**एजेंसी । नई दिल्ली**



ईरान की यात्रा पर गए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत-पाकिस्तान संघर्ष का मुद्दा उठाया और कश्मीर, आतंकवाद, पानी और व्यापार सहित सभी मुद्दों को हल करने के लिए भारत के साथ शांति वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की। उल्लेखनीय रूप से, ईरान की प्रतिक्रिया संतुलित और संतुलित रही क्योंकि उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट किया कि हम पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष के अंत से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों देशों के बीच मतभेद सुलझ जाएंगे। ईरानी सरकारी मीडिया इरना के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेशकियन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच "स्थायी युद्धविराम" के लिए समर्थन व्यक्त किया और दोनों देशों से विवादों को सुलझाने और शांति को बढ़ावा देने के लिए बातचीत करने का आग्रह किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री तुर्किये से ईरान की राजधानी पहुंचे, जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सादाबाद पैलेस में उनका स्वागत किया। पेजेशकियन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि वह शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि हम कश्मीर मुद्दे और जल मुद्दे सहित सभी विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं और व्यापार और आतंकवाद विरोधी मुद्दों पर भी अपने पड़ोसी से बात करने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय रूप से, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। ईरान-पाकिस्तान संबंधों में पिछले साल तब गिरावट देखी गई जब ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हवाई हमले किए, जिसमें जैश अल-अदल समूह को निशाना बनाया गया, जिसने कथित तौर पर अतीत में ईरानी सीमा रक्षकों पर हमला किया था।

यह समूह ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की मुक्ति चाहता है। ईरान के हमलों के जवाब में, पाकिस्तान ने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें बलूच लिबरेशन फ्रंट को निशाना बनाया गया, जिसे इस्लामाबाद एक 'उग्रवादी समूह' होने का दावा करता है।

### अरबपति ब्रिटेन पर 'द गार्जियन' का दृष्टिकोण

# संपत्ति पर उचित कर लगाएं या लोकतांत्रिक उथल-पुथल का सामना करें

**बढ़ती असमानता से जनता का विश्वास कम होने और सामाजिक स्थिरता को नुकसान पहुंचने का जोखिम है**

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली ।** बीते एक दशक से ब्रिटेन ने एक निराशाजनक विरोधाभास का अनुभव किया है।अरबपतियों की संपत्ति में नाटकीय वृद्धि के साथ-साथ बच्चों की गरीबी बढ़ रही है। इस असमानता को आंशिक रूप से सहन किया गया है क्योंकि लालच को सद्गुण के रूप में पुनर्वासित किया गया है। इक्वैलिटी ट्रस्ट द्वारा इस सप्ताह प्रकाशित बिलियनेयर ब्रिटेन की रिपोर्ट से पता चलता है कि कई लोग सहज रूप से महसूस करते हैं लेकिन संसद में बहुत कम लोग इसे स्वीकार करेंगेः ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था धन के ऊपर की ओर पुनर्वितरण के लिए एक मशीन बन गई है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट डेटा का उपयोग करते हुए, रिपोर्ट में पाया गया कि 50 सबसे अमीर यूके परिवार अब आबादी के सबसे गरीब आधे हिस्से से अधिक के मालिक हैं। उनकी समृद्धि कोई संयोग नहीं है। यह काफी हद तक उन 34 मिलियन अन्य ब्रिटेन वासियों के श्रम और उपभोग पर आधारित है। समाज के लाभ को सबसे कम जरूरतमंद लोग जमा कर रहे हैं। एक शब्द कोष है जो इसे "उद्यमी भावना" और व्यावसायिक गतिशीलता के रूप में बेचता है। लेकिन वही बाजार जो सबसे अमीर लोगों को इतना अच्छा इनाम देते हैं, उनका निर्माण और नियंत्रण राज्य द्वारा किया जाता है। सरकारें बौद्धिक संपदा अधिकारों को मजबूत करती हैं, कानूनी एकाधिकार को मजबूत करती हैं और ऐसी नीतियां लिखती हैं जो बैंकों और परिसंपत्ति बाजारों को लाभ पहुंचाती हैं। कई लोगों पर मितव्ययिता थोपी गई, यहां तक कि एक दशक के मात्रात्मक सहजता ने राजकोषीय स्थान बनाया जिसका उपयोग सार्वजनिक भलाई के लिए किया जा सकता था। इसके बजाय इसने संपत्ति और शेयर की कीमतों में वृद्धि करके पहले से ही अमीर लोगों को समृद्ध किया, जबकि कर कटौती ने अमीरों को लाभ पहुंचाया। अरबपति वर्ग के लिए महामारी से प्रेरित लाभ में एक छोटा सा सुधार कोई बड़ा बदलाव नहीं दर्शाता है। उनकी संपत्ति आज 1990 की तुलना में 10 गुना अधिक है। बताया गया है कि 2024 में 10,000 से अधिक करोड़पति ब्रिटेन से भाग गए थे। स्रोत? वास्तविक प्रवासन डेटा नहीं, बल्कि घबराए हुए अमीरों को दूसरा पासपोर्ट बेचने वाली एक फर्म। यह न सोचना कठिन है कि ऐसी कंपनी कर घबराहट से पलती है। इसके आंकड़े ठोस सबूतों की तुलना में अधिक चतुर विपणन प्रतीत होते हैं। लेबर को ऐसे जनसंपर्क स्टंट से प्रतिरक्षित होना चाहिए। अरबपति शून्य में नहीं उभरते हैं। वे जानबूझकर किए गए विकल्पों का उत्पाद हैं। संपत्ति की अटकलें, उत्तराधिकार कानून और कर से बचने की योजनाएं सहज बाजार परिणाम नहीं हैं। वे अक्सर सरकार तक पहुंच वाले लोगों द्वारा, लाभ कमाने वालों की ओर से लॉबिंग की जाती हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि ब्रिटेन के एक चौथाई से अधिक अरबपतियों ने संपत्ति और विरासत के माध्यम से अपनी संपत्ति बनाई, और एक अन्य चौथाई ने वित्त के माध्यम से - ऐसे क्षेत्र राजनेता, शुरुआत के तौर पर, टैक्स जस्टिस यूके के 10 मिलियन पाउंड से अधिक की संपत्ति पर 2% संपत्ति कर लगाने के विचार को अपना सकते हैं। प्रचारकों का कहना है कि इससे सालाना 24 बिलियन पाउंड की राशि जुटेगी - जो टूटे हुए ब्रिटेन की मरम्मत के लिए पर्याप्त है। ऑक्सफैम का कहना है कि 78% जनता इस तरह के प्रगतिशील कर का समर्थन करेगी। फिर भी ऐसे प्रस्तावों को अभी भी कट्टरपंथी के रूप में तैयार किया जाता है। कट्टरपंथी यह है कि एकाधिकार लाभ निजी हाथों में समाप्त हो जाता है जबकि राज्य सार्वजनिक सेवाओं को निधि नहीं दे सकता है। यह अपरिहार्य रूप से सच है कि नियम एक छोटे से अति धनी अभिजात वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए लिखे गए हैं। उन्हें फिर से लिखा जा सकता है। यदि नहीं, तो समाज को इसकी कीमत लोकलुभावन गुस्से, लोकतांत्रिक पतन और विश्वास की दीर्घकालिक हानि के रूप में चुकानी पड़ सकती है।

## ट्रंप साथ दें या नहीं, पुतिन से डरने वाले नहीं हैं जेलेंस्की

**चलती ट्रेन पर यूक्रेन ने कर दिया ड्रोन अटैक**



**नई दिल्ली ।** यूक्रेनी सेना ने कहा कि ड्रोन ने रूसी सैन्य ट्रेन पर हमला किया, जिससे भयंकर आग लग गई। देश की सैन्य खुफिया सेवा ने कहा कि स्ट्राइक ड्रोन ऑपरेटरों ने ईंधन ले जा रही ट्रेन को "सफलतापूर्वक ट्रैक किया और उसे निशाना बनाया। सामने आई तस्वीरें ज़ापोरिज्जिया क्षेत्र के नोवोबोहदानिवका में जियोलोकेशन किया गया है, जो 2022 से रूसी नियंत्रण में है। यूक्रेनी सैन्य खुफिया जानकारी के अनुसार, यह हमला 24 मई को हुआ, जब ड्रोन ऑपरेटरों ने ट्रेन को वेक्रनी टोकमक-मोलोचान्स्क-फेडोरिवका सेक्शन पर चलते हुए देखा। यूक्रेन ने कहा कि कब्जाधारियों की रसद सुविधा पर रॉकेट से लक्षित हमला किया गया। रूस ने तीन साल से जारी युद्ध के दौरान रिकॉर्ड संख्या में ड्रोन भेजकर यूक्रेन पर हमला किया।

## नेपाली शेरपा ने रिकॉर्ड 31वीं बार एवरेस्ट फतह किया, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली । एजेंसी**

नेपाल के अनुभवी पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने मंगलवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर रिकॉर्ड 31वीं बार सफलतापूर्वक चढ़ाई की। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। 54 साल के कामी को एवरेस्ट मैन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। इसके बाद से वे लगभग हर साल यहां जाते हैं। वे 31 साल में 31 बार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ चोटी पर चढ़ाई कर चुके हैं।

**पर्यटन के जरिए करोड़ों की कमाई :** इस सीज़न नेपाल सरकार ने पर्वतारोहियों को कुल 1,100 से अधिक परमिट जारी किए, जिनमें 458 परमिट सिर्फ एवरेस्ट के लिए थे। इन परमिट्स से सरकार को 5 मिलियन डॉलर (लगभग 41 करोड़) से अधिक की कमाई हुई है। नेपाल में दुनिया की 10 सबसे ऊंची चोटियों में से आठ हैं।




**ब्रिटिश पर्वतारोही केन्टन कूल ने भी रचा इतिहास :** इस महीने की शुरुआत में ब्रिटेन के केन्टन कूल ने भी 19वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। यह किसी गैर-नेपाली व्यक्ति की सबसे ज्यादा चढ़ाइयों का रिकॉर्ड है।

### एआई तय करेगा हमारा भविष्य

# अगले 5 सालों में एआई से खत्म होंगी तमाम नौकरियां : डेमिस हसाबिस

**गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने की भविष्यवाणी**

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने भविष्य में एआई से नौकरियों को होने वाले खतरे की चेतावनी देते हुए युवाओं को तैयार रहने को कहा है।क्योंकि यह बड़े स्तर पर नौकरियां छीन लेगा? गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस का कहा बहुत चिंताजनक है। हसाबिस ने अगले 5 वर्ष में नौकरियों में एक बड़े व्यवधान की भविष्यवाणी की है और युवा पीढ़ी से लगातार बदलती दुनिया को नेविगेट करने के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है। गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने हार्ड वर्क पाडकास्ट से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात करते हुए इसे एक शानदार चीज बताया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों को एआई के चलते जॉब में होने वाले बदलाव के लिए तैयार होना चाहिए। पॉडकास्ट में हसाबिस ने कहा, "अगले 5 से 10 वर्षों में, मुझे लगता है कि हम वह पाएंगे जो आम तौर पर बड़ी नई टेक्नोलॉजी शिफ्ट के साथ होता है, यानी कि कुछ नौकरियां बाधित हो जाती हैं। लेकिन नई, ज्यादा वैल्यूएबल और आमतौर पर अधिक दिलचस्प नौकरियां पैदा होती हैं।" हसाबिस ने आगे कहा कि युवा पीढ़ी को अब एआई टूल्स और कॉन्सेप्ट्स से परिचित होने की ज्यादा जरूरत है। उनका कहना है कि छात्रों को यह समझने की जरूरत है कि ये एआई टूल कैसे काम करते हैं और फंक्शन करते हैं, और इसके अलावा वो सब कुछ जो इन टूल्स के साथ किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए मानसिकता में बदलाव की जरूरत है और हसाबिस का सुझाव है कि उन्हें एआई के साथ निन्जा बनने की आकांक्षा रखनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, "जिस तरह इंटरनेट ने मिलेनियल्स और स्मार्टफोन को जेन जेड को परिभाषित किया है, उसी तरह जेनेरेटिव एआई, जेन अल्फ़ा की पहचान है।

उन्होंने जेन अल्फ़ा से इसे जल्द से जल्द अपनाने का आग्रह किया ताकि वे मॉडर्न दुनिया में आगे बढ़ सकें जो कि किसी की भी उम्मीद से ज्यादा तेजी से जेनरेटिव एआई को अपना रहा है। उन्होंने कहा, वह बुनियादी शिक्षा, विशेषकर STEM (Science, Technology, Engineering व Maths) में एक मजबूत नींव रखने की भी सिफारिश करते हैं। इसके अलावा, छात्रों को मेटा स्किल्स जैसे क्रिएटिविटी, एडेप्टिबिलिटी व रेजिलिएंस पर काम करने की जरूरत है।उन्होंने कहा "ये वे क्षमताएं हैं जो अगली पीढ़ी को आगे बढ़ने में मदद करेंगी। स्टेम की बुनियादी बातों में अच्छा होना अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लगातार हो रहे बदलाव को नेविगेट करने के लिए माइंडसेट को डवलप करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।" जब से गुगल ने I/O 2025 इवेंट में अपने एआई प्रोडक्ट्स व सर्विसेज के लिए कई बड़े अपग्रेड का खुलासा किया है, तब से यह नजरिया महत्वपूर्ण है, जिसका मुख्य आकर्षण गुगल फ्लो पावर्ड Video 3AI वीडियो जनरेटर है। जैसे-जैसे एआई टूल्स फिल्म प्रोडक्शन में इस्तेमाल किए जा रहे हैं, हासबिस द्वारा बताई गईं ये एआई से जुड़ी ये जरूरी बातें, पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं।

## ब्रिटेन के लिवरपूल में भीड़ पर चढ़ी कार, 27 लोग घायल

**लंदन (आईएएनएस)।** ब्रिटेन के लिवरपूल में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां लिवरपूल फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग जीत का जश्न मना रही भीड़ में एक कार घुस गई। इस हादसे में चार बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार को घटना की जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, नॉर्थ वेस्ट एंबुलेंस सर्विस के अनुसार, कुल 27 लोग अस्पताल में भर्ती किए गए हैं, जिनमें से दो को गंभीर चोटें आईं, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस की सहायक मुख्य कांस्टेबल जेनी सिम्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस घटना को आतंकवाद से नहीं जोड़ा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 53 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। माना जा रहा है कि वह कार का चालक था। यह हादसा तब हुआ, जब सोमवार को शहर के केंद्र में हजारों लोग जश्न मना रहे थे।

## 'नकल के लिए अकल चाहिए, ये जोकर भारत से कॉम्पटिशन करेंगे

- पाकिस्तान की खुली बेइज्जती करने वाला ओवैसी का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली । एजेंसी**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान को खरी-खोटी सुना रहे हैं। हमले में 26 लोग मारे गए थे। उन्होंने इस्लामाबाद पर तीखे हमले किए हैं, आतंकवाद को प्रायोजित करने और भारत में सीमा पार से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में देश की भूमिका को लेकर उसे आड़े हाथों लिया है। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले की क्रूरता की भी निंदा की, जिसमें पीड़ितों को मारने से पहले धर्म के आधार पर अलग-अलग किया गया था, उन्होंने अपराधियों की तुलना आईएसआईएस से की। एक बार फिर से एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को पाकिस्तान को ट्रोल किया, जब सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राजनीतिक नेताओं के सामने भारत के खिलाफ ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस की याद दिलाने वाला नोट पेश किया, जबकि वास्तव में यह 2019 के चीनी अभ्यास की तस्वीर थी। नेटिज़न्स ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को "फ़ोटोशॉप" के लिए काफ़ी ट्रोल किया।

### यूपी में गांवों की सरकार चुनने की कवायद शुरू

# 'त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव' अगले साल

- 'ओबीसी आरक्षण' के लिए बनेगा 'डेडिकेटेड आयोग'
- सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 'ट्रिपल टेस्ट' से होगा 'ओबीसी आरक्षण'

**नवेन्दु सिंह**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गांवों की सरकार चुनने के लिए 'त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव' अगले साल की शुरूआत में होंगे। यूपी में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव पहले होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच सेमीफाइनल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कवायद शुरू कर दी है। योगी सरकार ने पिछली गलतियों से सबक लेते हुए है इस बार 'ट्रिपल टेस्ट' की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। चुनावों में भी ओबीसी आरक्षण निर्धारित करने के लिए डेडिकेटेड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाएगा। आयोग ओबीसी वर्ग का आरक्षण निर्धारित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 'ट्रिपल टेस्ट' के मानकों के आधार पर अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगा। पंचायती राज विभाग ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी आरक्षण के लिए आयोग का गठन किया था।प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर पंचायती राज विभाग एवं राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगरीय निकायों के सृजन व विस्तार पर रोक लगाई जा चुकी है और ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सबसे पहले पंचायतों का परिसीमन किया जाएगा। इसके बाद पंचायतों में रोटेशन के आधार पर आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा।पंचायत चुनाव में एससी-एसटी आरक्षण के लिए जनगणना को आधार बनाया जाता है। यानी 2011 के आंकड़ों के आधार पर इसका निर्धारण होगा। लेकिन, ओबीसी आरक्षण के लिए शैक्षिक व सामाजिक पिछड़ापन का निर्धारण करने के लिए संक्षिप्त सर्वे कराए जाने की परंपरा रही है। पंचायतों में 27 फीसदी पद ओबीसी के लिए आरक्षित होते हैं। लेकिन इस आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ मानक तय किये हैं। महाराष्ट्र के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ओबीसी आरक्षण के लिए भी एक तय प्रक्रिया का पालन करना होगा, जिसे 'ट्रिपल टेस्ट' का नाम दिया गया। वर्ष 2023 में यूपी में नगर निकाय चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने 'ट्रिपल टेस्ट' नहीं कराया था और ओबीसी आरक्षण के लिए परंपरागत फॉर्मूले को ही अपनाया था। मामला कोर्ट पहुंचने पर हाई कोर्ट ने चुनाव पर रोक लगा दी थी, जिससे सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। बाद में सरकार ने आयोग का गठन किया और उसकी रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की, फिर चुनाव करवाया गया था। पिछली गलती से सबक लेते हुए इस बार सरकार पंचायत चुनाव के दौरान तकनीकी एवं कानूनी अड़चनों को लेकर पहले से ही सतर्क है और पहले से ही आयोग के गठन की तैयारी शुरु कर दी है। सूत्रों के अनुसार ओबीसी के आरक्षण के अलावा अन्य संवर्गों के रोटेशन के आधार पर आरक्षण के दौरान भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि पंचायतों में उन वर्गों को प्राथमिकता मिले जिनको अभी लाभ नहीं मिला है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में वर्ष 1995 को आधार वर्ष मान आरक्षण लागू करने की कवायद हुई थी, लेकिन हाई कोर्ट ने वर्ष 2015 के रोटेशन के आधार पर चुनाव कराने के निर्देश दिये थे। सूत्रों की मानें तो इस बार इन दिए बिंदुओं पर भी होमवर्क किया जा रहा है, जिससे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जो पचायतें अभी तक आरक्षित नहीं हुई हैं उनको भी आरक्षण के दायरे में लाया जा सके। ओबीसी आरक्षण तय करने से पहले यह ध्यान रखा जाएगा कि एससी-एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुल आरक्षित सीटें 50 फीसदी से ज्यादा न हों। आयोग 'ट्रिपल टेस्ट' के तहत पंचायतों के पिछड़ेपन की प्रकृति का आकलन करेगा और सीटों के लिए आरक्षण प्रस्तावित करेगा। आयोग की सिफारिशों के आलोक में ओबीसी की संख्या का परीक्षण और उसका सत्यापन कराया जाएगा। उ. प्र. के पंचायती राज मंत्री, ओम प्रकाश राजभर ने बताया कि ओबीसी एवं सर्वे की अन्य औपचारिकताओं के लिए डेडिकेटेड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। परिसीमन के बाद आरक्षण निर्धारण का कार्य शुरू होगा।